हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 11.08.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 21 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### बेंगलुरु से प्रधानमंत्री ने 'टेक आत्मनिर्भरता' का किया आह्वान, कहा-

## भारत की जरूरतों को दें अधिक प्राथमिकता

### प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में तीन नई वंदे भारत ट्रेनों और मेट्रो को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत की 'टेक सिटी' बेंगलुरु से भारत को तकनीक के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय टेक कंपनियों ने दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है। अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और अधिक प्राथमिकता दें, ताकि तकनीक का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक का दौरा किया। उन्होंने बेंगलुरु के केएसआर रेलवे स्टेशन पर 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद बैंगलोर मेट्रो की येलो लाइन को हरी झंडी दिखाकर उसका उद्घाटन किया। उन्होंने इसमें आरवी रोड (रागीगुड्डा) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन तक सवारी भी की। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में शहरी संपर्क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक सार्वजनिक समारोह को संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया और कहा कि इस सफलता में भारत की 'मेक इन इंडिया' की ताकत थी। इस 'मेक इन इंडिया' की ताकत के निर्माण में बेंगलुरु और कर्नाटक के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैकड़ों किलोमीटर अंदर जाकर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसका परिणाम था कि पाकिस्तान कुछ ही घंटे में घुटने पर आ गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस गति का स्त्रोत रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म की भावना, ईमानदार नीयत और सतत प्रयास रहा है। अब इन उपलब्धियों के बीच हमारी अगली बड़ी प्राथमिकता 'टेक आत्मनिर्भर' भारत होनी चाहिए।

टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत लो-कॉस्ट, हाई-टेक स्पेस मिशन का वैश्विक उदाहरण बन चुका है। भारत अपने एआई मिशन से वैश्विक एआई नेतृत्व की दिशा में बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर मिशन भी अब गति पकड़ रहा है, और जल्द ही 'मेड इन इंडिया' चिप उपलब्ध होगी।

प्रधानमंत्री ने भारतीय टेक कंपनियों से स्थानीय प्राथमिकताओं पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम भारत की जरूरतों को और अधिक प्राथमिकता दें, ताकि तकनीक का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुंचे। भारतीय टेक कंपनियों ने दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है। हमने पूरे विश्व के लिए सॉफ्टवेयर और प्रोडक्ट बनाए हैं। प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के साथ देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुई प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है। रेलवे विद्युतीकरण में भी ऐतिहासिक प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु शहर को न्यू इंडिया के उत्थान का प्रतीक बताया और कहा कि यह एक ऐसा शहर जिसकी आत्मा में तत्व ज्ञान है और जिसके कार्यों में टेक ज्ञान है। यह शहर ग्लोबल आईटी मैप पर भारत का परचम लहरा चुका है और डिजिटल इंडिया की यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रारंभ की गई कनेक्टिविटी परियोजनाओं से व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री मादी के कार्यक्रम में राज्यपाल थावर चंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, केंद्रीय मंत्री और सांसद शामिल हुए।



### संसद सदस्यों के लिए नए फ्लैट तैयार, प्रधानमंत्री आज करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह (बीकेएस) मार्ग पर संसद सदस्यों के लिए नवनिर्मित 184 फ्लैट्स का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में सिंदूर का पौधा लगाएंगे और श्रमजीवियों से बातचीत भी करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और विद्युत मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, आवास समिति (लोक सभा) के सभापति डॉ. महेश शर्मा, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। लोकसभा सचिवालय के अनुसार टाइप VII के इस परिसर में सांसदों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्रीन टेक्नोलॉजी की मदद से तैयार की गई यह परियोजना गृह 3-स्टार रेटिंग के मानकों और राष्ट्रीय भवन संहिता (एनबीसी) 2016 के अनुरूप है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का रविवार को 50वां जन्मदिन था। उनके जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकानाएं दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "मैं हेमन्त सोरेन की दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं"।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का 50वां जन्मदिन था। इस बार मुख्यमंत्री अपना जन्मदिन नहीं माना रहे। क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन का 4 अगस्त को निधन हो गया था और इन दिनों उनका श्राद्ध कर्म चल रहा है। हेमन्त सोरेन का जन्म 10 अगस्त 1975 को रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हेमन्त इंजीनियर बनने का सपना देखते थे। उन्होंने रांची के प्रतिष्ठित बीआईटी, मेसरा में प्रवेश भी लिया, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों और बदलती राजनीतिक परिस्थितियों ने उनका रास्ता बदल दिया। उन्होंने पढ़ाई छोड़कर संगठन को मजबूत करने का बीड़ा उठाया और बड़े भाई दुर्गा सोरेन के साथ सक्रिय राजनीति में उतर आए।

वर्ष 2005 में उन्होंने दुमका से अपना पहला विधानसभा चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और संगठनात्मक मजबूती के साथ कार्य करते रहे। हेमन्त सोरेन ने वर्ष 2009 में दुमका सीट से जीत हासिल की और 2010 में राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। 13 जुलाई 2013 को उन्होंने पहली बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह सरकार झामुमो, कांग्रेस और राजद ने मिलकर बनाई थी और उनका कार्यकाल 23 दिसंबर 2014 तक चला। वर्ष 2014 में वे दुमका और बरहेट दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़े। दुमका में हार गए, लेकिन बरहेट से विजयी हुए। इसके बाद वे विपक्ष के नेता के रूप में पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में डटे रहे। वर्ष 2009 में बड़े भाई दुर्गा सोरेन के निधन और पिता शिबू सोरेन की बढ़ती उम्र के साथ हेमन्त सोरेन पर झामुमो की पूरी जिम्मेदारी आ गई। उन्होंने इसे पूरी निष्ठा और दृढ़ता से निभाया। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं और झारखंड की जनता के मुद्दों पर मुखर होकर काम किया। आज जब वे 50 वर्ष के हो गए हैं, तब उनका जन्मदिन ऐसे समय में आया है, जब वे अपने पिता के निधन के शोक में हैं। एक पुत्र के रूप में वे अपने पिता की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

### टाटा स्टील के सीईओ टी वी नरेंद्रन ने नेमरा में सीएम से मिलकर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से रविवार को नेमरा, रामगढ़ स्थित पैतृक आवास में टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन ने मुलाकात की और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर टीवी नरेंद्रन ने कहा, हम गुरुजी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनका जीवन सेवा, समर्पण और सद्भावना का अद्वितीय उदाहरण रहा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं साहस दें। हम सभी उनके योगदान और स्मृतियों को सदैव अपने हृदय में संजोए रखेंगे।

### एक नजर

#### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत चिंताजनक

**रांची :** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की स्थिति अभी भी चिंताजनक और गंभीर बनी हुई है। वह अभी भी जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। चिंता की बात ये है कि उनके दिमाग में कोई हलचल नहीं हो रही है। राहत की बात ये भी है कि रामदास सोरेन की हार्ट किडनी व लीवर समेत सभी अंग बेहतर काम कर रहे हैं। रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन ने यह जानकारी दी। सोमेश सोरेन ने बताया कि किडनी में पहले कुछ दिक्कतें आ रही थी, लेकिन अब वह बेहतर फंक्शन कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद समस्या बनी हुई है क्योंकि उनके ब्रेन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं हो रही है। अस्पताल के सीनियर डॉक्टर लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है।

#### चिरूडीह में दिवंगत शिबू सोरेन की प्रतिमा होगी स्थापित, नाम होगा 'स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल'

**जामताड़ा :** झारखंड सरकार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापित करवाएगी। गुरुजी की आदमकद प्रतिमा जामताड़ा के चिरुडीह में लगवाई जाएगी और इसका नाम 'स्टैच्यू ऑफ स्ट्रगल' होगा। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में इसकी जनकारी दी। उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने चिरुडीह से ही महाजनों के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका था। इसी दौरान 1975 में चिरुडीह कांड हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। यह मामला न्यायालय में चला, जिसमें गुरुजी को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें बाइज्जत बरी कर दिया गया।

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के खिलाफ शुरू किया मिस्ड कॉल अभियान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले दिनों 'वोट चोरी' का मुद्दा उठाते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। चुनाव में धांधली के उनके इन दावों पर विवाद बढ़ता जा रहा है। निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से कहा कि या तो राहुल गांधी अपने दावों के समर्थन में शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर 'फर्जी' आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें। इसी बीच कांग्रेस ने 'वोट चोरी' पर एक 'वेब पेज' शुरू किया है। इस वेबसाइट पर लोग कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन करने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि वोट चोरी 'एक व्यक्ति, एक वोट' के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। चुनाव आयोग से हमारी मांग साफ है - पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें।'





राहुल ने शेयर किया वीडियो मैसेज कांग्रेस सांसद ने इसमें लोगों से भी जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 'आप भी हमारे साथ जुड़ कर इस मांग का समर्थन करें - http://votechori.in/ecdemand पर जाएं या 9650003420 पर मिस्ड कॉल दें। ये लड़ाई लोकतंत्र की रक्षा की है।' इस 'वेब पेज' पर राहुल गांधी का एक वीडियो भी है जिसमें वह भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग के बीच मिलीभगत से चुनाव में 'बड़ी आपराधिक धोखाधड़ी' के अपने विस्फोटक दावों को दोहराते दिख रहे हैं।

राहुल गांधी ने कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में एक विश्लेषण का हवाला देते हुए इसे 'संविधान के विरुद्ध अपराध' बताया है। संदेश में कहा गया है कि बेंगलुरु सेंट्रल के सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में हमें एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता मिले, जिन्होंने बीजेपी को इस लोकसभा सीट को जीतने में मदद की। कल्पना कीजिए कि ऐसा 70 से 100 सीट पर हो रहा है, जो स्वतंत्र चुनाव को नष्ट कर देगा।

## अगला युद्ध जल्द हो सकता है, हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी : आर्मी चीफ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सनसनीखेज चेतावनी दी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें उसके अनुसार तैयारी करनी होगी और इस बार हमें मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। जनरल उपेंद्र द्विवेदी आईआईटी मद्रास में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, उसने पूरे देश को झकझोर दिया था। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी।



### भारतीय सेना को फ्री हैंड

सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों को खुली छूट दी गई थी। सेना को फ्री हैंड दिया गया था कि जो करना है, आप तय करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा, 23 अप्रैल को अगले ही दिन, हम सब बैठे। रक्षा मंत्री ने भी पहली बार कहा कि 'अब बहुत हो गया'। तीनों सेना प्रमुख इस बात पर एकमत थे कि कुछ किया जाना चाहिए। हमनें फ्री हैंड दिया गया कि जो करना है, आप तय करें। यह राजनीतिक दिशा और स्पष्टता का ऐसा उदाहरण था, जो हमने पहली बार देखा।

सेना अध्यक्ष ने बताया, 25 अप्रैल को हम उत्तरी कमान गए। वहीं पर हमने सोचा, योजना बनाई, अवधारणा तैयार की और उसे अमल में लाए। हमने नौ में से सात ठिकाने तबाह किए और बड़ी संख्या में आतंकियों का सफाया हुआ। 29 अप्रैल को पहली बार प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई।

### शतरंज की खेल की तरह पाकिस्तान से जंग

जनरल द्विवेदी ने आगे कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हम एक तरह का शतरंज खेल रहे थे। हमें पता नहीं था कि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हमारी अगली चाल क्या होगी। इसे ग्रे जोन कहते हैं। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक युद्ध नहीं कर रहे थे, बल्कि उससे ठीक पहले वाली रणनीति अपना रहे थे। हम चाल चलते थे, दुश्मन भी चाल चलता था। कहीं हम उसे चेकमेट कर रहे थे, तो कहीं जान जोखिम में डालकर वार कर रहे थे- और जिंदगी इसी का नाम है। जनरल द्विवेदी ने इस दौरान पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख असीम मुनीर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हुए कहा कि युद्ध में नैरेटिव मैनेजमेंट की अहम भूमिका होती है। अगर आप किसी पाकिस्तानी से पूछें कि आप हारे या जीते, तो वह कहेगा कि उनके आर्मी चीफ असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। पाकिस्तानी भी सोचते होंगे कि जरूर जीते होंगे, तभी तो असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है।

## पहले हम रक्षा क्षेत्र का सामान दूसरे देशों से खरीदते थे, अब कर रहे हैं निर्यात : राजनाथ सिंह

### रक्षा मंत्री ने रायसेन के उमरिया में रेल कोच फैक्टरी का किया शिलान्यास, बोले- हमारा संकल्प है जो हमें छेड़ेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं

एजेंसी

**भोपाल :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले रक्षा क्षेत्र का सामान हम दूसरे देशों से खरीदते थे। अब इनमें से बहुत सारी चीजें हम न केवल देश में बना रहे हैं बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने का काम भी कर रहे हैं। अब हम 24 हजार करोड़ से ज्यादा की डिफेंस सामग्री निर्यात कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान रायसेन जिले के ग्राम उमरिया में ग्रीनफील्ड रेल कोच निर्माण इकाई के भूमिपूजन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में रक्षा क्षेत्र का केंद्र बनने के लिए हर गुण है। सभी संसाधन हैं। रायसेन में रेल कोच का निर्माण होगा। साथ ही रेलवे के अलग-अलग प्रोडक्ट्स भी यहां बनाए जाएंगे। देशभर की स्पीड ट्रेनों में एमपी में बनने वाले रेलवे कोच लगेंगे। मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास देश को भी विकास की नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा।



रक्षा मंत्री सिंह ने पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि केवल भारत का ही कल्याण न हो, बल्कि संपूर्ण विश्व का कल्याण होना चाहिए। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हम पर हमला कर दे। जो छेड़ेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं। पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की हत्या की गई थी। वे मानते थे कि हम शांत होकर बैठ जाएंगे। हमने संकल्प लिया कि मुंहतोड़ जवाब देंगे। हम हत्या में विश्वास नहीं करते, लेकिन हमने ठान लिया है कि हम धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारेंगे।

रक्षा मंत्री ने ब्रह्मा परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि ग्राम उमरिया में 60 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ब्रह्मा परियोजना (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) से भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा आदि जिलों को लाभ होगा। इन जिलों के तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल व नारायण सिंह पंवार, विधायक सुरेंद्र पटवा रहे। उन्होंने कहा कि आज रायसेन के उमरिया में 1800 करोड़ की लागत से ग्रीनफील्ड रेल कोच फैक्टरी का भूमिपूजन हुआ है।

## सारंडा में माओवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान, आईईडी बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेताओं और उनके दस्तों के खिलाफ सुरक्षा बलों का विशेष संयुक्त अभियान जारी है। खुफिया सूचना के आधार पर हाल ही में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान जराईकेला थाना क्षेत्र के पहाड़ी और जंगली इलाके से पांच किलो वजनी एक आईईडी बरामद कर बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। यह आईईडी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था, लेकिन समय रहते इसे निष्क्रिय कर एक बड़ी वारदात टाल दी गई।

जानकारी के मुताबिक माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा समेत कई कुख्यात उग्रवादी इन दिनों अपने दस्तों के साथ सक्रिय हैं और विध्वंसक गतिविधियों की योजना बना रहे हैं। इसी के मद्देनजर झारखंड पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर की टीमें 7 अगस्त 2025 से सीमावर्ती इलाकों में तलाशी अभियान चला रही हैं।

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि नक्सलियों ने जराईकेला थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ों में गोला-बारूद छिपा रखा है, जिसका इस्तेमाल सुरक्षा बलों पर हमले में किया जा सकता है। 10 अगस्त को तलाशी के दौरान सारंडा जंगल के पहाड़ी इलाके से आईईडी बरामद हुई, जिसे बम निरोधक दस्ता ने सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया।

# तिरंगे का सम्मान और उसका संदेश हर घर तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान पूरे उत्साह के साथ चलाया जा रहा है। इसी क्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 8 मंडलों के अध्यक्षगण एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाना और प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी 8 मंडल अध्यक्षों को 500-500 तिरंगे झंडे प्रदान किए, जिससे कुल 4000 तिरंगे वितरित हुए। इन झंडों का वितरण इस संकल्प के साथ किया गया कि हर मंडल में घर-घर तिरंगा पहुंचे और यह अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल हो। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। उन्होंने कहा कि प्रदीप प्रसाद ने सभी मंडल अध्यक्षों को झंडा वितरण कर हर व्यक्ति तक झंडा पहुंचने का कार्य किया है,जिसके लिए उन्हें बहुत बहुत बधाई। हर घर तिरंगा केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि हर भारतीय के दिल में देश के प्रति प्रेम और गर्व का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ यह कार्य करें और लोगों को तिरंगा फहराने के महत्व के बारे में जागरूक करें। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा हर घर तिरंगा कार्यक्रम समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, इसी सोच के तहत यह झंडा वितरण किया गया है। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बारीकी से करें, उसे ऐसे स्थान पर फहराएं जहां पर्याप्त रोशनी हो, और यदि रोशनी नहीं है तो उसे शाम से पहले सम्मानपूर्वक हटा लें। राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है, इसे सदैव गर्व और सम्मान के साथ फहराना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल एक सरकारी पहल नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण व्यक्त करने का एक अवसर है, जिसमें हर नागरिक को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, के.पी. ओझा, सुदेश चन्द्रवंशी, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, भाजपा वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौर, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र राम, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री रीतलाल यादव, सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष कृष्णा मेहता, सदर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, विकास मेहता, विरेन्द्र ओझा, रामअवतार शर्मा, बिरजू रवि, सुमन राय सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहें।



## एक नजर

### अंगों पंचायत में 60 से अधिक लोगों को पिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**बड़कागांव:** झारखंड सरकार वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंगों पंचायत में हाथी पांव (फाईलेरिया) मुखिया नीलम मिंज के द्वारा 61 से अधिक लोगों को फाईलेरिया का दवा पिलाया गया। मुखिया नीलम मिंज ने बताया कि 10 अगस्त को बूथ पर एवं 11 अगस्त से 25 अगस्त तक स्वास्थ्य कर्मी आपके घर आकर फाईलेरिया से बचाव का दवा खिलाएंगे। यह बीमारी मच्छर के काटने से फैलता है इसके संक्रमण से हाथ पांव और अंडकोष अधिक सूजन हो जाती है। उसकी दवा हर सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। मौके पर मुखिया नीलम मिंज, सहिया- सेविका सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### नापो खुर्द में दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**बड़कागांव :** रविवार को तक्षशिला स्कूल के प्रांगण में दुर्गा पूजा से संबंधित बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता दिनेश प्रसाद ने एवं संचालन पारस प्रसाद ने किया। बैठक में सर्व समिति से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोकसभा पूर्व प्रत्याशी कुंज बिहारी साव उपस्थिति की में सर्व सम्मति से अध्यक्ष संजय साव , उपाध्यक्ष महेश साव, सचिव सनी गुप्ता, उप सचिव विकास साहू, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, संयोजक पूर्व मुखिया चंद्रिका कुमार साव, संगठन मंत्री दिनेश प्रसाद रक्षा मंत्री पंचायत समिति गणेश साव, संरक्षक प्रसाद गुप्ता, देखभाल मंत्री लाल धारी साव, मनोरंजन मंत्री पुर्व लोकसभा प्रत्याशी कुंज बिहारी साव उपस्थिति में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। सदस्य सोना साव, भवानी साहू , प्रदीप साहू, अनिल साहू, दीपक कुमार, गंगाधर कुमार, खिरोधर कुमार, सुरेश साव, संजीत राम, चिंकू, हीरालाल, मोहन साव, लाल मोहन साव,रंजन कुमार, देवनाथ कुमार, राजेश कुमार, जगदेव राणा, धनेश्वर राणा, दिलीप राम बनाए गए। वहीं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सांसद तीर्थ दर्शन का 9वीं जत्था बच्छई पंचायत से हुआ रवाना

**चौपारण :** बुजुर्गों के सम्मान और आस्था की पूर्ति के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत रविवार को बच्छई पंचायत से श्रद्धालुओं का एक विशेष जत्था चार प्रमुख तीर्थ स्थलों की ओर रवाना हुआ। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज यादव ने यात्रियों के पाँव पखारे और पुष्प वर्षा कर तीर्थ यात्रा के लिए बस को रवाना किया। जत्था उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, अयोध्या और मां विंध्यवासिनी धाम की यात्रा करेगा। कुल 65 श्रद्धालु तीर्थयात्री इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरूआत बच्छई हनुमान मंदिर प्रांगण से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई, जहाँ भगवा पताका लहराई गई, पुष्पवर्षा की गई और गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं को उत्साहपूर्वक विदाई दी गई। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सभी तीर्थयात्रियों का आशीर्वाद लिया और उनके मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने यात्रा के महत्व और इससे जुड़ी धार्मिक महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। वहीं विधायक मनोज यादव ने कहा कि पूरे भारत में केवल हजारीबाग से ही यह अनूठी तीर्थयात्रा निकाली जा रही है, जिसमें गरीब और वंचित वर्ग के लोग तीर्थ का लाभ ले रहे है। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि खोखा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साव, राजदेव यादव, रामस्वरुप पासवान, जुगनू सिंह, अनिल मिश्रा, गुरुदेव गुप्ता, विकास यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभार्थियों को मिले ब्रॉयलर चूजे



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर एवं पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमन कुमार ने ग्राम पंचायत चयकलां में तीन लाभार्थियों के बीच ब्रॉयलर मुर्गी के चूजे वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की यह योजना ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यह वितरण मुर्गीपालन योजना के अंतर्गत किया गया है, जिसमें प्रति लाभार्थी 500 चूजे, दाना और दवाइयाँ शामिल हैं। लाभार्थियों में राम कुमार दांगी, नेहा कुमारी और कौसर आलम शामिल हैं।

## सांसद मनीष जायसवाल ने नेमरा पहुंचकर पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** रविवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव हजारीबाग लोकसभा क्षेत्रांतर्गत रामगढ़ जिला जिला के बरलंगा प्रखंड स्थित ग्राम नेमरा पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण हमेशा समाज के लिए प्रेरक रहेगा। मौके पर विशेषरूप रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, भाजपा नेता छोटन सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, वरिष्ठ नेता मनोज महतो, बरलंगा मंडल सांसद प्रतिनिधि मंशू वेदिया, बबली सिंह, के.बी. सहाय, ललन कुशवाहा, सूरज वर्मा, संतोष कुशवाहा, बासुदेव, सुधीर महतो सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।



## समाजसेवी रहमत राही ने 40 गाल्होवार खिलाड़ियों को दिया खेल सामग्री का तोहफा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होवार पंचायत के उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान में 10 अगस्त 2025 ( रविवार ) को युवा समाजसेवी रहमत राही के सौजन्य से 40 + गाल्होवार खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल जर्सी सेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर रहमत राही ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जो युवाओं को अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल को नशा और बुरी आदतों से दूर रहने का माध्यम बनाएं तथा अपने गांव का नाम रोशन करें।साथ ही उन्होंने कहा है कि 40+ अन्य सामाजिक कार्यों के साथ-साथ युवाओं को इस तरह खेल - कूद में जोड़कर प्रेरित किया जा रहा है। जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने 40+ के तमाम सदस्यों को धन्यवाद और हृदय आभार व्यक्त किया है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष मोहम्मद साजिद हुसैन, सचिव डॉ. नेमचंद महतो, कोषाध्यक्ष डेगलाल महतो, समाजसेवी राजेंद्र मंडल, चेतलाल मंडल, रोहित राम, मोहम्मद अब्बास अंसारी, महेंद्र महतो, आसीन अंसारी, रंजीत कुमार शर्मा, किशोर शर्मा, दशरथ महतो, किशोर महतो, संतोष कुमार शर्मा, घनश्याम प्रजापति, दिनेश कुमार, नारायण महतो उर्फ टेनी, संजय महतो, इम्तियाज (छोटू), आलम अंसारी (बचन), सागर कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, सलमान अंसारी, गणेश महतो, अजय, संदीप, प्रकाश, कौलेश्वर सिंह, विष्णु महतो, रंजीत, चंदन मंडल, बाला, चौरासी, चंदन महतो, आली सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## चौपारण में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत उत्साहपूर्वक की गई। मुख्य कार्यक्रम चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. फरहाना महफूज ने किया। उन्होंने स्वयं दवा खाकर संदेश दिया कि फाइलेरिया से बचाव का सबसे कारगर उपाय समय पर दवा सेवन है। दैहर पंचायत में समाजसेवी नागेन्द्र कुशवाहा ने दवा खाकर अभियान की शुरूआत की और ग्रामीणों से अपील की कि लापरवाही न करें तथा स्वयं और परिवार को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए दवा जरूर लें। ग्राम पंचायत बच्छई के डुमरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत मुखिया बिरेन्द्र रजक और उपमुखिया संजय साव ने ग्रामीणों को दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्त बच्छई बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सहिया निशा देवी, कंचन देवी, आंगनबाड़ी सेविका आशा गुप्ता, आदित्य साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बेला पंचायत के ग्राम रुपिन में पंचायत प्रतिनिधि बीरबल साहू ने अभियान की शुरूआत कर ग्रामीणों को रोग से बचाव के प्रति जागरूक किया। वहीं बसरिया पंचायत में मुखिया मंजू देवी ने दवा खिलाकर फाइलेरिया मुक्त पंचायत का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सहिया रेखा सोनी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी सहिया, आंगनबाड़ी सेविका और स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाई और बीमारी के प्रति जागरूक किया।

## कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल ब्लू टाइगर क्लब घाटो ने खिताब जीता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हरेक भाजपा मंडल क्षेत्र में क्रमवार नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन जारी है। रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू में पिछले 02 अगस्त से चल रहे छठे राउंड के नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पब्लिक हाई स्कूल मैदान, कुजू में खेला गया। इस टूर्नामेंट में इस क्षेत्र की कुल 48 टीमों ने भाग लिया था जिसमें सभी को पछाड़कर फाइनल मुकाबला में ब्लू टाइगर क्लब घाटो और जेएमसी क्लब सोनडीहा पहुंची। दोनों टीमों के बीच जबरदस्त और बेहद रोमांचक संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला। खेल के दौरान जीत-हार नहीं होने पर प्लेंटी शूटआउट के जरिए ब्लू टाइगर क्लब, घाटो की टीम ने इस टूर्नामेंट के खिताब पर अपना कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल कुजू एरिया के महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा, रामगढ़ जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, मांडू लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ. खोखा सिंह, भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, मांडू भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और फाइनल मुकाबले का आनंद उठाया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले के विजेता टीम ब्लू टाइगर, घाटो को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 25 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी और चमकता मेडल एवं उपविजेता टीम को 15 हजार रुपए का चेक, आकर्षक नमो ट्रॉफी और चमकता मेडल के साथ कई उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के उद्देश्य और इसके सोच पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि साल 2016 से हजारीबाग विधानसभा से शुरू हुआ नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का कारवां पूरे लोकसभा क्षेत्र में पहुंचा। इस टूर्नामेंट का एकमात्र उद्देश्य खेल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ उनका सम्मान करना और उन्हें उचित प्लेटफार्म की ओर अग्रसर करना है। वर्तमान दौर में जहां युवा मैदान से दूर जा रहे हैं वहीं उन्हें इस क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध फुटबॉल खेल से जोड़कर उन्हें मैदान से जोड़ना और नशा मुक्त जीवन जीने को प्रेरित करना भी हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में यह खेल आयोजन सार्थक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कुजू उक्त खेल मैदान के जीर्णोद्धार के लिए सकारात्मक स्वीकृति देने के लिए कुजू एरिया के सीसीएल महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा का आभार जताया और कहा कि यह इस क्षेत्र का इकलौता खेल मैदान है और इसका जिर्णोद्धार बेहद जरूरी है।



## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में आज से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**बड़कागांव :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आज से 25 अगस्त 2025 तक एमडीएझआईडीए 2025 के तहत फाइलेरिया (हाथी पांव) उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनिनाश कुमार ने बताया कि मच्छरों के काटने से फैलने वाला यह रोग गंभीर है और इसके लक्षण प्रकट होने में 5 - 15 वर्ष तक लग सकते हैं। रोग बढ़ने पर हाथ-पांव में सूजन आ जाती है और अधिकांश संक्रमण बचपन में ही हो जाता है। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं — डीईसी,अल्बेंडाजोल और आइवरमेक्टिन नि:शुल्क खिलाएंगे। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी।डॉ. अविनाश ने आमजन से अपील किया कि स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति में ही दवा का सेवन करें और उनके निर्देशों का पालन करें,ताकि बड़कागांव को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो सके।

### रक्षाबंधन पर फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, मरदुसोती विजेता बना



**बड़कागांव :** सावन पूर्णिमा रक्षाबंधन को लेकर चंदौल पंचायत अंतर्गत बचवरिया खेल मैदान में एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आवेदन किया गया जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर राम ने फीता काटकर किया। फाइनल मैच चंदौल ए एवं मरदुसोती के बीच खेला गया। जिसमें मरदुसोती ने दो गोल से विजय हासिल कर प्रतियोगिता में कब्जा जमाया। मौके पर उपस्थित लोगों से विशिष्ट अतिथि मुखिया प्रतिनिधि सनीत महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, उप मुखिया शमशेर आलम, अशोक राम, सूरज कुमार दास, जितेंद्र कुमार दास, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद कलाम, अवध कुमार दास, महेंद्र यादव, रवि रंजन कुमार दास, मोहम्मद हकीम, श्याम देवदास, तारकेश्वर दास, पंचेश्वर साहू,रविंदर यादव, सुबोध कुमार दास, महेश भुईया, पारस प्रजापति, नंदकिशोर यादव के अलावा अन्य शामिल थे। इसकी जानकारी असेश्वर राम में दी है।

### इस्को में कोहबर शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन, ग्रामीणों ने निकाली कलश यात्रा



**बड़कागांव :** सावन पवित्र माह और रक्षाबंधन के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र ग्राम इस्को में इस्को कोहबर शिव मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें संपूर्ण ग्रामवासियों ने इस्को गुफा (मडवाद्वार) कलश यात्रा निकाली गई। बताते चलें कि यह गांव बड़कागांव प्रखंड में ही प्रसिद्ध नहीं है बल्कि पूरे विश्व में विशेष पहचान है, यहां प्रतिवर्ष 26 जनवरी को विशाल मेला लगता है। मौके पर मुख्य रूप से हरिनाथ मुंडा, हरिमंगल मुंडा, दिनेश मुंडा, सोनू कश्यप, सोहर मुंडा, सुनीता देवी, रतनी देवी, उर्मिला देवी, मीना देवी, रीता देवी, जमनी देवी, मुनिया देवी एवं ग्रामीणवासी उपस्थित हुए।

### विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू समाज की सेवा एवं सुरक्षा का लिया संकल्प



**रामगढ़ :** विश्व हिंदू परिषद की आयाम संगठन दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा पिछले कई दिनों से जिले भर में पुलिस कर्मियों, सुरक्षाबलों, स्वास्थ्य कर्मियों, सफाई कर्मियों और पत्रकारों को रक्षाबंधन त्योहार के तहत रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी निमित्त रविवार को रामगढ़ के रेलवे स्टेशन के निकट विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला कार्यालय में दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव और मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो के नेतृत्व में रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत के सह मंत्री मनोज पोद्दार उपस्थित रहे। दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की बहनों ने रामगढ़ जिले के विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बहनों ने विधिवत रूप से सभी भाईयों की माथे पर तिलक लगाकर, आरती उतारी तत्पश्चात रक्षा मंत्र ॐ येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबल:। तेन त्वां प्रतिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।। पढ़कर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी। इस अवसर पर मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दिन हो या रात अपनी जान की परवाह किए बगैर हर परिस्थिति में हिन्दू समाज की बहन-बेटियों, गौमाता,और हिन्दू समाज के लोगों की सेवा और सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। सेवा और सुरक्षा कार्य के दौरान कई बार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के उपर समाज के जाहिल दुश्मनों के द्वारा हमले भी किए जाते हैं और हमारे बजरंगी भाई उनसे डटकर मुकाबला भी करते हैं और उनकी नापाक इरादों को विफल कर देते हैं। इसलिए आज उन सभी भाईयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधा गया ताकि रक्षा सूत्र सभी भाइयों की रक्षा करें।

### दिल्ली में कोयला मंत्री से मिले कांग्रेस इंटक नेता खदानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



**रामगढ़ :** कांग्रेस इंटक पार्टी के नेताओं ने दिल्ली में भारत सरकार के कोयला मंत्री अशुतोष चौबे से मुलाकात किया जिसमें सीसीएल कोयला खदानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मामले को उठाया गया मेडिकल अनफिट बंद हैं आईटी के बहाली बंद हैं साथ में जीवन धारा प्रजोकट को जल्द शुरू करेंगे। कोयला मजदूरों को विभिन्न मुद्दे पर चर्चा किया गया। आरा प्रोजेक्ट में जमीन ले रहे हैं कपनी लेकिन निषपादन नहीं हो रहा है। कांग्रेस बरका सयाल के कार्यकारी अध्यक्ष इंटक के प्रदेश सचिव शिवशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में पहुंचे सभी मनोज कर माली किशून नायक सूरज करमाली आदि शामिल।

## एक नजर

### स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी ने की आत्महत्या

**रांची :** रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा से छेड़खानी के मामले में जमानत पर निकले फिरोज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पुलिस विभाग और इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना बीते शनिवार रात की बताई जा रही है। जो कि राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नाला रोड गली नंबर आठ में हुई। घटना के बाद युवक को तत्काल उसे रिम्स ले जाया गया जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक के आत्महत्या की पुष्टि हिंदीपीढ़ी थाना की पुलिस ने की है। फिरोज को स्कूली छात्रा से छेड़खानी के आरोप में तीन दिन पूर्व जमानत मिली थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि फिरोज ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस और जेल प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गए हैं। छेड़खानी के आरोप के बाद पुलिस लगातार इसकी छानबीन कर रही थी। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान फिरोज अली के रूप में हुई थी। लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। युवक गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इनाम भी रखा था। जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी लोअर बाजार थाना क्षेत्र से हो पायी थी।

### चम्पाई सोरेन का सरकार को खुली चुनौती, 24 अगस्त को रिम्स-2 की जमीन पर चलाएंगे हल

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग को खुली चुनौती दी है। उन्होंने एलान किया है कि रिंम्स टू की जमीन पर 24 अगस्त को वो हल चलाएंगे अगर किसी में हिम्मत है तो रोक कर दिखा ले। दरअसल विश्व आदिवासी दिवस पर गमहरिया स्थित रामचंद्रपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चम्पाई सभा को संबोधित कर रहे थे उसी दौरान उन्होंने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा ब्रिटिश हुकुमत से अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में हमारे जैसे सैकड़ों लोगों ने कुर्बानियां दी। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने महाजनी प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज महाजन तो नहीं रहे लेकिन उनकी जगह बिल्डरों ने ले ली। उन्होंने कहा कि अगर नये रिम्स की आवश्यकता है तो किसी और जगह उसे बनाया जाए। आदिवासियों से उनकी खेतीहर जमीन ना छीनी जाए।

### ऑटो किराये का निर्धारण 13 को करेगा ऑटो चालक संघ

**रांची :** नामकुम रामपुर कांटाटोली मार्ग पर चलने वाले ऑटो चालकों की बैठक नामकुम सारण मैदान में रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया और सभा का संचालन प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित ऑटो चालकों ने निर्णय लिया की कांटाटोली से नामकुम रामपुर मार्ग पर परिचालन करने वाले ऑटो चालकों ने किराया में संशोधित करते हुए किराया तय किया। बताया गया कि वर्ष 2020-21में जो रूट किराया था उस हिसाब से अभी भी यात्री हित में अब तक फिर से ऑटो किराया निर्धारित नहीं किया। इसलिए प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद वर्मा ने यह निर्णय लिया कि 13 अगस्त को प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्यों की बैठक ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड प्रदेश कार्यालय में बैठक होगी। बैठक में जो 2020-21 में सभी रूट का किराया निर्धारित किया गया था उसके बाद आज तक रांची शहर में किसी भी रूट का यूनियन की ओर से किराया निर्धारित नहीं होने से रांची में ऑटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया ले रहे हैं।

# रांची में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घरों में की तोड़फोड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के भट्टी चौक के पास रविवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। दिनदहाड़े हुई हत्या से नाराज मृतक के परिजनों ने जमकर उत्पात मचाया और आरोपियों के घरों और कार्यलय में तोड़फोड़ की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।



पुलिस के अनुसार यह घटना रविवार दोपहर की है। मृतक की पहचान साहिल उर्फ कुरकुरे के रूप में हुई है। साहिल की हत्या की घटना के कुछ देर बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपितों के घरों और कार्यालय में तोड़फोड़ की। गोली मारने वाले शख्स अरमान के घर में तोड़फोड़ कर घरेलू सामान को बाहर फेंका दिया गया। जबकि, पूर्व पार्षद असलम के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की गई है। तोड़फोड़ और हंगामा की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को शांत कराया। इलाके में पुलिस की तैनाती कर दी गई है।

मृतक साहिल की मां ने पुलिस को बताया है कि अरमान नाम के युवक ने उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी है। उन्होंने पूर्व पार्षद असलम के भाई आसिफ पर भी गोली मारने का आरोप लगाया है। साहिल की मां का कहना है कि जेल से बाहर आने के बाद से आसिफ लगातार साहिल को धमकी दे रहा था। पुलिस ने हत्या के आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। हत्या की वारदात के बाद हिंदपीढ़ी इलाके में तनाव का माहौल है। इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी है। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय और हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी भी पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और छानबीन की। पुलिस ने साहिल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस की ओर से आगे की कार्रवाई की जी रही है।

डीएसपी प्रकाश सोय बताया कि साहिल आर्म्स एक्ट के तहत जेल गया था और कुछ महीने पहले ही जेल से बाहर निकला था। जेल में रहने के दौरान साहिल और असलम के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें साहिल ने असलम और उसके भाई आसिफ के साथ मारपीट भी की थी। इसी विवाद के बाद से आसिफ, जो हाल ही में जेल से बाहर आया था, साहिल को लगातार धमकी दे रहा था। रविवार दोपहर को अरमान नाम के एक युवक ने साहिल को भट्टी चौक पर बुलाया और गोली मारकर फरार हो गया।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट ने दिवंगत शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सदस्यों और श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि शिबू सोरेन केवल राजनेता नहीं, बल्कि एक युगद्दष्टा थे। उन्होंने जीवनभर आदिवासी समाज के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि उनका नेतृत्व और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिबू सोरेन के विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया।

## झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की वार्षिक आमसभा में नई चयन समितियों की हुई घोषणा, 29 लोगों को मिली आजीवन सदस्यता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) की नई कमेटी के गठन के बाद पहली वार्षिक आमसभा (एजीएम) रविवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में हुई। बैठक में सदस्यता विस्तार से लेकर अनुशासनहीनता पर कार्रवाई और नई चयन समितियों के गठन तक, कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। संघ के सचिव सौरव तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि संगठन के हित में सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि




यह वार्षिक आमसभा हमारे लिए खास है, क्योंकि नई समिति बनने के बाद यह पहली बैठक थी। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो आने वाले समय में संघ और खिलाड़ियों दोनों के लिए लाभकारी होंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक आमसभा में 8 वर्तमान और पूर्व क्रिकेटरों, 2 भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस )और 2 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधकारियों समेत कुल 29 लोगों को आजीवन सदस्यता देने का रास्ता साफ हुआ।

यह प्रस्ताव विशेष जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर लाया गया, जिसे आमसभा ने मंजूरी दी। सदस्यता विस्तार को संघ के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इससे खेल से जुड़े अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का जुड़ाव बढ़ेगा। बैठक में संघ के संसाधनों का अनधिकृत उपयोग और नियमों के उल्लंघन के आरोप में रणजीत सिंह और उनके भाई संतोष सिंह की आजीवन सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह फैसला पहले शनिवार को कमिटी ऑफ मैनेजमेंट में लिया गया था, जिसे एजीएम में ध्वनि मत से मंजूरी मिली।

सदस्यों की मांग पर पूर्व क्यूरेटर एसबी सिंह के खिलाफ भी अनुशासनहीनता की जांच के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। वार्षिक आमसभा में सीनियर चयन समिति का नेतृत्व अब मनीष वर्धन करेंगे, जबकि मनोज यादव, सुब्रतो घोष और अजय यादव समिति के सदस्य होंगे। जूनियर चयन समिति की कमान राहुल शुक्ला के हाथों में होगी, उनके साथ संजीव गुप्ता, सन्नी दास और राजेश झा सदस्य रहेंगे। महिला चयन समिति में कविता राय को चेयरवूमेन नियुक्त किया गया है, जबकि चरणजीत कौर, मनोज सिंह और बालाशंकर झा इसके सदस्य होंगे।

बैठक के दैरान जस्टिस अजय कुमार बिष्ट को सत्र 2025-26 के लिए ओम्बुड्समैन (लोकपाल) सह एथिक्स अफसर (नैतिकता अधिकारी) नियुक्त किया गया। यह पद संघ में पारदर्शिता और नैतिक आचरण सुनिश्चित करने के लिए अहम माना जाता है।

## प्रजापति विश्वविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पूर्व कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान, हरमू रोड में रविवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म द्वापर युग में न होकर सतयुगी सुख की दुनियां में हुआ था। कलियुगी सृष्टि के इस अंत समय में पतित सृष्टि समाप्त होकर सुखमय स्वर्ग आता है। जहां श्रीकृष्ण सर्वगुण संपन्न देवता के रूप में अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि यमुना के कंठे पर फिर उनकी रासलीला होती है। जो आत्माएं वर्तमान समय गीताज्ञान एवं राजयोग के द्वारा विकारों का त्याग कर पवित्र और योगी बनेगी वे ही स्वर्ग की




दुनिया में श्रीकृष्ण के साथ पदार्पण करेगी। वक्ताओं ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन नीति, रणनीति और समर्पण का प्रतीक है। महावीर मंडल, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण का आवाह्न आचार-विचार की शुद्धि से ही संभव है। संजय सर्राफ ने कहा कि कृष्ण का जीवन केवल रासलीला नहीं बल्कि धर्म, नीति और सेवा का संदेश देता है। विनीता सिंघानियां ने इन्द्रिय जीत का महत्व बताया, जबकि शिव नारायण साहू ने कहा कि कृष्ण तन और मन से देवत्व के प्रतीक थे। सत्य नारायण तिवारी ने धर्म स्थापना के लिए कृष्ण के योगदान का उल्लेख किया। शुभा अग्रवाल ने जन्माष्टमी को जीवन में दिव्यता लाने की प्रेरणा बताया। दुर्गा साहू ने कहा कि कृष्ण का जन्म बंधनों से मुक्ति का संदेश देता है।

## लायंस क्लब ग्लोबल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल को सत्र 2024-25 में अपनी बेहतर सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए रविवार को डिस्ट्रिक्ट 322ए द्वारा कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल को मिले पुरस्कारों में परमानेंट प्रोजेक्ट अवार्ड, भोजन वितरण पुरस्कार, सदस्यता वृद्धि पुरस्कार, जिला राज्यपाल पुरस्कार, सेवा गतिविधि पुरस्कार और उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार शामिल हैं।

क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्लब परिवार की एकजुटता और समाज के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।यह क्लब की सामूहिक मेहनत, निष्ठा और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी सदस्यों, समर्थकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में क्लब और सशक्त याजनाएं और परियोजनाएं लाकर समाज के अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाएगा।

## बंगाली युवा मंच के मेडिकल कैंप में 70 लोगों ने कराई जांच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा देशप्रिय क्लब एंड लाइब्रेरी परिसर में भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लगभग 70 लोगों ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप के साथ ही पूरे शरीर की जांच और इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (इसीजी) (हृदय की विद्युत गतिविधि को मापने का एक परीक्षण) की जांच करवाई। डॉक्टर शंकर नाथ ने शिवर में आए लोगों को चिकित्सा संबंधी परामर्श दिया। मेडिकल टीम के डॉक्टर शंकर नाथ का स्वागत मंच के संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य ने किया। शिविर में मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, सभी सदस्य, देशप्रिय क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमल बोस और क्लब के सचिव प्रणब चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरूआत में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर मंच के सदस्यों और उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बीजेपी ऑफिस के पास तेज रफ़्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** हरमू रोड पर स्थित बीजेपी कार्यालय के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक महिला,एक युवती और एक बच्चा शामिल है। यह घटना रविवार की शाम करीब छह बजे की बताई जा रही है।



### कार ने बाइक को रौंदा, दो ने मौके पर दम तोड़ा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को बुरी तरह रौंद डाला, जिससे उस पर सवार दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।ऑनलाइन खरीदारी


### गुस्साए लोगों ने कार चालक को पकड़कर पीटा

दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग गुस्सा गए और कार चालक को पकड़कर पीटा। घटना की सूचना मिलने के बाद अरगोड़ा थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।

इस हादसे के कारण हरमू रोड पर भारी जाम लग गया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस फिलहाल लोगों को शांत कराने और सड़क से जाम हटाने का प्रयास कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के 11 जिलों में 13 को भारी बारिश की आशंका



**रांची :** राज्य के 11 जिलों में 13 अगस्त को कई स्थानों पर भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने रविवार को येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। उनमें झारखंड के दक्षिणी जिले और उत्तर-पूर्वी जिले शामिल है। दक्षिणी जिलों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां, जबकि उत्तर पूर्वी जिलों में देवघर, दुमका, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, गोड्डा और जामताड़ा के कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश दुमका जिले के मसानजोर में 56 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान रांची में 3 .6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा। धूप के चलते हल्की गर्मी और उमस का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 26 .1 डिग्री, जमशेदपुर में 28 डिग्री, डाल्टनगंज में 30 .5, बोकारो में 28 .5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### गौसेवा से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ शुभारम्भ



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में अग्रवाल सभा का 49वां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव रविवार को गौसेवा के पावन कार्य के साथ आरंभ हुआ। सुबह 7 :30 बजे हरमू रोड स्थित रांची गौशाला में गौपूजन कर महोत्सव का पहला चरण प्रारंभ किया गया। अग्रवाल सभा के निर्वतमान अध्यक्ष नंद किशोर पाटोदिया और उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने विधिवत गौपूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गौपूजा के बाद गौ माताओं को हरी घास, रोटी, गुड़ आदि खिलाया गया तथा उनकी आरती उतारी गई। इस अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सफलता में योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मनोज चौधरी, विजय खोवाल, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, कालू खेतान, अमर अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, अशोक लाठ, मनोज रुइया, सुनील पोद्दार, गौरव परसरामपुरिया, विनोद टेबरीवाल, राजकुमार मित्तल और मुकेश जाजोदिया की विशेष भूमिका रही।

### श्याम मंदिर में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया



**रांची :** हरमू रोड के श्याम मंदिर में रक्षाबंधन उत्सव के अवसर पर मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को नवीन पोशाक बागा पहनाकर विशेष दिव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पंचमेवा व विशेष प्रसाद भोग अर्पित किया गया। विशेष श्रृंगार की सेवा पुनीत अग्रवाल रितु अग्रवाल निकुंज अग्रवाल परी अग्रवाल के द्वारा निवेदित की गई थी। इस अवसर पर यजमान परिवार ने पंचमेवा भोग अर्पित कर बाबा श्याम को प्राकृतिक पंखा डुलाकर अपनी अरदास अर्जी लगाई। इस अवसर पर नवीन अग्रवाल ने भी अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर में हाजरी लगाई। कोलकाता से मंगाए गए पीला गुलाब तुलसीदल रजनीगंधा मुरूगन फुल पीला गेंदा सूर्यमुखी जिप्सी फूल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का अनुपम श्रंगार किया गया। श्री श्याम मंदिर में प्रात: 9 :30 बजे से सतनारायण कथा एवं शालिग्राम पूजन मंदिर के आचार्य द्वारा किया गया । जिसमें काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 166 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया अध्यक्ष गोपाल मुरारका उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान श्यामसुंदर शर्मा कृष्णा सिन्हा सौरव अरुण ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। सिन्हा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में इडली नारियल चटनी उपमा केसरिया जलेबी टॉफी का प्रसाद वितरण किया गया। खीर चूरमा का भोग हर भंडारे में महाप्रसाद के रूप में श्याम मंदिर में निर्मित किया जाता है एवं सर्वप्रथम भोग लगाया जाता है। भोग लगने के बाद हर भंडारे में मंडल के सदस्य एवं मंदिर के सहयोगी रांची गौशाला में जाकर गौमाता को भोजन कराते हैं। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### कराटे चैंपियन को बेल्ट, प्रमाण पत्र और मेडल देकर किया सम्मानित

**रांची :** शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से ओसिएनिक एक्जोटिका कराटे शाखा ने रविवार को प्रमाण पत्र सह मेडल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें हाल ही में आयोजित दो राज्य स्तरीय कराटे प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कराटेकारों को विभिन्न ग्रेड के बेल्ट, प्रमाण पत्र और बेस्ट कराटेकार पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, ब्लैक बेल्ट 5वीं डान, सेंसी रीतेश कुमार बॉबी तथा द्वितीय डान ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक सेंसी संदीप यादव ने, भारत के मुख्य प्रशिक्षक हांसी मानस सिन्हा के मार्गदर्शन में किया। अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लाला बिनोद प्रसाद, पूर्व आईएफएस आर.के. सिन्हा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता आर.पी. सिंह, सेवानिवृत्त अभियंता आर.बी. शर्मा, माया प्रसाद और सुनैना रानी शर्मा ने विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। बेस्ट कराटेकार के रूप में आशिव कपूर (ब्लू बेल्ट), श्रेया कुमारी, त्रिशिका, रेयांश ऋषभ एवं सबसे छोटे कराटेकार शिवांश शर्मा (ऑरेंज बेल्ट) को सम्मानित किया गया।

**एक नजर**

## स्वतंत्रता दिवस पर आजीवन सदस्यता में विशेष छूट देगा बोकारो चैंबर

**बोकारो** : चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी समिति की बैठक आज अध्यक्ष मनोज चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चैंबर भवन में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिम्मेदारी संजय अग्रवाल को सौंपी गई। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आजीवन सदस्यता अभियान के तहत विशेष छूट देने का निर्णय लिया गया। नए आजीवन सदस्य बनने वाले सदस्यों को एक हजार रुपये की विशेष छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, बैठक में यह भी तय किया गया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के साथ दिल्ली में प्रस्तावित बैठक में चैंबर की ओर से प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा। बैठक में महामंत्री राजकुमार जायसवाल, सिद्धार्थ पारीख, नरेंद्र सिंह, संजय अग्रवाल, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, शैलेन्द्र जायसवाल, रवि शंकर प्रसाद एवं विनय सिंह उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंडल अध्यक्षों को बांटे गए तिरंगे

**बोकारो** : भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा के निमित्त बोकारो विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों को पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय के साथ अपने आवासीय कार्यालय में तिरंगा झंडा बांटा। भाजपा की सभी मंडल समितियां अपने अपने क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा का आयोजन कर लोगों को अपने घरों पर स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह करेंगी। इस कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक जिला सहित प्रत्येक मंडलों के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि सभी लोगों से कार्यकर्ता सभी लोगों से अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह करे। यह तिरंगा हमारे गर्व और साहस और बलिदान का प्रतीक है । जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष अपने मंडलों के सभी मोर्चा अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के संयोजकों को अपने मंच मोर्चा के कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। पूरे बोकारो जिले में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है । इस मौके पर कमलेश राय, धीरज झा, इन्द्र कुमार झा, हरिपद गोप, हरीश चंद्र सिंह, विक्की राय, धनंजय चौबे, अनिल सिंह की, ऋषभ राय, द्वारिकानाथ सिंह मुन्ना, संदीप सिंह, जयशंकर, गोलू उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को रानीपोखर में श्रद्धांजलि, उमड़ी भीड़

**बोकारो** : ग्राम रानीपोखर टोला संथालडीह जाहेर थान में दिशोंम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई, जहां स्थानीय मूलनिवासियों ने ₹दिशोंम गुरु शिबू सोरेन अमर रहे₹ और ₹जब तक सूरज चाँद रहेगा, शिबू सोरेन का नाम रहेगा₹ जैसे भावनात्मक नारे लगाए। इस शोक सभा में संथाली रीति-रिवाज के अनुसार श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में अभिमन्यु मांझी, अंबाई मुर्मू, रामचोंदर मुर्मू, रामब्रिच्च बेसरा, माथुर बेसरा, रामजल मुर्मू, जागु हंसदा, लालजीत मुर्मू, शोभामुनी देवी, देवानंती देवी, अंजुकुमारी, दर्शनी देवी, चिन्ता देवी, पोके देवी, चरकी देवी, सपोन बेसरा, मुनिया देवी, सोहराई सोरेन, आरती देवी सहित कई ग्रामीण और मूलनिवासी महिलाएँ मौजूद रहीं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है स्वदेशी : अमरेंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्वदेशी जागरण मंच 9 अगस्त 1942 अगस्त क्रांति के स्मृति पूरे देश में विदेशी बहिष्कार अभियान का शंखनाद किया जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में बड़ी-बड़ी सभाए, नुक्कड़ सभाएं, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कजिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर जिसमें धर्मशाला मोड़,चेकपोस्ट चास, सेक्टर 12 मोड़ ,सिटी सेंटर, सेक्टर 4,एवं राम मंदिर के पास नुक्कड़ सभा किया गया कप्रान्त मेला प्रमुख दिलीप वर्मा ने कहा कि पूर्व में भी स्वदेशी जागरण मंच स्वदेशी स्वीकार विदेशी बहिष्कार का कार्यक्रम चलाकर देश के ढाई लाख से अधिक गांव में जाकर स्वदेशी विदेशी की सूची वितरण कर आम जनों को स्वदेशी के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया था। इस वर्ष स्वदेशी जागरण




मंच ने निश्चय किया है की 5 करोड़ घरों में जाकर प्रत्येक परिवार को स्वदेशी विदेशी की सूची न केवल वितरित किया जाएगा बल्कि उन्हें शपथ भी दिलाया जाएगा कि आप अपने घरों में स्वदेशी सामान का ही प्रयोग करें। केवल इतना ही नहीं गांव शहर के व्यवसाय बंधुओ से भी निवेदन किया जाएगा कि आप अपने संस्थान में अधिक से अधिक स्वदेशी सामान का ही बिक्री करें व विदेशी सामान का परित्याग करें। इससे देश का अर्थव्यवस्था न केवल मजबूत होगा बल्कि दुनिया में भी अपना स्थान मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अपने देश में रोजगार की कमी नहीं होगी। उन्हीं पैसों से जो विदेशी कंपनियां हमारे देश से वसूल कर अपने यहां ले जाते हैं उसे रोक कर उद्योग धंधे खड़े करने में सरकार को भी मदद मिलेगा कवही अजय सिंह ने कहा कि पिछले दिनों की घटना ध्यान होगा जब ऑपरेशन सिंदूर के समय किस प्रकार चीन तुर्की ईरान और अब अमेरिका हमारे देश के खिलाफ षडयंत्र किया थाऋ यह किसी से छुपा नहीं है अमेरिका ने तो एक कदम आगे बढ़कर अमेरिकन राष्ट्रापति 50% टेरिफ घोषणा, चीन की आर्थिक कूटनीति और तुर्की के आंतकवाद को सहयोग निर्मित परिस्थिति में पूरे देश में जानता के बीच विदेशी कंपनी भारत छोड़ो अभियान और स्वदेशी अपनाओ के अंतर्गत स्वदेशी-विदेशी वस्तु की सूचि वितरण, चौक बाजार में सार्वजनिक जनजागरण कार्यक्रम, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और अन्य संगठनों के साथ मिलकर किये जा रहे हैं। झारखंड के सभी जिले मुख्यालय एवं प्रखंड से लेकर गांव तक इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बोकारो भी इससे अछूता नहीं है। आज स्वदेशी जागरण मंच बोकारो शहर के कई स्थानों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से और स्वदेशी विदेशी सूची वितरित कर लोगों को जागरूक करने का एक प्रयास किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा हमारी अर्थव्यवस्था का रीढ स्वदेशी हैं और हमारी पूंजी 40 करोड़ युवा है हमारा संकल्प हैं हर युवा को स्वरोजगार से जोड़ना ।

## मेहता भवन में लखन लाल मेहता की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा जिला अंतर्गत डोमचांच प्रखंड में स्थित मेहता भवन में दिन रविवार को परम आदरणीय स्वर्गीय लखन लाल मेहता जी का तृतीय पुण्य तिथि श्रद्धांजलि अर्पित कर शत-शत नमन करते हुए मनाया गया.कार्यक्रम में उपस्थित स्वजाति बंधुओं ने उनके द्वारा बताए गए पद चिन्हों पर चल कर समाज में उन पुण्य आत्मा के अधूरा सपना को पूरा करने का संकल्प लिया और उपस्थित सभी लोगों ने भाव-भीनी आखों से पुष्पांजलि समर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किए जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति के अध्यक्ष, तारकेश्वर मेहता, सभापति भरत नारायण मेहता, महामंत्री बीरेन्द्र प्रसाद मेहता, चुनाव प्रभारी-मुनिलाल मेहता सहायक चुनाव प्रभारी-रवि मेहता क्षेत्रिय मंत्री रामदेव मेहता, हीरालाल मेहता, किशोर कुमार मेहता, नागेश्वर मेहता, बिनोद मेहता, बैजनाथ मेहता, व्यवस्थापिका सभा सदस्य युगल किशोर मेहता, आशीष मेहता, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी रामकृष्ण मेहता विभिन्न शाखा के सभापति, मंत्री त्रिलोचन मेहता, महेश मेहता, अशोक मेहता, सुरेंद्र मेहता, सुभाष मेहता, मनोज मेहता, संजय मेहता, सच्चिदानंद मेहता, हेमलाल मेहता, रामनंदन मेहता रवि कुमार मेहता, श्याम मेहता, समाजसेवी बलराम मेहता, सहित विभिन्न शाखा सदस्य एवं सैकड़ो स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति एक नई सोच के द्वारा तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच** : अगस्त क्रांति के अवसर पर आज रविवार को युवा शक्ति एक नई सोच के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान से शुरू हुई जो पूरे डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र व डोमचांच प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण किया, इस तिरंगा यात्रा में डोमचांच के बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न स्कूल मॉडल एकेडमी, महेश एकेडमी, इंस्पायर्ड विजन स्कूल, डी ए वी पब्लिक स्कूल, मंथन नेशनल स्कूल, संत अरविंद एकेडमी, सन साइन एजुकेशन, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, उमा भारती हाई स्कूल, संत अरविंद एकेडमी, लक्ष्य कॉन्वेंट, संत पॉल पब्लिक



स्कूल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय आदि के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय व वंदे मातरम से पूरा क्षेत्र गुंज उठा कई लोगो ने इस तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा करीब पांच किलोमीटर की लम्बी तक देखी गई। वही डोमचांच पुलिस के द्वारा विधि व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान रखा गया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश खुद आम जनों के साथ सहयोग करते नजर आ रहे थे। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज के संरक्षक अभियंता प्रेमांशु कुमार के द्वारा 1100 फलदार व औषधि पौधे लोगो के बीच बांटे गए, अब तक 11000 पौधे डोमचांच क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए बाटे जा चुके हैं और लोग अब अभियंता प्रेमांशु कुमार को पेड़ मित्र के नाम से संबोधन करते हैं।

## तिरंगा यात्रा डोमचांच के लिए गर्व व ऐतिहासिक क्षण : नितेश कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच** : डोमचांच स्थित जी. एस. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शहीदों की धरती डोमचांच में आयोजित ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में अपने झांकियों से पूरे शाहरवाशियों का मन मोहा। बतादें की हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भी डोमचांच युवा शक्ति- एक नई सोच की पूरी टीम द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डोमचांच के लगभग 35 विद्यालयों ने अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर एक से बढ़कर एक झांकियों का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में जी. एस. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अलग अलग झांकियां प्रस्तुत करते हुए भारत माता, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, खासकर रानी लक्ष्मी बाई के वेशभुशे में छात्राओं की टोली ने लोगो को खूब आकर्षित किया साथ बच्चों ने अपने हाथों में भारत की शान तिरंगे को अपने हाथों में थामते हुए नजर आए। कार्यक्रम में जी.एस.




पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने पूरे कार्यक्रम की सराहना की व युवा शक्ति की टीम के बैनर तले यह कार्यक्रम कराने को लेकर उनकी प्रशंसा की व सभी बच्चों की खूब तारीफ की। उपस्थित निदेशक नितेश कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवा शक्ति की पूरी टीम को अपना धन्यवाद दिया और कहा तिरंगा यात्रा से सभों में देश के प्रति अटूट प्रेम व लोगो के प्रति सद्भाव देखने को मिलता है। उन्होंने बच्चों का भी अपना धन्यवाद दिया व उनके जोश व जज्बे को अपना सलाम दिया। साथ ही उन्होंने स्कूल के बैंड टीम के सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी प्रशंसा की एवं कहा कि उनके बैंड की तारीफ पूरे शहर में होती है व लोगो को इसका इंतजार रहता है। उपस्थित विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी पूरे जोश के साथ बच्चों के कदम के साथ अपने कदम मिलाये व उनके द्वारा बोले गए अलग अलग नारों में अपना साथ दिया। तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने अपनी भागीदारी निभायीं।

## गैड़ा गांव में दबंगों ने तोड़ा पशु शेड एक सप्ताह बाद मामला हुआ दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चंदवारा** : तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत गैड़ा गांव की सबिया देवी पति जगदीश पंडित ने अपने ही गांव के मेघलाल यादव पिता बडु यादव, नंदलाल यादव पिता बडू यादव, महेन्द्र यादव पिता नन्दलाल यादव, रोशन यादव पिता महेन्द्र यादव, सुलोचना देवी पति राजकुमार यादव एवं गीता देवी पति महेन्द्र यादव पर जबरण उनका मकान तोड़ने, मारपीट करने एवं मोबाइल तथा मंगल सुत्र छिन लेने का आरोप लगाते हुए तिलैया डैम ओपी में आवेदन दिया है। पुलिस ने आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया है। दिए गए आवेदन में सविया देवी ने कहा है कि दिनांक 02.08.2025 समय सुबह 6:00 बजे उनके ही गांव के मेघलाल यादव पिता बडु यादव, नंदलाल यादव पिता बडू यादव, महेन्द्र यादव पिता नन्दलाल यादव, रोशन यादव पिता महेन्द्र यादव, सुलोचना देवी पति राजकुमार यादव एवं गीता देवी पति महेन्द्र यादव सभी एकमत होकर उनके घर के सामने बने पशु घर की दिवार को सबल एवं गैता से तोडने लगा। जब मैं घर को तोड फोड़ करते देखा तो हो हल्ला करने लगी और उनलोगों को मना करने गई तो मेघलाल यादव एवं महेन्द्र यादव एवं सभी लोग ने मुझे भद्दी गद्दी गाली गलोज करने लगे और कहने लगे कि पकडो इस साली को और मुझे पटक दिया और छाती पर बैठ गया। इस बीच महेन्द्र यादव मेरे गले से सोने का मंगल सुत्र निकाल लिया और मुझे बेहरमी से मारपीट करने लगे। मेघलाल यादव कह रहा था कि मारो इस हरमजादी को ये लोग क्या करेगें सो हम देख लेगे। इसी बीच मेरी गोतनी उषा देवी का बेटा भागीरथ पंडित मोबाईल से महेन्द्र यादव मोबाईल छिन लिया और अपना बेटा रौशन यादव को दे दिया। जिसे वह लेकर भाग गया। इसी बीच नन्दलाल यादव बोला कि छोडो उसको पहले इसका घर का दीवार हमलोग तोडो और सबल एवं गैता से दीवार तोडने लगा। जब हो हल्ला हुआ तो मेरी गोतनी उषा देवी तथा देवर नारायण पंडित तथा मेरा पति जगदीश पंडित घर से बाहर निकले तो गीता देवी, सुलोचना देवी तथा रौशन यादव ईटा पत्थर चलाने लगा। जिससे उन लोगो को चोट लगा।

# कोटपा-2003 के तहत चलाया गया छापामारी अभियान

### धूम्रपान व तंबाकू बिक्री पर कड़ी कार्रवाई, कई दुकानदारों से वसूला जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : रविवार को उपायुक्त महोदय के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा 2003) की धारा 4, व 6ए, 6बी, 6सी के तहत विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के आई0टी0आई मोड़, प्रखण्ड कार्यालय एरिया, धर्मशाला मोड, तेलीडीह मोड, चास चेकपोस्ट एवं स्कूल व अस्पताल के आसपास के कुल 87 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 8600 रुपए की वसूली की



गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 तहत कोटपा कानून व अर्थदण्ड में बदलाव किया गया है जो निम्न है।

धारा-4 - सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 1000 एक हजार रुपए तक का जुर्माना। धारा-4ए - हुक्काबार पर पूर्ण प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को 3 वर्ष तक का कारावास जोकि 1 वर्ष से कम नही होगी तथा 100000 एक लाख रुपए तक का जुर्माना जोकि पचास हजार रुपए से कम नही होगी। धारा-5 - सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध। प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपएतक का जुर्माना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनो। धारा-6ए - 21 वर्ष से कम आयु के अवयस्को को तम्बाकू पदार्थ बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्माना। धारा-6बी - शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल एवं सरकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों के विक्रय पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्मानां। धारा-6सी खुला सिगरेट बेचने पर प्रतिबंध। उल्लंघनकर्ता को एक हजार रुपए तक का जुर्माना। धारा-7 - बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध। (उत्पादक/विनिमार्ता को) प्रथम अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रुपए तक का जुर्मानाअथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 5 वर्ष तक का कारावास एवं दस हजार रुपए) तक का जुमार्ना। (विक्रेता/वितरक) प्रथम अपराध की दशा में 1 वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनो। द्वितीय अपराध की दशा में 2 वर्ष तक का कारावास एवं तीन हजार रुपए तक का जुर्माना। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि उक्त कोटपा कानून का अनुपालन अवश्य करें साथ ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से सम्बन्धित कोई भी पोस्टर, बैनर, टैग अपने दुकानों के सामने न लगायें क्योंकि तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से करना कोटपा 2003 की धारा 5 का उल्लंघन है।

**संक्षिप्त खबरें**

## एमजीएम स्कूल गतका बोकारो जिला प्रतियोगिता में बना विजेता




**बोकारो** : प्रथम बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता में 200 अंकों तथा 17 गोल्ड, 09सिल्वर 17 ब्रोंज के साथ एमजीएम स्कूल बना विजेता एक दिवसीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन एमजीएम स्कूल बोकारो में किया गया बोकारो जिला गतका संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया कि बोकारो जिला गतका प्रतियोगिता में 150 अंक तथा 04 गोल्ड, 06 सिल्वर एवं 11 ब्रोंज मेडल के साथ पिट्स मॉडल गोमिया दूसरा उपविजेता तथा 100 अंक एवं 05 सिल्वर एवं 10 ब्रोंज मेडल के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल चास तीसरा उप विजेता बना गतका जिला प्रतियोगिता में बोकारो जिला के विभिन्न स्कूलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल चास,एमजीएम बोकारो, पिट्स मॉडल गोमिया, बोकारो मार्शल आर्ट अकैडमी के साथ-साथ अन्य कई स्कूलों से 200 बच्चों ने भाग लिया प्रतियोगिता के समापन समारोह में ने बच्चों को ओवरऑल ट्राफी एवं मेडल का वितरण कर बच्चों को उत्साहित किया तथा गतका खेल के प्रति जागरूक किया प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी क्रेडो वर्ल्ड स्कूल धनबाद में 23 और 24 अगस्त को आयोजित झारखंड राज्य गतका प्रतियोगिता में भाग लेंगे प्रतियोगिता में मैथिली ठाकुर पिट्स मॉडल गोमिया, अवनि कुमारी, आयुष बासुकी, जसमीत कुमार, देवराज मिश्रा,श्री गुप्ता एमजीएम स्कूल के विद्यार्थी तथा विवेक महतो दिल्ली पब्लिक स्कूल स्कूल चास को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए गए समापन समारोह में बोकारो ओलंपिक संघ के विपिन कुमार सिंह एमजीएम स्कूल के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस शामिल हुए समापन समारोह में बोलते हुए स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों को गतका खेल के प्रति जागरूक एवं खेलो-इंडिया और एसजीएफआई जैसे खेलों में बच्चों को भाग लेने को प्रेरित किया प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संचालन करने में पायल कुमारी,शुभम कुमार, हर्षित कुमार, संजू कुमार, प्रियांशु राज सिंह,आशीष कुमार,आयुष कुमार ठाकुर,वेदांत भारद्वाज का अहम योगदान रहा वही कोच के रूप में पिट्स मॉडल मॉडल गोमिया स्कूल से बालको के प्रशिक्षक नईम अंसारी एवं बालिकाओं के खुशी कुमारी दिल्ली पब्लिक स्कूल चास से राहुल प्रताप सिंह एवं एमजीएम स्कूल बोकारो से मोहसिन को जिला संघ की ओर से सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में सभी पदक विजेता आगामी सप्ताह 23 एवं 24 को क्रेडो वर्ल्ड स्कूल धनबाद में होने वाले झारखंड राज्य गतका प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## मानगो ऑफिस में गुरुजी को दी गई श्रद्धांजलि



बोकारो : तुपकाडीह से सटे चास प्रखंड के मानगो चौक स्थित झामुमो ऑफिस में रविवार को दिवंगत दिशोम गुरु सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झारखंडी सेना के जिलाध्यक्ष मंतोष सोरेन और बीरबल किस्कू ने कहा कि गुरुजी के निधन से राज्य की जनता दुखी हैं। मानगो ऑफिस उन्हीं की देन है। समय मिलने पर वे यहां आते थे। हम सब उन्हें नमन करते हैं। मौके पर एस चौधरी, पंसस सुखराम सोरेन, श्याम केवट, अम्बिका केवट, सुंदर केवट, रामलाल टुडू, मोहिउद्दीन अंसारी, राजेश महली व ग्रामीण मौजूद रहे।

## गृहस्थ जन्माष्टमी का उपवास 16 को करें बन रहे है कई शुभ मुहूर्त : कुंतलेश

कोडरमा : हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी पंचांग मुताबिक हर साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाए जाने का विधान है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव होता है। वहीं भगवान का जन्म मध्य रात्रि को हुआ था। इस दिन श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल के रूप में उनकी मूर्ति का पूजन करना शुभ होता है। पं कुंतलेश पाण्डेय ने बताया कि इस साल जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। साथ ही इस दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। पंचांग के मुताबिक 15 अगस्त को देर रात 11 बजकर 48 मिनट पर भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आरंभ होगी। वहीं, 16 अगस्त को रात 09 बजकर 35 मिनट पर अष्टमी तिथि का अंत होगा। भगवान कृष्ण का जन्म मध्य रात्रि में हुआ है। इसके लिए भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मध्य रात्रि में मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी पर शुभ मुहूर्त 16 अगस्त को रात्रि 12:05 से लेकर 12:45 तक रहेगा। इस अवसर पर गृहस्थ 16 को उपवास कर पूजा अर्चना करेंगे । आपको बता दें कि जन्माष्टमी की रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। शास्त्रों के अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण मथुरा नगरी में राजकुमारी देवकी और उनके पति वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में अवतरित हुए थे। मान्यता है कि जो व्यक्ति कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रख कर पूजा- अर्चना करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की आराधना करने से सुख- समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्माष्टमी का व्रत रखने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन लोग भजन कीर्तन करते हैं और जन्मोत्सव मनाते हैं। इस दिन के लिए मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जाता है।

## ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया के तहत किया गया पौधारोपण

**कोडरमा** : उपयुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार एवं मार्गदर्शन में रोटरी क्लब कोडरमा, भारत विकास परिषद एवं नगर परिषद झुमरी तिलैया के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को झूमरीतिलैया शहर के वातावरण को शुद्ध व क्लीन बनाने को लेकर ग्रीन तिलिया क्लीन तिलैया कार्यक्रम के तहत सड़क के किनारे गुलमोहर का पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि झुमरीतिलैया शहर को ग्रीन एवं क्लीन बनाने के साथ-साथ शहर देखने में सुंदर लगे। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वही कार्यक्रम के परियोजना निदेशक वीरू यादव ने कहा कि आज झुमरीतिलैया-शहर को सुंदर, स्वच्छ व आकर्षक बनाने के लिए सड़क के किनारे करीब 25 गुलमोहर के पौधे लगाए गए हैं। लेकिन हम लोगों का उद्देश्य पूरे शहर में करीब 200 पौधे लगाने का है। वहीं भारत विकास परिषद के पर्यावरण संयोजक अजय अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष पर्यावरण को शुद्ध रखने और लोगों को पूरा ऑक्सीजन मिले इस उद्देश्य से बहुउद्देशीय एवं छायादार पौधों को लगाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि जीवन जीने के लिए आवश्यक सभी चीजे जैसे शुद्ध हवा, साफ पानी, भोजन और रहने की जगह पर्यावरण से ही प्राप्त होता है। लेकिन आज हमारा पर्यावरण खतरे में है। इसलिए हम सबों को विशेष प्रयास कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन का हम सबों को मिलकर सहयोग करने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### माइकल किंडो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 15 अगस्त

**कुरडेग** : प्रखंड के माईकल किंडो स्टेडियम में 5वें दिन का धमाकेदार समापन कुरडेग का मैदान गूंज उठा गोल और जोश के नारों से पहला मुकाबला : ब्लैक टाइगर एफ सी बनाम जे जे एफ सी कुरडेग दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन आखिरी समय में ब्लैक टाइगर एफ सी ने 1–0 से जीत छीन ली और टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की। दूसरा मुकाबला : कुटमाकछार एफ सी बनाम दरीडीह एफ सी मैदान पर हर पल टक्कर का मंजर, हर पास पर दिल थाम देने वाला रोमांच! अंततः दरीडीह एफ सी ने 1–0 से बाजी मारते हुए अगले दौर में जगह पक्की की। मैच में खास मेहमान अमर जायसवाल (इंडियन आर्मी)और यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रत्याशी चन्दन सिंह, परविन खेस रहें। टूर्नामेंट संचालन टीम :आज मैच को सफल बनाने मे शिव कुमार उर्फ टांटू का अहम योगदान रहा। संरक्षक जीशान फिरदौस, अध्यक्ष नासिर अंसारी, सचिव नीलिमा खाखा, कोषाध्यक्ष संतोष जायसवाल, तथा तल्हा फरहान, तौफीक अख्तर, समी खान, नुसरत प्रवीन, राजन केरकेट्टा, माहिम अंसारी आदि। 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस फाइनल मैच होगा धमाकेदार। साथ में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता और भव्य आतिशबाजी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भूषण बाड़ा मौजूद रहेंगे। तैयार हो जाइए इस 15 अगस्त कुरडेग का मैदान बनेगा रोमांच का रणभूमि।

### विधायक के पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**सिल्ली** : सिल्ली 9 अगस्त को सिल्ली प्रखंड अंतर्गत ग्राम हजाम के ऊपर टोला मे 100 केवीए विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सिल्ली के माननीय विधायक अमित महतो के निदेर्शानुसार पंचायत के मुखिया सह झामुमो के सिल्ली प्रखंड कोषाध्यक्ष श्री गंगानारायण सिंह मुंडा जी के द्वारा विधिवत रूप से फीता काट कर संपन्न हुआ! मौके पर झामुमो के सक्रिय सदस्य निर्भय मांझी, राजेश पातर मुंडा, राकेश मांझी, दिनेश कुम्हार,दलगोविन्द (चामु) कोइरी,परदेशी कोइरी एवं मिस्त्री बद्री कोइरी, रेंघु कोइरी एवं उपस्थित ग्रामीण लीलेश्वर कोइरी, भोला सिंह मुंडा,संतोष कोइरी, विश्वनाथ कोइरी, धर्मेंद्र पातर मुंडा, गुरुपद पातर मुंडा, त्रिलोचन पातर मुंडा आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा समिति के शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान

**पटमदा** : पटमदा के श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लावा (बेलटांड़) की ओर से रविवार को डोरेन सिंह मुंडा स्मृति भवन में आयोजित शिविर में 63 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन जमशेदपुर के डीएफओ आरपी सिंह ने मां दुर्गा की पूजा –अर्चना एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन व समिति के संस्थापक सदस्यों दशरथ मंडल, आदित्य हालदार, मथुर माझी व धनंजय उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए किया। मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी व विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, समाजसेवी पवन अग्रवाल, उपमुखिया गोपाल गोराई, सांसद प्रतिनिधि शिवचरण सिंह सरदार व पटमदा इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान समिति की ओर से अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव विजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद मंडल, गोपाल कुमार, प्रदीप कुमार अग्रवाल, तापस हालदार, मुरारी कुमार, कृष्ण प्रसाद महतो, किशोर सिंह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# हजारीबाग रोड स्टेशन पर विकास कार्य ठप, अमृत भारत योजना में देरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन, जो कभी क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था, आज अपनी बदहाल स्थिति के कारण चर्चा में है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 6 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई थी। इस समारोह में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित थीं। इस योजना के तहत स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिए 28.1 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य की प्रगति कछुआ गति से चल रही है, जिससे यात्रियों में निराशा बढ़ रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण सुधार कार्य प्रस्तावित थे। इनमें 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, यात्री शेड का निर्माण, प्लेटफॉर्म का विस्तार, रेलवे बगीचे का सौंदर्यीकरण, वेटिंग हॉल का नवीनीकरण, और रेल यात्रियों के लिए अन्य आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था शामिल थी। इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों को हवाई अड्डे जैसा अनुभव प्रदान करना और स्टेशन को क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान के साथ जोड़ना था। शिलान्यास के दो वर्ष बाद भी स्टेशन पर प्रस्तावित कार्यों में से केवल 30% ही पूर्ण हो पाया है। निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण स्टेशन परिसर की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बारिश के मौसम में स्टेशन के आसपास बने गड्ढों और नालों में पानी जमा हो जाता है, जिससे वाहनों के आवागमन के दौरान यात्रियों पर कीचड़ और पानी के छीटे पड़ते हैं। इस स्थिति ने स्थानीय लोगों और यात्रियों में आक्रोश को जन्म दिया है, और कई बार विरोध की स्थिति भी उत्पन्न हुई है। रेलवे प्लेटफॉर्म पर भी चल रहे निर्माण कार्यों की धीमी रफ्तार के कारण यात्रियों को ट्रेन से चढ़ने-उतरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधूरे प्लेटफॉर्म और अव्यवस्थित यात्री शेड के कारण यात्रियों को असुविधा हो रही है। स्थानीय निवासी एल एन पांडे ने बताया, दो साल पहले बड़े जोश के साथ योजना की शुरूआत हुई थी, लेकिन अब तक कुछ खास बदलाव दिखाई नहीं दे रहा। स्टेशन की हालत पहले से भी खराब हो गई है। वाहनों के आवागमन से स्टेशन परिसर में गंदगी और अव्यवस्था का आलम है। बारिश के मौसम में गड्ढों में जमा पानी यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया है। कई बार स्थानीय लोगों ने ठेकेदारों और रेलवे अधिकारियों के खिलाफ विरोध जताया है, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हो रहा। एक यात्री ने कहा, ॠट्रेन से उतरते समय कीचड़ और पानी के बीच से गुजरना पड़ता है। यह स्टेशन किसी आधुनिक सुविधा केंद्र से ज्यादा जंगल जैसा लगता है। इस संबंध में जब स्थानीय स्टेशन अधीक्षक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कहा की इस संबंध में आई ओ डब्लू के अधिकारी जानकारी देंगे जब आई ओ डब्लू के अधिकारि को दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उधर से कोई जवाब नहीं मिला।


## सिमडेगा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में प्रार्थना सभा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : झामुमो सिमडेगा सचिव सफीक खान और जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता, झारखंड के महानायक आदिवासी अस्मिता और संघर्ष के प्रतिक बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के याद में शोक सभा का आयोजन किया। सिमडेगा जिला के ग्राम सियादोहर प्रखंड टी.टांगर सिमडेगा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लिए प्रार्थना सभा किया गया। झामुमो जिला सचिन सफीक खान ने कहा गुरूजी हम सभी के अभिभावक हमारे आदर्श परम आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी हम सभी को छोड़ कर चले गए। उनका जाना हम सभी के लिए, समस्त झारखंड वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसका भरपाई नहीं किया जा सकता है। जिला उपाध्यक्ष अनिल तर्की ने कहा गुरु जी झारखण्ड के अग्रणी योद्धा रहे हैं जो आखरी दम तक झारखंड के लिए लड़ते रहे हैं। वह हमेशा हमारे साथ हमारे हृदय में रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में झामुमो जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग नगर अध्यक्ष अनस आलम और गांव के सभी लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं का सिल्ली में अभिनंदन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली 10 अगस्त को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू, पूर्व सांसद डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, श्री सच्चिदानंद चौधरी, श्री अजय सिंह का सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारीगण कार्यकताओं के द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, प्रकाश मुंडा, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशिष दत्ता, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, समसेर आलम, महताब अंसारी, सदानंद सोनार, लखिन्द्र बड़ाईक, लालू कोईरी, बिंदेश्वर महतो, दशरथ कुम्हार, अल्पसंख्यक जिला महासचिव रमजान अंसारी इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## डीलर्स एसोसिएशन की हुई बैठक, एक सितंबर से हड़ताल पर जाने की बनी रणनीति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : रविवार को पटमदा प्रखंड में फेयर प्राइस शॉप डिलर्स एसोसिएशन पटमदा और बोड़ाम प्रखंड कमिटी की संयुक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रखंड के सभी दुकानदार महिला समूह समिति का कमिशन विगत कई माह से बकाया रहने के कारण दुकानदार एवं महिला समूह समिति के परिवार एवं उनके बाल बचे भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके है,संघ के माध्यम से डीलर्स हित में कमिशन का भुगतान के लिए कई बार जनप्रतिनिधि से लेकर आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी तक ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगा चुके है,लेकिन अभी तक दुकानदारों को कमिशन का भुगतान विभाग के द्वारा नहीं किया गया हैं, जिसके चलते आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए मजबूरी में प्रखंड के सभी दुकानदार, महिला समूह समिति ने निर्णय लिया है कि जबतक विभाग बकाया कमिशन का भुगतान नहीं कर देती हैं तबतक सितंबर माह से राशन का उठाव एवं वितरण करने में असमर्थ रहेंगे, उनकी प्रमुख मांगो के प्रति प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं। (1) प्रखंड के सभी दुकानदारों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित एन एफ एस ए के अन्तर्गत निःशुल्क राशन वितरण पर विगत दिसंबर 2024 से अगस्त 2025 तक कमिशन का भुगतान बकाया है। (2) प्रखण्ड के सभी दुकानदारों का राज्य सरकार द्वारा संचालित जे एफ एस ए के अंतर्गत ग्रीन कार्ड का निःशुल्क राशन वितरण पर माह दिसम्बर 2023 से जुलाई 2025 तक कमिशन बकाया है। (3) प्रखंड के सभी दुकानदारों को राज्य सरकार के द्वारा संचालित जे एफ एस ए के अंतर्गत चना दाल एवं नमक के निशुल्क वितरण पर माह अप्रैल 2024 से कमिशन का भुगतान बकाया है। (4) प्रखंड के सभी दुकानदार एवं उनके परिवारों को राज्य सरकार के द्वारा निःशुल्क स्वस्थ्य लाभ की सुविधा मुहैय्या कराया जाए। (5) प्रखंड के सभी दुकानों में राज्य सरकार के द्वारा दी गई,ई पास मशीन एवं वजन मशीन की रिपेयरिंग,पाट्र्स की लागत निःशुल्क कराई जाए। (6) प्रखंड के सभी दुकानों में 2जी ई पास मशीन के जगह 5जी नेटर्वक वाले ई पास मशीन अविलंब दिया जाए। (7) प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को अन्य राज्यों के तरह तीस हजार रुपए मानेदय या दस हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाय।

## सरिया के परसिया गांव में पांच किलोमीटर की मैराथन दौड़ 16 को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : त्रिशक्ति संस्था के बैनर तले आगामी 16 अगस्त को सरिया क्षेत्र के परसिया मे पाँच किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता होगी। इसके सफल संचालन को लेकर आयोजक सूरज कुमार के नेतृत्व में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में मैराथन दौड़ की प्रतियोगिता को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। आयोजन कर्ता सूरज कुमार ने बताया कि 16 अगस्त को आयोजित उक्त मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को लेकर पंजीकरण प्रारंभ हो गया है इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता लाना, फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना है। जिससे कि इस क्षेत्र से अधिक से अधिक लोग आर्मी में जा सके। अपने परिवार गांव और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्हें अनुशासन और एकता के महत्व को समझने का अवसर भी इस दौड़ से मिलेगा। कहा कि आज के युवा अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं, नशा की ओर बढ़ रहे हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उनकी सोच में बदलाव लाना, नशा मुक्ति तथा भटके हुए युवाओं को सही रास्ते पर लाना त्रिशक्ति संस्था का उद्देश्य है। बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता भविष्य में भी की जाएगी। बैठक में राजेश रवानी, मुकेश यादव, विकास राणा, लखन राम, विनोद राणा, पवन यादव, दीपक यादव, शंकर यादव, कुलेश्वर सिंह, सिकंदर यादव, चंदन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस ने वोट चोरी पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा ॠवोट की चोरीॠ विषय पर प्रोजेक्टर द्वारा पर्दा पर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के प्रजेंटेशन को देखा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक एक पदाधिकारी सजग हो कर पुरा प्रजेंटेशन को ध्यानपूर्वक देखने का कार्य करें। इस प्रजेंटेशन से बहुत कुछ देखने समझने का अवसर प्राप्त होगा। सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्षगण अपने अपने क्षेत्र में आम जनता के बीच वोट की चोरी और अव्यवस्था का चर्चा करें। जिससे मतदान के सभी विसंगतियों को दूर करने में जन आंदोलन खड़ा की जा सके। फर्जी लोगों का नाम अनेकों बुथों में जोड़ा गया है, एक एक घर संख्या में 80 लोगों का नाम जोड़ा गया है। यही तो वोट चोरी है। कई घटना में मतदाता के पता भी नही है, पिता का नाम में हेराफेरी है। पाँच माह में लाखों करोडों वोटर को गलत मंशा से जोड़ दिया गया है, यही तो वोट की चोरी है। एक मतदाता दो या चार बुथों में नाम दर्ज करा कर फर्जी मतदान भी कर रहें है। यह गडबड़ी कर्णाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में दिख रहा है। अब हमें हर बुथों का निरीक्षण करना होगा। निर्वाचन आयोग मतदान के दिन सीसीटीवी लगाकर मतदान कराया, अब उस फुटेज को निर्वाचन आयोग कांग्रेस पार्टी को सौंपे। फर्जी वोट करने एवं अनेको बुथों में नाम दर्ज करने वालों एवं षड्यंत्र करने वालों को जेल में डालने का काम कोर्ट सुनिश्चित करे। इसके साथ साथ वोट चोरी के दम पर बने सरकार को भी बर्खास्त करे। प्रजेंटेशन प्रबंधन कार्य को अनुपम सिन्हा, संजय सिंह आजाद, ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी ने सम्पादित किया। प्रजेंटेशन देखने हेतू वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, समरेन्द्र नाथ तिवारी, जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष अली रजा खान, राजू गद्दी, नारायण डे, मुन्ना मिश्र, दीपक यादव, अभिषेक मोहंती, विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र कुमार तिवारी, अरूण कुमार सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, मो शब्बीर, जिला महामंत्री गुरदीप सिंह, बिरेंद्र पाण्डेय, हरिहर प्रसाद, शमशेर आलम, राजकिशोर प्रसाद, अमर कुमार मिश्र, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अंसार खान, अजय मंडल, महिला अध्यक्ष नलिनी, संजय यादव, विनोद कुमार सिंह प्रवीण महानंद प्रवक्ता राजीव मिश्र अनमोल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### दिशोम गुरु की स्मृति में सिमडेगा पत्रकार संघ ने अस्पताल में किया फल वितरण



**सिमडेगा** : गरीब, वंचित, शोषित लोगों के हक और अधिकार के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राज्य के दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देते हुए सिमडेगा पत्रकार संघ ने रविवार को सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल का वितरण किया। गुरु जी के सेवा ही लक्ष्य के विचारों को आत्मसात करते हुए मरीज के बीच फल वितरण करते हुए सिमडेगा पत्रकार संघ ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि गुरु जी सिर्फ राज्य के ही नहीं बल्कि पूरे देश के गरीब, वंचित, शोषित लोगों की आवाज थे। उन्होंने कहा कि आज गुरु जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार आज भी हमें ऊर्जा देती है। संघ ने राज्य के सीएम हेमन्त सोरेन को भी जन्मदिन की बधाई देते हुए उनसे गुरु जी के प्रतिबिंब के रूप में पूरे राज्य के लोगों की सेवा करने की कामना की। मौके पर संघ के अफजल इमाम, वाचस्पति मिश्र, दीपक रिंकू, शंभू सिंह, विकास साहू, कुश बड़ाईक, अमन मिश्रा, बलभद्र बड़ाईक, सत्यम केशरी और अरुण राम आदि मौजूद रहे।

### हेमन्त सोरेन को जन्मदिन की बधाई दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि : अमृत चिराग



**सिमडेगा** : भारत आदिवासी पार्टी सिमडेगा के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने झारखंड के यशस्वी, जनप्रिय और संघर्षशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। तिर्की ने कहा मुख्यमंत्री सोरेन जी ने हमेशा गरीब, आदिवासी, दलित, वंचित और शोषित समाज के हक और अधिकार की लड़ाई को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में झारखंड ने सामाजिक न्याय, विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुआ है। हम कामना करते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा और भगवान सिदो–कान्हू की कृपा से हेमन्त सोरेन जी दीघार्यु हों, स्वस्थ रहें और झारखंड को आगे बढ़ाने का उनका मिशन सफल हो। जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के पूज्य पिता, झारखंड आंदोलन के अमर सेनानी, देश के आदिवासियों के सबसे बड़े नेता और झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री रहे दिशुम गुरु शिबू सोरेन जी के हाल ही में हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अमृत चिराग तिर्की ने भावुक शब्दों में कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का जीवन त्याग, संघर्ष और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा, आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य के गठन के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनका जाना केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के आदिवासी समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी विचारधारा और सिद्धांत हमारे संघर्ष का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारत आदिवासी पार्टी, सिमडेगा की पूरी टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के साथ खड़ी है और दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के सपनों के झारखंड को बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

### धावाईटोली में हाथियों का उत्पात, ग्रामीण परेशान



**सिमडेगा** : प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के धावाईटोली में जंगली हाथियों द्वारा जमकर उत्पात मचाते हुए घरों के साथ–साथ खेतों में लगे फसलों को भी जमकर नुकसान पहुंचा रहा है जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस बात की जानकारी मिलते ही विधायक विक्सल नमन कोनगाड़ी के निर्देश पर उनके विधायक प्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख ने सहयोग के रूप में चावल और प्लास्टिक त्रिपाल देने का काम किया। साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने मौके पर से ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी तक पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके तथा वन विभाग को भी इसकी सूचना दिया जाए। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, उत्तम समद शाहबाज आदि उपस्थित थे।

### लोक सेवा समिति की 34वीं वर्षगांठ 31 अगस्त को



**अनगड़ा** : रांची शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण सद्भावना सामाजिक विकास और मानवाधिकार के क्षेत्र में पिछले 34 वर्षों से निरंतर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत लोक सेवा समिति झारखण्ड की राजधानी रांची में एक कार्यक्रम का आयोजन कर जिससे एक परिचर्चा ॠयुवा मे बढ़ता नशा और हिंसाॠ एवं इस पर आधारित ॠप्रेरणाॠ नामक स्मारिका का लोकार्पण और सम्मान समारोह आदि का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम झारखंड रत्न दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह की स्मृति और सम्मान को समर्पित होगा। समारोह में लोक सेवा समिति सेवा की 34वीं वर्षगांठ समारोह जिसमें संस्था की दशकों लंबी सेवा यात्रा और देशभर में किए गए सामाजिक कार्यों का स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर कई विशिष्ट व्यक्तियों को उनके असाधारण योगदान के लिए झारखंड रत्न विशिष्ट सेवा सम्मान एवं राष्ट्रीय महिला गौरव सम्मान से चयन समिति द्वारा चयनित विभूतियों/ संस्थानों को विभूषित किया जाएगा। यह आयोजन केवल हमारे 34 वर्षों की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि उन सभी को सम्मान देने का अवसर है जिन्होंने समर्पण भाव और समर्पित कर झारखंड और देश की प्रगति में योगदान दिया है।

# नशे के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक और राष्ट्रीय मुहिम की जरूरत

नशे के विरुद्ध एक सामाजिक युद्ध जरुरी है। यह नशा रुपी कलंक पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा बना हुआ है। नशे का यह विनाशक तत्व किस तरह से हमारी सामाजिक जड़ों तक पहुंच रहा है, उसकी कुछ बानगी देखिये-

-हाल ही में एक पिता नशे की हालत में अपने आठ साल के बच्चें की छाती पर बैठ गया और इतना टार्चर किया कि बच्चे का दम निकल गया।

-मेरठ में मुस्कान ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की बर्बरता से हत्या कर दी, पता चला कि दोनों ने हत्याकांड को अंजाम देने से पहले नशे का सेवन किया था।

-उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में भाई ने दूसरे भाई को आटा चुराने के कारण जान से मार दिया, हत्यारा भाई शराब के नशे का आदी था।?

-अमरोहा में शराब के नशे में एक युवक ने पत्थर से मार-मार कर छोटे भाई की जान ले ली।

देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसी घटनाएं रोज घटित हो रही है। तब अहसास होता है कि आजादी के 77 वर्ष पूरे होने की बाद आज जिस विकसित राष्ट्र की संकल्पना को लेकर इस देश का युवा जिसको देश के स्वर्णिम कल का वह प्रहरी माना जा रहा है जिसके बूते भारत विश्व गुरु बनने का सपना पूरा करेगा और यह सच भी है कि विश्व गुरु बनाने में युवाओं का ही विशेष महत्व और भूमिका है। किंतु आज देश का युवा नशे की गिरफ्त में चला जा रहा है और समाज इसकी चिंता करने के बजाय लगातार इसकी अनदेखी कर रहा है। एक समय था कि जब पड़ोसी को भी यह चिंता रहती थी कि हमारे पड़ोसी का बालक किसी गलत संगत में ना पड़ जाए किंतु जबसे मानवीय व्यवहार में परिवर्तन आया और लोग केवल हम और हमारे दो की भावना और स्वार्थ में डूब गए। तब से ऐसा ग्राफ गिरा है कि आज पूरा समाज ऐसी अवधारणा का शिकार है जहां केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और अति अवसरवादी सोच से पीड़ित है जो कि पूरे राष्ट्र को बीमारू बना देगी। आज यदि आंकड़ों के दृष्टिकोण से बात की जाए तो अलग-अलग प्रदेशों में नशे की चंगुल में उत्तर प्रदेश में 5.60 करोड़, महाराष्ट्र में 2.06 करोड़, बंगाल में 1.44 करोड़, पंजाब में 1.40 करोड़, मध्य प्रदेश में 1.32 करोड़, तमिलनाडु में 98 लाख, हरियाणा में 91 लाख, छत्तीसगढ़ में 97.20 लाख, उड़ीसा में 86 लाख, आंध्र प्रदेश में भी 86 लाख युवा किसी न किसी प्रकार के नशे के चंगुल में फंस कर जीवन बर्बाद कर चुके हैं। सवाल यह है कि यह इस स्तर तक कैसे पनप रहा है। नशा न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या वरन एक ऐसी राष्ट्रीय समस्या है जिसका निवारण करने हेतु हर उस व्यक्ति को आगे आना होगा। जो स्वयं को इस देश का नागरिक समझता है उसको अपनी प्राथमिकता में इसका निवारक सदस्य बनना होगा। हजारों लोग नशे की लत के कारण, न मिल पाने की स्थिति में आत्महत्या से लेकर परिजनों की हत्या तक कर चुके है। नशे के पैसे ना मिलने पर आत्महत्या जैसे मामलों की बड़ी संख्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2021 में 75000 से अधिक मामले दर्ज किये। हर साल 9000 लोग नशे के कारण आत्महत्या करते हैं। पंजाब, हरियाणा जैसे राज्य में हर वर्ष 15 प्रतिशत वृद्धि हो रही है समस्या की गंभीरता को देखते हुए देश के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका संज्ञान लेते हुए हर स्तर की बैठक लेते हुए इसकी उपलब्धता को समाप्त करने के लिए देश के अंदर और बाहरी सीमाओं की नाकेबंदी और कठोर नियम बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं। नशा केवल एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं यह पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा है। नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून लागू करना है पर्याप्त नहीं है इसे रोकने के लिए एक ऐसे जागरूकता अभियान की, पारिवारिक सहयोग, युवाओं से संवाद, स्कूल एवं कॉलेज में अध्यापकों को प्रहरी की भूमिका निभाते हुए आगे आना होगा।

# चुनाव आयोग पर फूटा राहुल का 'एटम बम'?

**तनवीर जाफरी**

भारत वर्ष को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जहां दुनिया जानती है वहीं यहाँ होने वाले चुनाव भी पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। कई बार विश्व के नेताओं के प्रतिनिधिमंडल हमारे विशाल देश की चुनावी प्रक्रिया को देखने व समझने के लिये चुनावों के दौरान भारत आते रहे हैं। उधर भारतीय चुनाव आयोग जहां इस विशाल चुनाव के सफल संचालन का हमेशा श्रेय लेता आया है वहीं इन्हीं चुनावों में प्रायः कहीं न कहीं चुनावी धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। विगत में लोकसभा व विधानसभा के कुछ चुनाव तो ऐसे भी संपन्न हुये जिनके परिणामों ने चुनाव पूर्व होने वाले सभी सर्वेक्षणों को पूरी तरह नकार दिया। वैसे भी जब से देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट पड़ने शुरू हुये हैं उसी समय से मतदान की निष्पक्षता पर सवाल उठते रहे हैं। स्वयं भारतीय जनता पार्टी के ही वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रह्मण्यम स्वामी, व राज्यसभा सांसद जी.वी.एल. नरसिम्हा राव जैसे कई प्रमुख नेताओं ने समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुये इसके इस्तेमाल का विरोध किया है।

बहरहाल 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद एश्ट की विश्वसनीयता का सवाल अब विपक्षी दलों द्वारा किया जाने लगा है। पिछले एक दशक से होने वाले लगभग सभी चुनावों में EVM से होने वाली धांधलियों के अनेक आरोप लगते रहे हैं। कभी EVM बदलने के तो कभी EVM चोरी होने के। कभी मतदाताओं को यह कहते सुना गया कि उन्होंने वोट तो कहीं और दिया परन्तु VVPAT मशीन किसी दूसरे निशान पर वोट पड़ा बताती है। हालाँकि पिछले चुनावों में कई बार कई राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें भी बनीं परन्तु EVM का विरोध निरंतर जारी रहा। दिल्ली में जंतर मंतर पर अनेक बार एश्ट विरोधी प्रदर्शन भी हुये। देश के वकीलों का एक बड़ा वर्ग खुलकर EVM के विरोध में खड़ा हुआ परन्तु सरकार व चुनाव आयोग एश्ट पर ही विश्वास जताते रहे। परन्तु अब मामला एश्ट की विश्वसनीयता से भी आगे बढ़कर वोटर लिस्ट में हो रही भयंकर धांधली का उजागर हुआ है। और इसका भंडाफोड़ किया है लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने।

गत 7 अगस्त को राहुल गांधी ने 'बड़े पैमाने पर हो रही चुनावी धोखाधड़ी को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र में, महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए मतदाता सूचियों में, विशिष्ट




अनियमितताओं को उजागर किया। राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल (महादेवपुरा) क्षेत्र में, कुल 6.5 लाख मतदाताओं में से, 1 लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे उस क्षेत्र में भाजपा की 1,14,046 मतों के महत्वपूर्ण अंतर से जीत हुई। उन्होंने मतदाता सूची में विसंगतियों के उदाहरण दिए और मतदाता सूचियों में हेराफेरी, डुप्लिकेट मतदाता,साक्ष्यों का विनाश और पारदर्शिता का अभावः, असामान्य मतदान पैटर्न आदि विषयों को प्रमाण सहित उठाया। गांधी ने कथित वोट चोरी में शामिल चुनाव आयोग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने उनके कार्यों को "देशद्रोही" और राष्ट्रहित के विरुद्ध करार दिया, और कहा कि कांग्रेस उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। राहुल गांधी ने छः महीने की कड़ी मशक़्क़त के बाद कांग्रेस द्वारा जुटाए गए इन सबूतों को "परमाणु बम" का नाम दिया। उन्होंने कहा कि इनके सार्वजनिक प्रकाशन से चुनाव आयोग की भूमिका उजागर हो जाएगी और उसके पास "छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी।"

दरअसल राहुल गाँधी के मांगने पर चुनाव आयोग ने लगभग तीन क्विंटल से भी अधिक कागजों के विशाल बण्डल उन्हें भेजे थे। राहुल ने अपने विशेषज्ञों के साथ इन कागजात में से केवल 4 किलो कागज का चुनाव किया और बड़ी बारीकी से उनका डेटा अध्ययन किया। जब इन कागजात में ही वोटों की बड़ी चोरी पकड़ी गयी तभी राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुँच गये कि जब 4 किलो कागजात फर्जी हैं तो शेष सैकड़ों किलो कागजात भी फर्जी ही हैं। गोया अब सवाल महादेवपुरा विधानसभा का ही नहीं बल्कि देश की प्रत्येक विधानसभा और लोकसभा सीटों के चुनाव का है? यही वजह है कि अब राहुल गाँधी देश की सभी 543 लोकसभा का वोटर डेटा मांग रहे हैं। वह इसीलिये "मशीन रिडेबल" डेटा की मांग कर रहे हैं ताकि डेटा और फोटो एनालिसिस हो सके। कांग्रेस का मानना है कि यदि चुनाव आयोग ने मशीन डेटा दे दिया तो मात्र 7 दिनों में हर एक वोटर की पहचान हो जाएगी और SIR करने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी। और मशीन डेटा से रोहंगिया , बांग्लादेशी, पाकिस्तानी, नेपाली जो भी फर्जी मतदाता होंगे सभी सामने आ जायेंगे।

परन्तु आश्चर्य है कि भारतीय इतिहास में पहली बार नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा चुनाव आयोग पर इतने गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। पूरी सरकार व प्रधानमंत्री तक को फर्जी सरकार का फर्जी प्रधानमंत्री बताया जा रहा है। परन्तु भाजपा व चुनाव आयोग दोनों ही एक दूसरे के पीछे छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वही पुराना राग अलाप रहे हैं कि राहुल गांधी के आरोप "निराधार", "शर्मनाक" और "लोकतंत्र का अपमान" हैं। और भाजपा नेताओं के अनुसार ये आरोप कांग्रेस की हार से उपजी हताशा का परिणाम हैं । उन्होंने कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपनाने की चुनौती दी और निर्वाचन आयोग की 'निष्पक्षता' का बचाव किया। साथ ही भाजपा ने इसे कांग्रेस द्वारा संवैधानिक संस्थानों पर हमले के रूप में वर्णित किया।

याद कीजिये केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख वोटरों के नाम काट दिये गए थे। किसने कटवाये थे यह नाम? क्यों काटे गये? ऐसी अनियमिताओं की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की नहीं तो किसकी है? किसके इशारे पर होता है यह काम ? क्या यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के खिलाफ "साजिश" नहीं? राहुल गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि महाराष्ट्र में केवल पाँच महीनों में लगभग 40 लाख संदिग्ध मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। उधर महाराष्ट्र में ही कई प्रत्याशी भी यह कहते सुने गये कि भाजपा नियंत्रित अधिकांश बूथ पर शाम पांच बजे के बाद 'अनजान मतदाताओं' की बड़ी भीड़ इकठ्ठा हुई थी। कौन थे कहां से आये थे ये मतदाता? चुनाव आयोग को नेता प्रतिपक्ष के प्रत्येक संदेह व आरोप का संतोषजनक उत्तर देना चाहिये ताकि देश और दुनिया यह जान व समझ सके कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव निष्पक्ष संपन्न होते हैं। और जो भी ऐसी साजिशों के स्वयंभू 'चाणक्य ' हों उन्हें बेनकाब कर उनके विरोध देशद्रोह का मुकददमा चलना चाहिये। अन्यथा राहुल से हलफनामा मांगने जैसी बातें करना तो उनके संगीन आरोपों से मुंह छुपाने का बहाना मात्र प्रतीत होती हैं।

# अमेरिकी टैरिफ को निष्फल करने के दो ही उपाय, स्वदेशी और डॉलर पर निर्भरता को कम करना

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' अभियान में 'स्व' और 'स्वदेशी' पर जोर, फिर एक बार देशभर में 'स्वदेशी जागरण मंच' का पुनः तेज गति से सक्रिय होना, उसके बाद स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'स्वदेशी' पर बोलना और देश की जनता से आह्वान करना कि भारत को सशक्त बनाने के लिए 'स्वदेशी' को जीवन में अपनाएं, इसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का यह कहना कि सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति यह है कि हम 'इम्पोर्ट' को कम करें और 'एक्सपोर्ट' को बढ़ाएं। विश्वगुरु बनने के लिए यह जरूरी है। और इस सब के बीच वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50% टैरिफ लगाने का एलान करना, जिसके बाद से लगातार भारतीय शेयर मार्केट एवं 'रुपए' के सामने चुनौतियों का अंबार लगा हुआ दिखाई देता है।

वस्तुतः इन सभी परिदृश्यों से यही समझ आता है कि आप कमजोर राष्ट्र के रूप में रहेंगे तब तक आपको कोई अंतरराष्ट्रीय चुनौती नहीं। आप दूसरों के लिए एक बाजार के रूप में इस्तेमाल होते रहेंगे और आपके संसाधनों पर दूसरे देशों का प्रभुत्व एवं नीति निर्माण में दूसरे देशों का हस्तक्षेप रहेगा। खासकर उन देशों का जो दुनिया में अपना वर्चस्व चाहते हैं, किंतु जैसे ही आप मजबूत स्थिति में आएंगे आपको चुनौती मिलना शुरू हो जाएंगी। तब क्या कमजोर बना रहना चाहिए? क्या दुनिया के ताकतवर देशों की दया पर निर्भर रहना चाहिए? निश्चित ही एक स्वाभिमानी 'मनुष्य' की तरह ही एक 'राष्ट्र' का भी उत्तर यही आएगा कि बिल्कुल नहीं। सशक्त और सामर्थ्यवान होना प्रत्येक मनुष्य और राष्ट्र की आवश्यकता है। जिसमें कि कोई भी राष्ट्र चरणबद्ध तरीके से सबलता की ओर आगे बढ़ता है, पहले व्यक्ति, फिर परिवार, समाज और उसके बाद किसी भी राष्ट्र का शक्ति सम्पन्न होने का समय आता है।

अब दुनिया के देशों के बीच भारत अपनी तुलना करें और देखे कि वह कहां हैं? स्वभाविक है कि विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते ही सबसे अधिक उसके सामने परेशानी खड़ी करने का प्रयास उस देश की तरफ से हो रहा है जोकि विश्व के आर्थिक आंकड़ों में नंबर एक पर (अमेरिका) बैठा है। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था जल्द बनने जा रहा है, यह भी आंकड़े आ रहे हैं और तभी यह अमेरिका अचानक से 50 प्रतिशत का टैरिफ बम भारत पर छोड़ देता है और उसके बाद की सभी स्थितियां सामने हैं हीं। भारत का रुपया, शेयर मार्केट सभी पर इसका भयंकर नकारात्मक असर दिख रहा है।

विश्व की जितनी भी आर्थिक विश्लेषक एजेंसियां है, उनका कहना है कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ बढ़ाने का प्रभाव भारत के लिए एक बड़ा संकट लेकर आने जैसा है। क्योंकि भारत का निर्यात जोखिम $30-35 बिलियन का हो गया है। जीडीपी पर असर 0.2% से लेकर 0.8% (विभिन्न अनुमान) के अनुसार सामने दिखाई दे रहा है। निर्यात कटौती लगभग $8.1 बिलियन की अनुमानित है। ज्वेलरी और टेक्सटाइल्स व्यापार पर 6,000 करोड़ से भी ऊपर का जोखिम मंडरा रहा है और जीडीपी ग्रोथ में 25-80 बेसिस प्वाइंट तक गिर जाने का अनुमान है। क्योंकि अमेरिकी 50% टैरिफ की घोषणा के बाद, बीएसई सेंसेक्स लगभग 765 अंक (लगभग 0.95%) और निफ्टी 50 लगभग 233 अंक (लगभग 0.95%) टूटे। यह गिरावट सितम्बर-मई के बाद तीन महीने की सबसे बड़ी थी। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 4,997 करोड़ ($571 मिलियन) नगद निकाला। यह केवल एक दिन का आंकड़ा है, अगले दिनों बिक्री जारी रही।

आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ प्रमुख कॉर्पोरेट शेयरों के मूल्य में 24,000 करोड़ तक का मूल्य घटा। यदि हम सेंसेक्स की 765-इंर्नट अंक की गिरावट को बाजार पूंजीकरण के संदर्भ में देखें, तो यह गिरावट ट्रिलियन्स (लाखों करोड़ों रुपये) के स्तर पर हो सकती है। हालांकि, सटीक राशि का आकलन बीएसई और एनएसई और संबंधित कंपनियों की कुल बाजार पूंजीकरण से गणना करने पर निर्भर होगा। लेकिन निम्नलिखित दो प्रमुख निष्कर्ष सामने आते हैं, रीअल-टाइम नुकसान- 24,000 करोड़ (एक्सपोर्ट स्पेसिफिक सेक्टर्स) और निवेश बहिर्वाह- 4,997 करोड़ विदेशी संस्थागत निवेशक (एक दिन में एफआईआई निकासी)।

आज के संदर्भ में यह एक आंकड़ा है; अगस्त माह की शुरूआत से अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटीज से लगभग 18,000 करोड़ की निकासी की है। जुलाई में वैश्विक निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से $2 बिलियन निकाले और अगस्त की शुरूआत में यह आंकड़ा $900 मिलियन तक पहुँच गया है। कुल तथ्य यह है कि टैरिफ की घोषणा के बाद भारत के शेयर बाजार ने केवल अंक-आधारित गिरावट नहीं देखी, बल्कि इस दौरान बहुत अधिक ही एफआईआई बहिर्वाह हुआ।

अब प्रश्न यह है कि अमेरिका इतना सब कुछ करने में सफल कैसे हो रहा है? डोनाल्ड ट्रंप ने बोला कि वह 50 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगा रहे हैं और उनके ये कहते ही भारत पर इसका असर होना शुरू हो गया। निवेशकों का भरोसा टूटने लगा तथा रुपया कमजोर होने लगा? देखा जाए तो इसका एक ही उत्तर है, डॉलर में वैश्विक व्यापार का होना। स्वभाविक है इतना भारी भरकम टैरिफ लगाने से भारतीय वस्तुएं महंगी हो जाएंगी, इसलिए जहां व्यापार डॉलर में करना है तो वहीं अपना धन लगाया जाए, यहां से इस डॉलर की शुरूआत है और अब दुनिया में जो भी भारत से निवेशक बाहर जा रहे हैं, उनमें ज्यादातर अमेरिका में निवेश कर रहे हैं। इसलिए आज की सबसे बड़ी आवश्यकता डॉलर को चुनौती देने की है।

वर्तमान में अमेरिका की अर्थव्यवस्था अब भी दुनिया की सबसे बड़ी और स्थिर अर्थव्यवस्था मानी जाती है, क्योंकि डॉलर का वैश्विक मुद्रा भंडार में हिस्सा करीब 58% है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में इसका उपयोग 80% से ज्यादा लेनदेन में होता है, और यही डॉलर का प्रभुत्व अमेरिका को अपार भू-राजनीतिक और आर्थिक शक्ति देता है। अमेरिका आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये अपने विरोधी देशों की अर्थव्यवस्था को समय-समय पर कमजोर करता रहा है रूस, ईरान, वेनेजुएला, क्यूबा जैसे देशों पर लगाए गए प्रतिबंध इसी का उदाहरण हैं। निश्चित ही यह शक्ति डॉलर आधारित वैश्विक वित्तीय व्यवस्था से आती है, जिसमें अमेरिका की मंजूरी के बिना बड़े लेनदेन कर पाना लगभग असंभव हो जाता है।

तब फिर भारत के सामने अमेरिका से अचानक आई इस विपदा का सामना करने के दो ही उपाय बचते हैं, पहला- स्वदेशी और दूसरा- अपने रुपए में अन्य देशों के साथ सीधे व्यापार करना। साथ ही ऐसा करने के लिए परस्पर अन्य देशों को भी तैयार करना। स्वभाविक है कि अमेरिकन डॉलर का वर्चस्व विश्व के आर्थिक जगत से कम होगा, तो जो उथल-पुथल मची है, जिसमें कि मुख्य गिरावट भारतीय मार्केट में देखने को मिली, वह इतने बड़े स्तर पर भविष्य में होने से रोकी जा सकती है। हालांकि हाल के वर्षों में ब्रिक्स देशों ने डॉलर के विकल्प तलाशने के लिए ठोस पहल की है। रूस और चीन अपने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। भारत ने भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए रुपये-रूबल लेनदेन की व्यवस्था अपनाई है। सऊदी अरब और चीन के बीच तेल व्यापार में युआन के इस्तेमाल की चचाएँ तेज हैं। ईरान और रूस ने अपने बैंकिंग सिस्टम को अमेरिकी स्विफ्ट नेटवर्क से अलग कर वैकल्पिक पेमेंट सिस्टम शुरू किए हैं। इन कदमों का मकसद यही है कि व्यापारिक और वित्तीय लेनदेन के लिए डॉलर पर निर्भरता घटाई जाए।

यहां भारत को रूस की तरह अन्य देशों के साथ रुपए में व्यापार करने के लिए उस देश को मनाने की दिशा में अब तेज गति से आगे बढ़ने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि इससे वह अपनी आर्थिक संप्रभुता को मजबूत करेगा, जोकि आज की आवश्यकता है।

## सूडोकु नवताल- 7518

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7517 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

# स्वाधीनता की गौरव-गाथा : 'अग्निकन्या' पार्वती गिरि ने जब ब्रिटिश कोर्ट पर किया कब्जा

**प्रो. सुजीत पृसेठ**

सन 1942 की बात है। सम्लेईपदर गाँव की एक 14 वर्षीय लड़की अपने जिद्दी स्वभाव के कारण 'बाएरी' (बाऊरी) के नाम से जानी जाती थी। सम्लेईपदर तत्कालीन संबलपुर और अधुना बरगढ़ जिले में बीजेपुर के पास एक गांव था। अपनी मातृभूमि को आजाद देखने के लिए किशोरी 'बाएरी ' का मन तड़प रहा था। उस समय महात्मा गांधी के 'भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा उनके कानों तक पहुँच गया। मन में अदम्य साहस और हृदय में भारत को स्वतंत्र देखने की इच्छा लिए वह गांव के पास स्थित कस्बे बरगढ़ चली गई।

पश्चिम ओड़िशा के बरगढ़ में एक तरफ जीरा नदी बारिश के पानी से उफान पर थी। उसकी परवाह किए बिना ही वह उफनती जीरा नदी को पार करते हुए बरगढ़ शहर के एसडीओ कार्यालय में पहुंची। ब्रिटिश शासन काल में एसडीओ के कार्यालय में हर समय नौकरी पाने वालों की भीड़ लगी रहती थी। भीड़ को चीरते हुए वह एसडीओ बी मुखर्जी के सरकारी कार्यालय में पहुंची। 'बाएरी' ने एसडीओ की सरकारी कुर्सी पर कब्जा करके सरकारी कार्यालय से बेदखल कर दिया। अपना परिचय देते हुए कहा, 'मैं महात्मा गांधी की सैनिक हूँ'।' उसके बाद 'बाएरी' ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को एसडीओ को बांधकर लाने का निर्देश दिया। उस दिन पार्वती गिरि की 'बाएरी' की विशिष्ट पहचान 'अग्निकन्या' के रूप में बनी।

पार्वती गिरि का जन्म 19 जनवरी, 1926 को धनंजय गिरि के घर सम्लेईपदर गांव में हुआ था। गिरि ने चौदह वर्ष की आयु से ही स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू कर दिया था। उतनी कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम और रचनात्मक कार्यों का प्रशिक्षण लेने हेतु पुण्यपीठ वरी आश्रम में योगदान देने लगी। वरी आश्रम से संबलपुर जेल। वहां से रिहा होने के बाद पार्वती गिरि महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित आश्रम सेवाग्राम पहुंचीं। पार्वतीगिरि को उनके दृढ़ संकल्प, त्याग, कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम और सेवाभाव के कारण सभी प्यार करते थे। उन्होंने सेवाग्राम में सेवा और रचनात्मक कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सन 1949 में डॉ. हरेकृष्ण महताब से प्रेरणा पाकर उच्च शिक्षा हेतु प्रयाग महिला विद्यापीठ में भर्ती हुई। वहाँ उन्हें हिन्दी साहित्य की अनुपम कवयित्री महादेवी वर्मा का सान्निध्य लाभ हुआ। पार्वतीगिरि के सेवाभाव, अथक और दृढ़ परिश्रम और असीम साहस ने कवि महादेवी वर्मा को बहुत प्रभावित किया। कालांतर में देश की आजादी के बाद पार्वतीगिरि ने गोपबंधु चौधरी और रमादेवी की सलाह पर असहायों की मदद और सेवा को अपने जीवन में व्रत के रूप में स्वीकार कर लिया।

सम्लेईपदर से आरंभ कर पार्वतीगिरि ने ओडिशा और महाराष्ट्र के कई हिस्सों का दौरा किया। उन्होंने गरीबी के कहर को बहुत करीब से देखा। गरीबी से त्रस्त छोटे बच्चों, असहाय महिलाओं के दयनीय जीवन से वह परिचित हुई। ममतामयी पार्वतीगिरि का दिल अनाथ नन्हें बच्चों, असहाय महिलाओं की आंखों में आंसू देखकर कराह उठता था। उनकी सहायता के लिए उन्होंने आश्रम की स्थापना करने का निर्णय लिया। श्री नृसिंहनाथ के निकट अपने हाथों से जंगली झाड़ी साफ कर पाइकमाल में कस्तूरबा गांधी मातृ निकेतन की स्थापना कर अनाथ बच्चों और असहाय महिलाओं के लिए आशा और विश्वास की प्रतीक बनीं। सम्लेईपदर की 'बाएरी' अपने अंतर्मन की चेतना की प्रेरणा से रूपांतरित हो गई करुणामयी 'बड़ी माँ' के रूप में। महात्मा गांधी की बहादुर सैनिक पार्वती गिरि देखभाल करने वाली माँ के रूप में असहाय महिलाओं और बच्चों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने लगी।

इससे पहले 1954-55 की एक घटना पार्वतीगिरि की निस्वार्थ सेवा और बलिदान की ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करती है। उस समय पार्वतीगिरि बारपाली परियोजनाओं में सेवाएं प्रदान कर रही थीं। एक मेघाच्छादित शाम में पार्वतीगिरि को खबर मिली कि एक मफसली गाँव में एक महिला को प्रसव के लिए मदद और दवा की जरूरत है। आसमान में गहने काले बादलों की घड़घड़ाहट के साथ बहुत जोर बिजली चमक रही थी। जल्द से जल्द मदद पहुंचाने की जरूरत थी। जंगल के रास्ते से तेज बारिश के भीतर वह मफसली बंदपाली गांव पहुंच गई। छोटी-सी झोंपड़ी के अंदर रस्सी वाले खाट पर प्रसूता महिला बिस्तर पर लेटी थी। चेहरे पर पसीना और विवशता के भाव थे। पास में एक ढिबरी जल रही थी। जिसकी मंद रोशनी में पार्वती गिरि ने कुटिया में चारों तरफ देखा। घर में बच्चे के प्रसव के लिए आवश्यक चीजें तो दूर की बात कपड़े का एक टुकड़ा भी नजर नहीं आया। पार्वती गिरि ने तुरंत अपनी पतली बुनी हुई खादी साड़ी को दो टुकड़ों में फाड़ दिया। फाड़ी हुई साड़ी से प्रसव करवाया और फिर पार्वती ने नव जननी के नवजात बच्चे को उसमें लपेटकर अपने बसेरे में लौट आयीं। निस्वार्थ भाव से परोपकार का व्रत धारण करने वाली पार्वती गिरि के प्रति नवजननी की आंखों से कृतज्ञतावश आंसू छलक पड़े। प्रकृति कवि गंगाधर मेहर की भाषा मेंः


**'परोपकार पुण्यमय व्रत,**
**पालते हैं महतजन**
**उर्वी दिवाकर परोपकारार्थ,**
**देते हैं शस्य किरण'**

झोंपड़ी के बाहर अंधेरा,चमकती बिजली,बारिश की बड़ी-बड़ी बूंदें। फटी साड़ी को संभालते हुए बहुत कष्ट से वह अपने बसेरे में लौटी। बारिश में भीगकर अंधेरे में लौटने वाली करुणामयी पार्वती गिरि का चेहरा दीप्तिमान था।

**(लेखक, आईआईएम-संबलपुर से जुड़े हैं, उनके इस आलेख का अनुवाद दिनेश कुमार मालीं ने किया है।)**

## दैनिक पंचांग

**11 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.04 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | कन्या | 08.16 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.26 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.41 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.57 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 17.02 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.49 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.21 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.52 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.32 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मिथुन | 01.30 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 03.44 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 223 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 10.34 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 13.01 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 21.34 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.34 बजे तदनन्तर वणिज 21.40 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 15'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872433
**जूलियन दिन** 2460898.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर
**तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## डाक बंगला व सीएचसी के पीछे कूड़े का लगा अंबार



**बोरियो:** प्रखंड में स्वच्छ भारत अभियान निरस्त हो गया है। चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। दामिन डाक बंगला के मुख्य गेट पर ही लोग अपने घर का कचरा डालते हैं। बोरियो हाट एवं मुर्गा, मुर्गी के दुकानदार सारा कचरा यहीं फेंकते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के सामने भी लोग गंदगी फैला रहे हैं। वन विभाग जाने वाले रास्ते के दोनों और गंदगी है। प्रखंड प्रशासन मौन है। प्रधानमंत्री का सपना स्वच्छ भारत अभियान का नारा यहां फेल है। सीएचसी के पीछे गंदगी को लेकर तत्कालीन सीएचसी प्रभारी डॉक्टर बीडी मुर्मू ने कई बार थाना प्रभारी एवं बीडियो को आवेदन दिया था। लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजमहल:** थाना क्षेत्र अंतर्गत मोकिमपुर पंचायत के शोभापुर गांव में ससुराल में रह रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलैया गांव निवासी सुबोध मंडल का 40 वर्ष पुत्र कार्तिक मंडल कुछ साल से अपनी ससुराल शोभापुर में बच्चों समेत रह रहा था। रविवार को अपने घर में फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया। जहां राजमहल थाना को घटना की सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया। वही मृतक की एक पुत्री सोस्तिका कुमारी 11 वर्ष व एक पुत्र आदित कुमार 6 वर्ष हैं। उन्होंने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एस एस+2 विद्यालय में मेहंदी एवं क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिल्ली:** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन विद्यालय परिसर में छात्राओं के बीच मेहंदी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में काफी संख्या में उत्साहित छात्राओं ने भाग लिया।पूरा विद्यालय चार हाउस में विभाजित है-टैगोर हाउस,गांधी हाउस,बिरसा हाउस, एवं कलाम हाउस। विद्यालय की ओर से बताया गया कि विद्यालय के द्वारा इंटर हाउस प्रतियोगिता समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं एवं विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार पांडे ने बताया कि छात्राओं ने अपने हाथों में सुंदर कलाकृतियों की मेहंदी लगाकर अपनी उत्कृष्ट कलात्मकता का प्रदर्शन किया। भारतीय संस्कृति में मेहंदी का विशेष महत्व है क्योंकि इसे प्राकृतिक श्रृंगार,सौभाग्य,समृद्धि और प्रेम का प्रतीक माना गया है। यह आयोजन न केवल छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला था, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को उजागर करने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास भी रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं समेत काफी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, साहिबगंज रामदेव पासवान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने क्रमशः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडरो, बीपीएचयू निर्माण कार्य मंडरो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्जाचौकी तथा एनक्यूएएस के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिरसा, तेतरिया एवं लीला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिरसा की सीएचओ लखीपुर एएएम में एनक्यूएएस प्रमाणीकरण में सहयोग प्रदान करने गयी थी अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने सिरसा स्वास्थ केंद्र के लिए रोड एवं बाउंड्री वाल बनाने हेतु निदेशित किया तथा बोरियो और मंडरो के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के एनक्यूएएस प्रमाणीकरण हेतु कराने की दिशा में अग्रसर कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया। तेतरिया स्वास्थ केंद्र के लिए बाउंड्री वाल, योग शेड, एनक्यूएएस प्रमाणीकरण , एवं संस्थान में साफ-सफाई हेतु निदेशित किया। लीला स्वास्थ केंद्र के लिए 200 मीटर रोड सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने हेतु निदेशित किया। सेंटर अभी बन कर तैयार नहीं हुआ हैं, संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर काम को जल्दी से पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से ओपीडी सेवाएं, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, स्पुटम कलेक्शन और स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना आवश्यक है, ताकि जि'ले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के सभी नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके।




## रिश्तेदार ने मासूम बच्ची के साथ की दरिंदगी, हुआ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** बागबेड़ा इलाके में एक मासूम बच्ची से हैवानियत की सनसनीखेज घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। भरोसेमंद रिश्तेदार की ओट में छुपे एक दरिंदे ने जिस तरह घर की नन्ही बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया, उससे इलाके में गहरा आक्रोश फैला हुआ है। पुलिस ने फौरन कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और कड़ी सजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को बागबेड़ा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई, जिसमें एक व्यक्ति ने अपने घर पनाह दिए रिश्तेदार पर विश्वास कर दुखद अंजाम भुगता। जब परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे, उसी दौरान आरोपित मारुति नंदन ने घर की ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। परिवार जब घर लौटा, तो बच्ची के रोने और आपबीती सुनाने के बाद सनसनी फैल गई। पीड़ित परिवार ने आनन-फानन में बागबेड़ा थाना पहुंचकर आरोपित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छानबीन शुरू कर दी और अगले ही दिन रविवार को आरोपित को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। बागबेड़ा थाना प्रभारी के मुताबिक, आरोपित बिहार के भोजपुर जिले का रहने वाला है और करीब तीन महीने पहले काम की तलाश में जमशेदपुर आया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और जल्दी ही उसका न्यायालय में बयान दर्ज कराने की व्यवस्था कर रही है।

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जमा है गंगा का पानी, नहीं मिली राहत सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में रविवार को गंगा का पानी का स्तर और बढ़ गया, जिससे हजारों लोग प्रभावित हैं। भरतिया कॉलोनी, रसूलपुर दहला, नया टोला, हरीपुर, हबीबपुर, कमलटोला, चानन और कबूतरखोपी समेत कई इलाकों के घरों में पानी प्रवेश कर गया है। भरतिया कॉलोनी के आठ परिवार अमख धर्मशाला में शरण लिए हुए हैं। राहत सामग्री का वितरण अब तक नगर परिषद क्षेत्र में नहीं हुआ है। सदर प्रखंड के रामपुर दियारा, दुर्गा स्थान टोला, टोपरा, शोभनपुर दियारा और अन्य गांव पूरी तरह जलमग्न हैं, जिससे लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। शोभनपुर भट्ठा में ट्रांसफॉर्मर गिरने से रातभर अंधकार छाया रहा। संभावित बाढ़ को देखते हुए डीसी हेमंत सती ने अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों को ऊंचे स्थानों पर निर्माण करने, बिजली उपकरणों को सुरक्षित रखने, चेक वाल्व लगाने, दीवारों पर वॉटरप्रूफिंग करने और रेडियो-टीवी से जानकारी लेते रहने की सलाह दी। गंगा में ऊफान आने पर बहते पानी में न चलने, वाहन को पानी में न ले जाने और सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी दी गयी। नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार ने बताया कि गंगा के बढ़ते जलस्तर पर निगरानी रखी जा रही है, जिनके घरों में पानी घुस रहा है, उनके लिए आश्रय गृह और मवेशियों के लिए अलग स्थान की व्यवस्था है। गंगा तट पर बैरिकेडिंग पूरी कर ली गयी है। लोगों से अपील की गयी है कि समस्या होने पर सीधे नगर परिषद से संपर्क करें, ताकि तत्काल समाधान हो सके।



## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई गंगा नदी से अवैध शीशम बोटा से लदी नाव जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वन विभाग ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर गंगा नदी के बसकोला घाट पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शीशम बोटा से लदी एक नाव को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि गंगा नदी के जल मार्ग से अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत बसकोला घाट पहुंची और नदी में चल रही संदिग्ध नाव को रोका गया। जांच के दौरान नाव पर 12 शीशम बोटा लदी पाई गई, जिसके संबंध में नाव सवार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके ।वनरक्षी इंद्रजीत कुमार ने बताया, "गंगा में बढ़े हुए जलस्तर और दियारा क्षेत्र से लोगों के पलायन का लकड़ी माफिया गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन किसी भी हाल में इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वन विभाग ने नाव एवं लकड़ी को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है ।अधिकारियों का कहना है कि अवैध लकड़ी परिवहन तथा वन्य संसाधनों की तस्करी के खिलाफ सख्त कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे। मौके पर कार्रवाई के दौरान वनरक्षी इंद्रजीत कुमार, पप्पू कुमार, वनकर्मी संतोष यादव, अभिषेक आनंद, नवल कुमार, पप्पू शर्मा समेत अन्य वनकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सफाई व्यवस्था सुधरी, 11 अगस्त का जेएनएसी प्रदर्शन स्थगित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** एनडीए के बैनर तले 11 अगस्त, सोमवार को जेएनएसी कार्यालय पर कूड़ा लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर बिष्टुपुर में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदर्शन की घोषणा के बाद से ही जेएनएसी के अधिकारी सक्रिय हो गए और कदमा व सोनारी क्षेत्रों में पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित और तेजी से सफाई का काम होने लगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि सोनारी और कदमा के कार्यकर्ता क्षेत्रवार सफाई व्यवस्था की निगरानी जारी रखेंगे। यदि भविष्य में लापरवाही पाई गई, तो पुनः कार्रवाई की जाएगी। जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार सुबह जेएनएसी के उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार ने उनसे फोन पर बातचीत की और आश्वस्त किया कि सफाई कार्य नियमित और व्यवस्थित तरीके से चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वह दो दिनों बाद जमशेदपुर लौटकर प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे। श्रीवास्तव ने उप नगर आयुक्त से कहा कि अधीनस्थ अधिकारियों, सुपरवाइजरों और ठेकेदारों को निर्देशित करें कि वे समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जाकर युद्धस्तर पर सफाई करें। साथ ही, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी-लार्वा का छिड़काव तथा प्रत्येक मोहल्ले में नियमित फॉगिंग सुनिश्चित करें। उप नगर आयुक्त ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई।

# वोट चोरी प्रकरण : साहिबगंज कांग्रेस का एलान लोकतंत्र बचाने को सड़क पर उतरेंगे कार्यकर्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** कांग्रेस ने वोट चोरी प्रकरण को लेकर सक्रियता दिखाते हुए अपने कार्यकताओं के साथ चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमिटी साहेबगंज ने जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में साहेबगंज कांग्रेस कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में राहुल गांधी, द्वारा इंदिरा भवन नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन कर वोट चोरी प्रकरण के जिन आंकड़ों एवं तथ्यों को उजागर किया गया था उसे कांग्रेस कार्यालय में टेलीविजन पर वीडियो के माध्यम से कांग्रेसजनों ने विस्तारपूर्वक अध्यन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि हम वोट चोरी के इस पूरी वारदात को लेकर जनता के बीच जाएंगे। हम जनता के बीच आकड़ो और तथ्यों के साथ वोट चोरी के इस प्रकरण को रखने का काम करेंगे। ऐसे में ये जरूरी है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता इस पूरे प्रकरण से पूरी तरह वाकिफ हो। वोट चोरी प्रकरण को लेकर हम चरणबद्ध आंदोलन की शूरुआत करने जा रहे हैं। हमने इस देश की आजादी में जो भूमिका निभाई थी अब इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए वही भूमिका निभाने जा रहे हैं।देश और जनता की हितों की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। कार्यक्रम में मुर्शाद अली, मो कलीमुद्दीन, बासुकीनाथ यादव, उमेश कुमार पांडे, इकलाख नदीम, रामसिंगार ओझा, निताय सरकार, थॉमस रॉबर्ट, अली कुरैशी, गणेश मण्डल, सादिक अंसारी, लोकनाथ घोष एवं अन्य दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।




**संक्षिप्त खबरें**

## गंगा का जल स्तर बढ़ने से गांवों में घुसा बाढ़ का पानी, जनजीवन प्रभावित



**बरहरवा:** प्रखंड में गंगा का जल स्तर लगातार बढ़ने के कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बाढ़ के चलते आसपास की गंगा नदी और जलाशयों का जलस्तर काफी बढ़ गया है, जिससे बाढ़ का पानी प्रखंड के अंतर्गत मिजार्पुर, मसलंदपुर, शुक्रवासिनी, चांदशहर, पिपरा, भावनंदपुर, बरारी, मसलान्दपुर आदि गांवों में घुस चुका है। इस बाढ़ ने सभी चराचर पशु से लेकर आदमी तक सभी को प्रभावित कर रहा है। गांवों की गलियां, खेत और सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं। सभी चराचर पशुओं का घास चढ़ने का जगह नहीं रही ।कई जगह गोशालाएं बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। किसानों के लिए यह स्थिति और भी दुखद है क्योंकि उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। धान, मक्का और सब्जियों की फसलें पानी में सड़ने लगी हैं, आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है यातायात व्यवस्था भी धीरे-धीरे ठप होने की कगार पर है। गांवों से संपर्क टूट रहे है स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं की भी चिंता उत्पन्न हो गई है। गंदा और ठहरा हुआ पानी मच्छरों व कीटों का पैदावार ज्यादा हो रहे हैं जिससे डायरिया, मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता दिख रहा है।

## संगठन सृजन 2025 के तहत कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन



**उधवा:** प्रखंड में संगठन सृजन 2025 के अंतर्गत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं प्रदेश प्रभारी राजू के निदेर्शानुसार रविवार को साहिबगंज जिला के उधवा प्रखंड क्षेत्र के कटहलबाड़ी पंचायत अंतर्गत पंचायत कांग्रेस कमेटी का गठन प्रखण्ड अध्यक्ष मो. बदरुद्दोजा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान एवं विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव ऐनुल हक अंसारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से मो. इमरान शेख को पंचायत का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दो उपाध्यक्ष मकबूल हुसैन और अब्दुल करीम को बनाया गया। वहीं नौ महासचिव बाबुल शेख, समसुल अंसारी, मुबारक शेख, सेनाउल शेख, मो. अखलाक राजा, साहेब मरांडी, दौलत अली, लखीराम मंडल, अजहरुद्दीन मोमीन को मनोनीत किया गया। सभी नव नियुक्त पंचायत पदाधिकारीयों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बरकत खान ने संबोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कांग्रेस पार्टी के विचार धाराओं से पंचायत के लोगों को अवगत कराने का निर्देश दिया तथा गठबन्धन सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम करे। मौके पर कदीर हुसैन, अब्दुल रौफ, बबलु शेख, जहरुल, बरकत अली, जमाल शेख, फिरोज शेख, हरि स्वर्णकार, लखीराम मंडल, सज्जाद शेख, मेहबूब आलम, शुक्रूद्दीन, करीम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जलेबिया घाटी में स्कूटी लदा ई-रिक्शा पलटा, बाल-बाल बचे सवार



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के जलेबिया घाटी हनुमान मंदिर के पास रविवार को स्कूटी लदा हुआ एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। मामले को लेकर स्कूटी चालक बोरियो प्रखंड के रोजगार सेवक सुनील सिंह ने बताया कि वो प्रखंड क्षेत्र के रकसो से आवास योजना का काम खत्म करने के बाद अपने स्कूटी पर सवार होकर वापस अपने घर साहिबगंज लौट रहे थे जहां बीच रास्ते में ही उनकी स्कूटी खराब हो गई। उधर इसी दौरान एक ई रिक्शा साहिबगंज की ओर वापस लौट रहा था जहां उन्होंने अपनी स्कूटी ई रिक्शा वाहन पर लादकर उसमें बैठ गए और जलेबिया घाटी से नीचे उतरने लगे। इसी दौरान एकाएक जलेबिया घाटी हनुमान मंदिर के पास ई रिक्शा चालक ने अपना नियंत्रण वाहन से खो दिया और स्कूटी लदा हुआ ई रिक्शा सड़क के किनारे पलट गया हालांकि गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उधर अन्य राहगीरों व आर्मी सिपाही भर्ती में बहाल होने वाले धावकों के द्वारा सड़क किनारे पलटे ई रिक्शा व उसपर लदे हुए स्कूटी को उठाने की भरपूर कोशिश की गई लेकिन इसमें वे लोग सफल नहीं हो पाए। उधर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## विधायक के प्रयास से लगा 63 केवीए नया ट्रांसफार्मर, लोगों में खुशी

**उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के कठहलबाड़ी पंचायत सैद्दली हाजी टोला गांव में क्षेत्रीय विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के प्रयास से 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बबुआ, केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान जिला एवं संगठन सचिव काजू मालिक ने रविवार को संयुक्त रूप से को फीता काटकर 63 केवीए नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया, स्थानीय पूर्व मुखिया ने बताया कि ट्रांसफार्मर न होने के कारण गांव अंधेरे में डूबा था जिससे ग्रामीण उमस भरी गर्मी में रहने को मजबूर हो गए थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली के माध्यम से क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा को दिया। विधायक ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारी को उक्त स्थल पर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग के तरफ से उक्त स्थल पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। गांव में नया ट्रांसफार्मर लगने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक एमटी राजा के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर पूर्व मुखिया शुक्रोद्दीन शेख, उप प्रमुख मोमलोत शेख जहांगीर आली पंचायत समिति जमाल शेख, यासीन मुखिया, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# त्योहारी मांग के बावजूद सरसों-मूंगफली तेल के दाम गिरे, बाकी तेल-तिलहन में सुधार

**- उपभोक्ताओं का रुख अब सस्ते विकल्प जैसे सोयाबीन और पामोलीन की ओर**

**नई दिल्ली ।**

बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में मिश्रित रुख देखने को मिला। जहां सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए, वहीं सोयाबीन और पाम तेल में सुधार दर्ज किया गया। बाजार सूत्रों के अनुसार, सरसों तेल के दाम आयातित खाद्य तेलों की तुलना में 35-40 रुपये प्रति किलो अधिक हैं, जिससे इसकी मांग कमजोर पड़ी है। उपभोक्ताओं का रुख अब सस्ते विकल्प जैसे सोयाबीन और पामोलीन की ओर है। मूंगफली की नई फसल में बरसात के कारण नमी होने से किसानों को मजबूरी में कम दाम पर बेचना पड़ा। इससे मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतें भी गिरीं। मूंगफली तिलहन का भाव 75 रुपये गिरकर 5,700-6,075 रुपये क्विंटल रहा, जबकि मूंगफली तेल गुजरात का दाम 150 रुपये घटकर 13,500 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। सरकार ने आगामी खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। सोयाबीन का एमएसपी 436 रुपये बढ़ाकर 5,328 रुपये और मूंगफली का 480 रुपये बढ़ाकर 7,263 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। लेकिन वर्तमान बाजार कीमतें एमएसपी से नीचे हैं, जिससे चिंता बनी हुई है। उधर, त्योहारी मांग और स्टॉक की सीमित उपलब्धता के चलते सोयाबीन तेल-तिलहन में मजबूती रही। सोयाबीन दाने और लूज के भाव क्रमशः 4,875-4,925 रुपये और 4,575-4,675 रुपये क्विंटल रहे। सोयाबीन दिल्ली का तेल 200 रुपये चढ़कर 13,200 रुपये और डीगम तेल 200 रुपये की बढ़त के साथ 10,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पाम तेल में भी सुधार देखा गया। सीपीओ का भाव 280 रुपये बढ़कर 11,380 रुपये और पामोलीन दिल्ली 175 रुपये बढ़कर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसानों को बेहतर दाम दिए जाएं, तो इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

# व्यापार तनाव और रुपये में गिरावट से अगस्त में एफपीआई ने 18,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते व्यापार तनाव, कमजोर तिमाही नतीजों और रुपये की गिरती कीमत के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त 2025 की शुरुआत में भारतीय शेयर बाजार से भारी निकासी की है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार, 1 से 8 अगस्त के बीच एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 17,924 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले जुलाई 2025 में भी उन्होंने 17,741 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इस निकासी के साथ वर्ष 2025 में अब तक एफपीआई की कुल इक्विटी निकासी 1.13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। हालांकि मार्च से जून के बीच एफपीआई ने लगभग 38,673 करोड़ रुपये का निवेश किया था, लेकिन हालिया वैश्विक और घरेलू कारकों ने उनकी निवेश भावना को कमजोर कर दिया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने और उसके बाद अतिरिक्त शुल्क लगाने से बाजार में बेचैनी बढ़ गई है। वहीं रुपये की कमजोर स्थिति और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला है। एक वरिष्ठ विश्लेषक ने बताया कि अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफलबढ़ने से निवेशकों का रुझान वहां की ओर गया है। हालांकि एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में 3,432 करोड़ सामान्य ऋण और 58 करोड़ स्वैच्छिक ऋण में भी निवेश किया। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक व्यापार विवाद सुलझ नहीं जाते और रुपये में स्थिरता नहीं आती, तब तक एफपीआई का रुझान कमजोर बना रह सकता है।

# एयर इंडिया ने 7 साल और बढ़ाई पायलट और केबिन क्रू की रिटायरमेंट उम्र

**- अब पायलट 65 साल, केबिन क्रू और अन्य कर्मचारी 60 साल तक कर सकेंगे काम**




**नई दिल्ली ।**

एयर इंडिया ने अपने पायलटों, केबिन क्रू और अन्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब पायलटों की रिटायरमेंट उम्र 58 साल से बढ़ाकर 65 साल कर दी गई है। केबिन क्रू और अन्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र भी 58 साल से बढ़ाकर 60 साल कर दी गई है। इसके साथ ही माना जा रहा है कि केबिन क्रू की रिटायरमेंट उम्र भी 65 साल करने पर विचार चल रहा है ताकि पायलटों के बराबर किया जा सके। यह फैसला एयर इंडिया और विस्तारा के मर्जर के बाद लिया गया है। विस्तारा में पहले से पायलटों की रिटायरमेंट उम्र 65 साल थी, जबकि एयर इंडिया में यह उम्र 58 साल थी।

दोनों एयरलाइंस के विलय के बाद रिटायरमेंट उम्र को समान करने के लिए यह निर्णय लिया गया। एयर इंडिया के सीईओ कैम्बेल विल्सन ने बताया कि इस संबंध में डीजीसीए से अनुमति भी मिल गई है, जिससे पायलट 65 साल की उम्र तक वाणिज्यिक उड़ानें भर सकेंगे। एयर इंडिया में वर्तमान में लगभग 24 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें से 3,600 पायलट और 9,500 केबिन क्रू हैं। पायलटों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने का यह कदम मर्जर से जुड़ी व्यवस्थाओं को सरल बनाने और कर्मचारी संतुष्टि बढ़ाने के लिए माना जा रहा है। हालांकि, यह कदम दो महीने पहले अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान दुर्घटना के बाद आया है, जिसमें 265 लोगों की जान गई थी। प्रारंभिक जांच में पायलट की गलती सामने आई है। ऐसे में पायलटों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाना कुछ के लिए चौंकाने वाला निर्णय माना जा रहा है। इसके बावजूद एयर इंडिया इस फैसले के पीछे कर्मचारियों के अनुभव और विशेषज्ञता को ध्यान में रख रही है। एयर इंडिया की यह नई नीति समूह में एकरूपता लाने के साथ ही पायलटों और क्रू के लिए बेहतर करियर अवसर प्रदान करेगी।

# संसद में सोमवार को नया इनकम टैक्स बिल पेश होगा



**- 285 बदलाव शामिल, रिजिजू ने दूर की अटकल**

**नई दिल्ली ।**

संसद में सोमवार को नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में यह बिल पेश करेंगी, जिसमें सिलेक्ट कमेटी की सभी सिफारिशें और सरकार द्वारा स्वीकृत संशोधन शामिल होंगे। पिछले शुक्रवार को लोकसभा से पुराने बिल को वापस लेने के बाद मीडिया में नए बिल को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही थीं। रिजिजू ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि यह बिल पूरी तरह नया नहीं होगा, बल्कि पुराने बिल में सिलेक्ट कमेटी की अध्यक्षता में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा द्वारा सुझाए गए 285 संशोधन जोड़े जाएंगे। सरकार ने इन संशोधनों को पूरी तरह स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुराने बिल को वापस लेकर नया बिल पेश करना संसदीय परंपरा का हिस्सा है, खासकर जब सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर संशोधन सुझाए गए हों। इससे संसद के लिए बिल पर चर्चा करना और उसे पारित करना आसान हो जाता है। रिजिजू ने कहा कि पहले बिल पर काफी मेहनत की गई थी, इसलिए नया ड्राफ्ट उसी पर आधारित है, लेकिन सभी आवश्यक संशोधन इसमें शामिल किए गए हैं।

नया इनकम टैक्स बिल पेश होने के बाद कर नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिनमें आयकर स्लैब, छूट, रियायतें और कर प्रशासन से जुड़ी प्रक्रियाओं में सुधार शामिल हो सकता है। सरकार का मानना है कि यह कदम टैक्स व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और समयानुकूल बनाने में मदद करेगा, जिससे करदाता और प्रशासन दोनों को लाभ होगा।

# आईसीआईसीआई बैंक आज से लेगा यूपीआई ट्रांजैक्शन शुल्क....पेमेंट एग्रीगेटर्स से

सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में भारी उतार-चढ़ाव रहा

- सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही

मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार छठे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। इस बीच टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 6 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1,36,151.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जिसका मार्केट कैप 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 29,722.04 करोड़ रुपये गिरकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये, और इंफोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये घटकर 5,91,423.02 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में भी क्रमशः 15,053.55 करोड़ और 12,441.09 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखी गई। एलआईसी का मार्केट कैप 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मार्केट कैप 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 9,784.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 7,42,649.34 करोड़ रुपये, और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट

# जियो फाइनेंशियल ने किया शेयरधारकों को 0.50 रुपए डिविडेंड का ऐलान

**- डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 अगस्त तय की गई**

**नई दिल्ली ।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने निवेशकों को खुशखबरी दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 0.50 प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 अगस्त 2025 तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन शेयरधारकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वे डिविडेंड के पात्र होंगे। कंपनी की दूसरी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 अगस्त गुरुवार को होगी। एजीएम में डिविडेंड प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद, इसका भुगतान एक हफ्ते के भीतर किया जाएगा। वहीं एजीएम में वोटिंग के लिए कंपनी ने 21 अगस्त को कट-ऑफ डेट घोषित की है। इसी तारीख के आधार पर यह तय होगा कि कौन-कौन शेयरधारक एजीएम में भाग लेकर प्रस्तावों पर मतदान कर सकेंगे। शेयर बाजार की बात करें तो 8 अगस्त को बीएसई पर जियो फाइनेंशियल का शेयर 321.55 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव 325.30 से 1.15 फीसदी कम है। कंपनी का पीई रेशियो पिछले चार तिमाहियों से 50 से ऊपर बना हुआ है, जो निवेशकों का भरोसा दर्शाता है।




# पीवीआर आईनॉक्स को मिली दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया, घाटा घटाः एमडी

**नई दिल्ली ।** मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर पीवीआर आईनॉक्स ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया पाई है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी के सिनेमाघरों में 3.4 करोड़ दर्शकों ने फिल्में देखीं, जो पिछले साल की तुलना में 12 फीसदी अधिक है। कंपनी का शुद्ध घाटा 179 करोड़ रुपये से घटकर 54.5 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि परिचालन आय बढ़कर 1,469.1 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहा कि बड़े पर्दे पर फिल्म देखना भारतीय दर्शकों के लिए मनोरंजन का प्रमुख माध्यम बना रहेगा। जुलाई में रिलीज हुई फिल्मों को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और 14 अगस्त को रजनीकांत की 'कुली' और 'वॉर 2' जैसी बड़ी फिल्मों के कारण दर्शकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के रुझान कम होने से सिनेमाघरों में भीड़ बढ़ेगी। कंपनी दर्शकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दे रही है।

# पेट्रोल पंप के लाइसेंस मानकों को संशोधित कर सकती है सरकार

**- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने पेट्रोल पंपों के लाइसेंस जारी करने के मानदंडों को शिथिल करने और नीति में सुधार करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह कदम बदलते वैश्विक ईंधन परिदृश्य और भारत में ऊर्जा सुरक्षा एवं कार्बन उत्सर्जन घटाने के राष्ट्रीय लक्ष्यों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 2019 की नीति की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता बीपीसीएल के पूर्व निदेशक (विपणन) सुखमल जैन कर रहे हैं। समिति में पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक पी. मनोज कुमार, फिपी के सदस्य पीएस रवि और मंत्रालय के निदेशक (विपणन) अरुण कुमार भी शामिल हैं। समिति का उद्देश्य मौजूदा नीति का पुनर्मूल्यांकन, वैकल्पिक ईंधनों और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के सुझाव देना और नीति के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों की पहचान करना है। सरकार ने 6 अगस्त को आदेश जारी कर हितधारकों और जनता से 14 दिनों के भीतर सुझाव मांगे हैं। 2019 में संशोधित नियमों के तहत, गैर-पेट्रोलियम कंपनियों को शुद्ध संपत्ति के आधार पर पेट्रोल-डीजल बेचने की अनुमति दी गई थी। वर्तमान में देश में लगभग 97,804 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल जैसी सरकारी कंपनियों का बड़ा हिस्सा है। निजी क्षेत्र में रिलायंस-बीपी, नायरा एनर्जी और शेल के भी कई पंप संचालित हैं। वैश्विक ऊर्जा कंपनियां जैसे टोटल एनर्जीज़, बीपी, ट्रैफिगुरा और सऊदी अरामको भी भारतीय खुदरा ईंधन बाजार में हिस्सेदारी की इच्छा रखती हैं। नई नीति के जरिए सरकार ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और वैकल्पिक ईंधनों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है।

# टैरिफ़ विवाद, मुद्रास्फीति और विदेशी निवेशक तय करेंगे बाजार की दिशा

**– भारतीय कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे**




**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाएं हो सकती हैं जो बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ़ लगाने की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। यह कदम भारतीय जीडीपी वृद्धि को एक फीसदी तक घटा सकता है, जिससे निवेशकों में चिंता है। हालांकि, व्यापार वार्ता में संभावित सुधार से स्थिति में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन घरेलू बाजार इस पर नज़र बनाए रखेगा। इसके अलावा भारतीय और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार में हलचल पैदा कर सकते हैं। 12 अगस्त को भारत और अमेरिका दोनों देशों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े जारी होंगे। भारत का सीपीआई 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि अमेरिका का सीपीआई 2.8 फीसदी तक बढ़ सकता है। मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की संभावना को कम कर सकती है, जिससे विदेशी पूंजी प्रवाह प्रभावित हो सकता है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते से भारत को भी असर हो सकता है।

यदि यह समझौता होता है, तो विदेशी निवेश चीन की ओर रुख कर सकता है, जिससे भारतीय बाजार में गिरावट आ सकती है। वहीं भारतीय कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे। प्रमुख कंपनियों जैसे बजाज कंज्यूमर, अशोक लीलैंड और ओएनजीसी के परिणामों पर निवेशकों की नज़र रहेगी। इस हफ्ते के बाजार रुझान में वैश्विक और घरेलू संकेतकों का मिश्रित असर देखने को मिलेगा, जिससे भारतीय निवेशकों को सतर्क रहना होगा।

# रेलवे ने टिकट के डिजिटल पेमेंट पर लगने वाले एक्स्ट्रा चार्ज को बताया सुविधा शुल्क

**- एक्स्ट्रा चार्ज को लेकर राज्यसभा में उठे सवाल पर रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सफाई दी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग पर डिजिटल पेमेंट के दौरान लगने वाले एक्स्ट्रा चार्ज को लेकर राज्यसभा में उठे सवाल पर रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कोई टैक्स नहीं, बल्कि कंविनियंस फीस यानी सुविधा शुल्क है, जो आईआरसीटीसी के डिजिटल सिस्टम के संचालन और अपग्रेड के लिए लिया जाता है। रेल मंत्री के अनुसार एसी टिकट बुक करने पर 20 और नॉन-एसी टिकट पर 10 का शुल्क लिया जाता है। यह शुल्क केवल ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर लागू होता है। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से यात्रियों को रेलवे काउंटर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। सांसद संजय सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा था कि जब सरकार कैशलेस इकोनॉमी को बढ़ावा दे रही है, तब डिजिटल पेमेंट पर एक्स्ट्रा चार्ज लेना तर्कसंगत नहीं है। इससे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलने के बजाय बाधा आ सकती है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि आज 87 फीसदी रिजर्वेशन टिकट ऑनलाइन बुक होते हैं, जो आईआरसीटीसी की डिजिटल सेवा की लोकप्रियता को दर्शाता है। इसके साथ ही रेलवे अपने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को अत्याधुनिक बना रहा है। यह सिस्टम अब हर मिनट 1 लाख टिकट बुक करने की क्षमता रखेगा, जो फिलहाल 25,000 टिकट प्रति मिनट है। यह अपग्रेडेशन सेंट्रल फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स के जरिए किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह शुल्क डिजिटल पेमेंट को हतोत्साहित करने के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम के रखरखाव की लागत निकालने के लिए है।

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में भारी उतार-चढ़ाव रहा

**- सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार छठे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। इस बीच टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 6 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1,36,151.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जिसका मार्केट कैप 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 29,722.04 करोड़ रुपये गिरकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये, और इंफोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये घटकर 5,91,423.02 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में भी क्रमशः 15,053.55 करोड़ और 12,441.09 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखी गई। एलआईसी का मार्केट कैप 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मार्केट कैप 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 9,784.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 7,42,649.34 करोड़ रुपये, और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा। यह आंकड़े बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता को दर्शाते हैं।

# 19 अगस्त को खुलेगा श्रीजी शिपिंग और पटेल रिटेल का आईपीओ

**नई दिल्ली ।** शिपिंग समाधान कंपनी श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड और सुपरमार्केट श्रृंखला पटेल रिटेल लिमिटेड का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। एंकर निवेशक 18 अगस्त को बोली लगाएंगे। श्रीजी शिपिंग के आईपीओ में केवल नया निर्गम होगा, जिसमें 1.63 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी 251.2 करोड़ रुपये अधिग्रहण और 23 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने में खर्च करेगी। पटेल रिटेल का आईपीओ 85.18 लाख नए शेयरों और 10.02 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इसकी अनुमानित राशि 250-300 करोड़ है। यह कंपनी 59 करोड़ कर्ज चुकाने, 115 करोड़ कार्यशील पूंजी और शेष राशि सामान्य खर्चों में लगाएगी। दोनों कंपनियों के शेयर 26 अगस्त को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगे। इससे पहले, 11 और 12 अगस्त को तीन अन्य कंपनियों के आईपीओ भी खुल रहे हैं।




# हाइब्रिड फंड्स में निवेशकों का बढ़ता भरोसा

**- आर्बिट्राज और मल्टी एसेट फंड्स ने मारी बाज़ी**

**नई दिल्ली ।** जून 2025 को समाप्त तिमाही में ओपन-एंडेड हाइब्रिड स्कीम्स में निवेशकों की प्राथमिकताओं में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस तिमाही में आर्बिट्राज फंड्स और मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स सबसे तेजी से आगे बढ़े हैं। मार्च 2025 की तुलना में आर्बिट्राज फंड्स का एयूएम 22.2 फीसदी बढ़ा, जबकि मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स में 15.4 फीसदी की वृद्धि हुई। यह ट्रेंड इस बात का संकेत है कि निवेशक अब कम जोखिम और स्थिर रिटर्न वाले विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। हाइब्रिड फंड कैटेगरी में भी अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। बैलेंस्ड हाइब्रिड/एग्रेसिव हाइब्रिड फंड्स ने 8.9 फीसद की वृद्धि दर्ज की, जबकि इक्विटी सेविंग्स फंड्स में 8.2 फीसदी और डायनेमिक एसेट एलोकेशन/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स में 8.1 फीसदी की बढ़त हुई। इसके विपरीत, कंजरवेटिव हाइब्रिड फंड्स सबसे कमजोर साबित हुए, जिनमें मात्र 3.4 फीसदी की वृद्धि देखी गई।

# गंगा समेत 10 नदियां उफान पर, डूबने से सात की मौत









## 7 जिलों में बाढ़ से 10 लाख लोग प्रभावित, 17 जिलों में बारिश का अलर्ट

पटना। बिहार में मानसून की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है। पटना समेत कई जिलों में सुबह से बादल छाए हैं। राजधानी के कुछ इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के 17 जिलों के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले एक हफ्ते तक प्रदेश में बारिश की गतिविधि बनी रहेगी। जिन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है, वहां भारी बारिश और कहीं-कहीं बिजली गिरने के साथ 40ङ्ग्ट प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, अब तक मानसून सीजन में बिहार में 573 टट बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक केवल 431 टट बारिश हुई है। जो सामान्य से 25 एमएम कम है। इधर, गंगा समेत बिहार की बिहार की दस नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जिससे, भागलपुर, वैशाली, मुंगेर, बेगूसराय समेत 7 जिलों में बाढ़ की स्थित की बनी हुई है। बाढ़ के पानी में डूबने से अलग-अलग जिलों में 7 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा भागलपुर में 4 की मौत हुई है। वहीं, बेगूसराय में 2, जबकि वैशाली में 1 की जान चली गई। बाढ़ के चलते बिहार में 10 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मौसम विभाग की माने तो 13 अगस्त के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम और उसके सटे पश्चिमी भाग में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इस सिस्टम के सक्रिय होने के बाद बिहार में बारिश की गतिविधियां और तेज हो जाएंगी। इसका असर खासकर उत्तर बिहार के जिलों पर ज्यादा होगा, जहां 11 से 13 अगस्त के दौरान कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश के कारण राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। फिलहाल, अधिकतर जिलों में दिन का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री कम रहेगा। भागलपुर में गंगा खतरे के निशान 74उट से ऊपर बह रही है, जिसके चलते जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नेपाल में बारिश थम गई है, जिसके कारण सुपौल की नदियों का भी जलस्तर घटने लगा है। हालांकि ऊ्ट सावन कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन अलर्ट है। जगह-जगह अभियंताओं की टीम कटाव से बचाव को लेकर मुस्तैद है। शेखपुरा जिला में बीती रात भर रुक-रुक कर बारिश होती रही, लेकिन रविवार की सुबह से बारिश थम गई है। आसमान में सूर्य निकला है। सुबह से लोगों को उमस भरी गर्मी का एहसास हो रहा है। बेतिया में रविवार सुबह तेज बारिश हुई। यहां बीती रात से ही काले बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज यहां बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र ने चेतावनी दी है कि 11 से 13 अगस्त के बीच राज्य के उत्तर बिहार के जिलों खासकर सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज और दरभंगा में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। इससे नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है।

### चंद मिनटों की बारिश ने खोली स्मार्ट सिटी की पोल



मुजफ्फरपुर। चंद मिनटों की बारिश ने स्मार्ट सिटी परियोजना की पोल खोल दी। कुछ देर की बरसात में ही शहर पानी-पानी हो गया और मुख्य मार्गों पर जलजमाव से लोगों व व्यापारियों की परेशानी बढ़ गई। धर्मशाला चौक, आम गोला रोड, ब्रह्मपुरा रोड, स्टेशन रोड, इस्लामपुर रोड, तिलक मैदान रोड सहित आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर पानी भर गया।बारिश के दौरान आम लोग और दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरते नजर आए, वहीं नगर निगम की कार्यप्रणाली पर जमकर सवाल उठाए गए। लोगों का कहना है कि स्मार्ट सिटी का काम सिर्फ कागजों पर दिख रहा है, हकीकत कुछ और है। नगर निगम ने ड्रेनेज सिस्टम और मोटर पंप से पानी निकालने की कोशिश की लेकिन समस्या जस की तस रही।स्थानीय दुकानदार संतोष कुमार ने कहा कि स्मार्ट सिटी बनने से पहले नालियां चौड़ी थीं लेकिन अब छोटी हो गई हैं।

थोड़ी-सी बारिश में भी ऊंचे इलाकों में जलजमाव हो रहा है, दुकानों में पानी घुसने से कारोबार ठप पड़ रहा है। दुकानदार सुनील रजक ने कहा कि जलजमाव झेलना अब आम बात हो गई है, पहले हाल खराब था और अब तो स्थिति और भी बदतर हो गई है।

# पटना मरीन ड्राइव इलाके में घूमने आए लोगों के लिए मौज



## रात में भी ले सकेंगे नाव की सवारी का आनंद

पटना। गंगा नदी उफान पर है। राजधानी में जगह-जगह पानी किनारे तक बह रहा है। यह स्थिति कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती का साधन बन गई है। नदी में निजी नावों का परिचालन हो रहा है। खासकर जेपी-गंगा पथ पर जेपी सेतु के नीचे मरीन ड्राइव इलाके में निजी नाव चालक दिन में ही नहीं, रात में भी लोगों को नाव पर सैर करा रहे हैं। इससे दुर्घटना का खतरा पैदा हो गया है। इन नावों पर बड़ी संख्या में युवक-युवतियां गंगा नदी में घूमते नजर आ रहे हैं। किनारे पर खड़े होकर सेल्फी लेने में भी मशगूल हैं। इन नावों पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। मरीन ड्राइव से नीचे उतरते ही कई नावें नजर आती हैं। इन पर बल्ब से रोशनी की व्यवस्था की गई है। इस पर चढ़ने के लिए 20 से 50 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। अंधेरे में नाव चलाना काफी खतरनाक हो सकता है।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

नवादा। रोह प्रखंड के तेलरी गांव में युवक का शव पेड़ पर लटका मिला है। मृतक की पहचान रखी गांव निवासी शिवचरण मांझी के बेटे सुरेश मांझी(35) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि एक युवक की हत्या करके उसे पेड़ में लटका दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच शुरू कर दी। मृतक का शव उसके घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर बरामद किया गया है। घटना के समय मृतक के परिवार के सदस्य खेत में काम कर रहे थे।

परिवार और स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही

## संक्षिप्त डायरी

### धराली त्रासदी में लापता हुए पिता-पुत्रों का पुतला बनाकर अंतिम संस्कार



बेतिया। रक्षाबंधन के दिन जहां सुबह-सुबह घरों में पूजा की थाल सजती है, बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं, रसोई से मिठाइयों की खुशबू फैलती है लेकिन इस बार पुरुषोत्तमपुर में न मिठास थी, न हंसी, बस आंसू और सन्नाटे की आवाज। उत्तराखंड के धराली में बादल फटने के बाद लापता हुए 55 वर्षीय देवराज शर्मा और उनके बेटे अनिल कुमार (20) व सुशील शर्मा (18) की कोई खबर पांच दिन तक नहीं मिली। इंतजार लंबा होता गया, उम्मीद की डोर पतली पड़ती गई और आखिरकार परिवार ने टूटे दिल से मान लिया कि वे अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। शनिवार को गांव के लोगों ने पुतला बनाकर उनका अंतिम संस्कार किया।देवराज की पत्नी, लक्ष्मीना देवी का दुख शब्दों में बयान करना मुश्किल है। रक्षाबंधन के दिन जब हर बहन अपने भाई को राखी बांध रही थी, लक्ष्मीना देवी अपने पति और बेटों की तस्वीरें सीने से लगाए बार-बार बेहोश हो रही थीं। पास में डॉक्टर इलाज के लिए बैठे थे लेकिन उनकी आंखों का दर्द किसी दवा से कम नहीं हो सकता था। परिवार के सदस्य सुनील शर्मा ने धराली जाकर वहां की स्थिति देखी तो उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने बताया कि हमारे पिता और दोनों भाई उत्तराखंड में 11 लोगों के साथ एक घर में रह रहे थे। उस दिन मेरे मामा श्याम शर्मा और मेरे ममेरा भाई आनंद कुमार बाहर काम से गए थे, बाकी नौ लोग घर के अंदर थे। अचानक पहाड़ से काले बादल उतरे और फिर मूसलधार पानी व मलबा आया, जिसने पूरी बस्ती बहा दी। जो बाहर थे उन्होंने अपनी आंखों से देखा कि कैसे पलक झपकते ही मकान पानी में समा गया। पुरुषोत्तमपुर गांव में अब न त्योहार का माहौल है, न कोई उत्साह। गलियां सूनसान हैं, चूल्हे ठंडे पड़े हैं। हर घर का दरवाजा आधा खुला है, मानो कोई परिचित आवाज दे और लापता लोग लौट आएं लेकिन हकीकत यह है कि अब वे सिर्फ यादों में लौटेंगे, भारी और दर्द से भरी यादों में। गांव के एक बुजुर्ग रविन्द्र बाबा ने आंसू पोंछते हुए कहा कि राखी के दिन पहली बार देखा कि एक साथ पिता और दो बेटों की आरती उठी, ये हादसा गांव कभी नहीं भूल पाएगा।

### जेल में भाइयों को राखी बांधकर भावुक हुईं बहनें, सलामती और जल्द रिहाई की दुआ मांगी

पटना। रक्षाबंधन के मौके पर आज मुजफ्फरपुर के अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारागृह में भावुक नजारे देखने को मिले। सजायाफ्ता और विचाराधीन कैदियों की कलाई पर बहनों ने राखी बांधी, माथे पर तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की लंबी उम्र, सलामती और जल्द रिहाई की दुआ मांगी।कोरोना काल के बाद पहली बार बहनों को जेल में आकर अपने भाइयों से मिलने का अवसर मिला। सुबह से ही जिले के विभिन्न इलाकों से आई बहनें जेल के बाहर कतार में खड़ी होकर अपने क्रम का इंतजार करती रहीं। जैसे ही किसी बहन ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी, कई की आंखें भर आईं। भावुक होते हुए बहनों ने कहा- हमारा भाई जल्द घर लौटे, खुश रहे, यही हमारी कामना है। जेल अधीक्षक रिजवान अख्तर ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। राखी बांधने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आवेदन लिए गए।

## वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाया रक्षाबंधन का पर्व



पटना। पूरे देश में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। भाई-बहनों के इस पावन पर्व पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। जहां एक ओर परिवारों में यह उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा था, वहीं कुछ बुजुर्ग ऐसे भी हैं जो वृद्धाश्रम में रहकर दिनरात अपनों को देखने की प्रतीक्षा में रहते हैं। इन बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए गयाजी में संचालित माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष सह जिला जदयू प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों के साथ दोपहर में स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। वृद्धाश्रमों में यह त्योहार विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस मौके पर बहनों ने बुजुर्ग भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की दुआ की। कार्यक्रम में आश्रम के कर्मचारी सत्यानंद कुमार और कनक कुमारी भी शामिल रहे। कुमार गौरव ने बताया कि माधुरी फाउंडेशन द्वारा सभी त्योहारों और संस्था के सदस्यों के जन्मदिन के अवसर पर वृद्धाश्रम में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी लौट सके। इस आश्रम में बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश और ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों के करीब 116 महिला और पुरुष बुजुर्ग रहते हैं। इनमें से कुछ मानसिक रूप से बीमार हैं, जबकि कई को उनके परिवार के सदस्य यहां छोड़कर चले गए हैं।

# पुलिस का लोगो लगी गाड़ी ने स्कूटी में मारी टक्कर, दंपती घायल



पूर्णिया। पुलिस का लोगो लगी एक तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। इधर, टक्कर मारने के बाद भाग रही गाड़ी को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस गाड़ी चालक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही हैं। घायल स्कूटी सवार दोनों रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर भाई को राखी बांधने के लिए उड़ीसा से पूर्णिया आए थे। घायल की पहचान शुभम जैन और प्राची जैन के रूप में की गई है। जो भट्ठा बाजार निवासी संजीव जैन उर्फ बंटी दादा के दीदी और जीजा है।घायल के भाई संजीव जैन ने बताया कि दीदी और जीजा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर राखी बांधने के लिए उड़ीसा से पूर्णिया आए थे। देर रात स्कूटी से आर एन साह चौंक पर फल लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पुलिस बोर्ड लगी एक तेज रफ्तार बोलोरो गाड़ी बीआर 43 वाय 0492 ने टक्कर मार दी। साथ ही कुछ दूरी तक स्कूटी सवार को घसीट भी दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। संजीव जैन ने कहा कि पुलिस सिर्फ लगातार वाहन जांच अभियान चलाकर बाइक का हेलमेट जांच करते हैं। लेकिन वाहन पर पुलिस का बोर्ड लगाकर लोग चल रहे हैं। इस पर प्रशासन का ध्यान देना चाहिए। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस का लोगो लगी तेज रफ्तार वैन ने स्कूटी को टक्कर मार कर भागने की कोशिश की। लेकिन स्कूटी वैन में फंसने के कारण भाग नहीं पाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस बोर्ड लगी वैन चालक भागने के दौरान ही स्कूटी को कुछ दूर तक खींच दिया। स्कूटी को टक्कर मारने की आवाज सुनकर लोगों ने दौड़कर किसी तरह वैन को रूकवाया और गुस्साए लोगों ने चालक को पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। वहीं सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चालक को भीड़ से किसी तरह जान बचाकर थाना भेज दिया और क्षतिग्रस्त स्कूटी और पुलिस बोर्ड लगी गाड़ी को कब्जे में लेकर थाना भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं भट्ठा बाजार टीओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि पुलिस का लोगो लगी गाड़ी की ठोकर लगने से स्कूटी सवार एक महिला सहित दो लोग घायल हो गया जिसे इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त पुलिस बोर्ड लगी गाड़ी को जब्त कर लिया गया और मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस मुख्यालय ने जारी किया सुरक्षा अलर्ट



पटना। बिहार पुलिस मुख्यालय ने अलर्ट जारी कर राज्य के सभी जिलों को स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सभी पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और अन्य पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पत्र जारी कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने को कहा गया है। खासकर सीमावर्ती जिलों और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता के लिए लगातार गश्त करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से भी निगरानी करने को कहा गया है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर ट्रेनों में पुलिस गश्त बढ़ाने और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बलों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे पुलिस को सादे लिबास में भी गश्त करने को कहा गया है। सभी जिलों में संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करने को कहा गया है। इसके अलावा प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप और चौक-चौराहों पर अतिरिक्त बल तैनात करने को कहा गया है। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वरीय पुलिस अधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने को कहा गया है। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को भी सतर्क कर दिया गया है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# 'ढोंगियों के दावों में मत आना'....

## रक्षाबंधन पर तेजस्वी ने बहनों से कर यह दी अपील, 13 वादे भी किए

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रक्षाबंधन के अवसर पर भी नीतीश सरकार हमला बोला। बिहार की बेटियों के नाम संदेश जारी करने हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं जानता हूं कि सभी बहनें आज हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मना रही हैं, मैं आपसे एक अनुरोध करना चाहता हूं। मेरा अनुरोध है कि अपने-अपने भाइयों के राखी बांधने के बाद आप एक राखी मुझे भी बांधे। आपका तेजस्वी भैया बिहार के हर घर में आ नहीं सकता, लेकिन हर घर के बारे में, हर बहन की समृद्धि के बारे में सोच रहा है और नीतियां बना रहा है। इन्हें लागू करने के लिए मुझे अपनी सभी बहनों के सहयोग की जरूरत है। बिहार को नंबर वन बनाने का प्रण लीजिए, रक्षाबंधन पर एक राखी और चुनाव में एक वोट अपने तेजस्वी भैया को दीजिए, मैं भरोसा देता हूं, चाहे वो बेरोजगारी से रक्षा हो , महंगाई से, अपराध से, गरीबी से, भ्रष्टाचार से रक्षा हो। मैं हमेशा आपका रक्षा चक्र बनकर आपके लिए कार्य करता रहूंगा। यह तेजस्वी का प्रण है बिहार की हर बहन से। तेजस्वी यादव ने कहा कि 20 वर्षों से बिहार नकारात्मक राजनीति का शिकार रहा है, आप खुद भी सोचिए असंभव, असंभव का राग अलापने वाले इन नेताओं को जब आपके भाई तेजस्वी ने 17 महीने में यह समझा दिया कि असंभव कुछ नहीं होता, और एक बिहारी के शब्दकोश में तो ये शब्द होता ही नहीं है। हमसे कहा गया कि नौकरी कहां से देगा, अपने बाप से पैसा लाएगा, लेकिन हमने लाखों नौकरी देकर दिखाई। यह लोग 20 वर्षों की तरह इस वर्ष भी चुनाव नजदीक देख कर अब नौकरी देने के वादे का ढोंग कर रहे हैं, हमारी योजनाओं की नकल कर, उसे लागू कराने का ढोंग कर रहे हैं। तेजस्वी यादव कहा कि अब बिहार का विकास चाहते हैं तो इन ढोंगियों के दावों में मत आना और सोचना कि जो 20 वर्षों तक नहीं कर पाए, तेजस्वी के कर दिखाते ही और चुनाव पास आते ही, यह लोग 20 दिनों में सब करने को आतुर हैं। कैसा



मजाक कर रहे हैं बिहार के साथ? उन्होंने कहा कि बिहार की बहनें, बिहार का हर एक निवासी अब इन्हें सबक सिखाएगा, इन्हें हराएगा और नकारात्मक, विध्वंसकारी, अकर्मण्य, लोभी, भ्रष्टाचारी, तानाशाह, विभाजनकारी, नकारा, हिंसक, अपराधियों को संरक्षण देने वाली खटारा सरकार को हटाएगा तथा सकरात्मक सोच वाली, विकास के ब्लूप्रिंट को लागू करने वाली, हर घर रोजगार देने को प्रतिबद्ध, महिलाओं के लिए योजनाएं लेकर आने वाली महागठबंधन सरकार को भारी मतों से विजयी बनाएगा। तेजस्वी यादव ने बिहार की बेटियों से 13 वादे भी किए। कहा कि इन सब का ब्लू प्रिंट तैयार हो चुका है। चुनाव के बाद हमारी सरकारी बनी तो इसे फौरन लागू कर दिया जाएगा। आइए जानते हैं तेजस्वी यादव ने क्या-क्या वादे किए...बिहार में बेटी के जन्म से लेकर उसकी आमदनी के इंतजाम तक के लिए बेटी (BETI) प्रोगाम, महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने वाली माई-बहन योजना, विधवा माता-बहनों की पेंशन को बढ़ा कर 1500 रुपये करने वाली योजना, बुजुर्गों की पेंशन को बढ़ा कर 1500 रुपये करने वाली योजना, दिव्यांगजनों की पेंशन को बढ़ा कर 1500 रुपये करने वाली योजना , हर रसोईघर में 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, बेटियों के लिए उच्च श्रेणी के आवासीय कोचिंग संस्थान, हर इच्छुक बेटी को वर्ल्ड क्लास खेल की ट्रेनिंग और अन्य सुविधाएं, हर इच्छुक बेटी को नौकरी व रोजगार , मुफ्त परीक्षा फॉर्म, परीक्षा केंद्र तक आने जाने का मुफ्त किराया, पेपर लीक पर लगाम।



# कृष्ण के 80 पुत्रों का रहस्य

आर्यभट्ट के अनुसार महाभारत युद्ध 3137 ईपू में हुआ। इस युद्ध के 35 वर्ष पश्चात भगवान कृष्ण ने देह छोड़ दी थी तभी से कलियुग का आरंभ माना जाता है। पुराणों के अनुसार 8वें अवतार के रूप में विष्णु ने यह अवतार 8वें मनु वैवस्वत के मन्वंतर के 28वें द्वापर में श्रीकृष्ण के रूप में देवकी के गर्भ से 8वें पुत्र के रूप में मथुरा के कारागार में जन्म लिया था। उनका जन्म भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की रात्रि के 7 मुहूर्त निकलने के बाद 8वें मुहूर्त में हुआ। तब रोहिणी नक्षत्र तथा अष्टमी तिथि थी जिसके संयोग से जयंती नामक योग में लगभग 3112 ईसा पूर्व (अर्थात आज से 5125 वर्ष पूर्व) को जन्म हुआ।

ज्योतिषियों के अनुसार रात 12 बजे उस वक्त शून्य काल था। भगवान श्रीकष्ण ने आठ महिलाओं से विधिवत विवाह किया था। इन आठ महिलाओं से उनको 80 पुत्र मिले थे। इन आठ महिलाओं को अष्टा भार्या कहा जाता था। इनके नाम हैं : अष्ट भार्या : कृष्ण की 8 ही पत्नियां थीं यथा- रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा।

- श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के पुत्र - प्रद्युम्न, चारुदेष्ण, सुदेष्ण, चारुदेह, सुचारू, चरुगुप्त, भद्रचारू, चारुचंद्र, विचारू और चारू।
- जाम्बवती-कृष्ण के पुत्र - साम्ब, सुमित्र, पुरुजित, शतजित, सहस्त्रजित, विजय, चित्रकेतु, वसुमान, द्रविड़ और क्रतु।
- सत्यभामा-कृष्ण के पुत्र - भानु, सुभानु, स्वरभानु, प्रभानु, भानुमान, चंद्रभानु, वृहद्भानु, अतिभानु, श्रीभानु और प्रतिभानु।
- कालिंदी-कृष्ण के पुत्र- श्रुत, कवि, वृष, वीर, सुबाहु, भद्र, शांति, दर्श, पूर्णमास और सोमक।
- मित्रविन्दा-श्रीकृष्ण के पुत्र- वृक, हर्ष, अनिल, गृध्र, वर्धन, अन्नाद, महांस, पावन, वहि्न और क्षुधि।
- लक्ष्मणा-श्रीकृष्ण के पुत्र- प्रघोष, गात्रवान, सिंह, बल, प्रबल, ऊर्ध्वग, महाशक्ति, सह, ओज और अपराजित।
- सत्या-श्रीकृष्ण के पुत्र- वीर, चन्द्र, अश्वसेन, चित्रगुप्त, वेगवान, वृष, आम, शंकु, वसु और कुंति।
- भद्रा-श्रीकृष्ण के पुत्र-संग्रामजित, वृहत्सेन, शूर, प्रहरण, अरिजित, जय, सुभद्र, वाम, आयु और सत्यक।

## कृष्ण कुल का नाश

गांधारी के शाप के चलते भगवान श्री कृष्ण के कुल का नाश हो गया था। उल्लेखनीय है कि गांधारी ने यदुकुल या यदुवंश के नाश का शाप नहीं दिया था। मथुरा अंधक संघ की राजधानी थी और द्वारिका वृष्णियों की। ये दोनों ही यदुवंश की शाखाएं थीं। यदुवंश में अंधक, वृष्णि, माधव, यादव आदि वंश चला। श्रीकृष्ण ने मथुरा से जाकर द्वारिका में अपना स्थान बनाया था। श्रीकृष्ण ने द्वारिका का फिर से निर्माण कराया था, क्योंकि उनकी चीन यात्रा के दौरान शिशुपाल ने द्वारिका को नष्ट कर दिया था। श्रीकृष्ण वृष्णि वंश से थे। वृष्णि ही 'वार्ष्णेय' कहलाए, जो बाद में वैष्णव हो गए।

महाभारत युद्ध के बाद जब 36वां वर्ष प्रारंभ हुआ तो राजा युधिष्ठिर को तरह-तरह के अपशकुन दिखाई देने लगे। विश्वामित्र, असित, दुर्वासा, कश्यप, वशिष्ठ और नारद आदि बड़े-बड़े ऋषि द्वारका के पास पिंडारक क्षेत्र में निवास कर रहे थे। एक दिन सारण आदि किशोर जाम्बवती नंदन साम्ब को स्त्री वेश में सजाकर उनके पास ले गए और बोले- ऋषियों, यह कजरारे नैनों वाली बभ्रु की पत्नी है और गर्भवती है। यह कुछ पूछना चाहती है लेकिन सकुचाती है। इसका प्रसव समय निकट है, आप सर्वज्ञ हैं। बताइए, यह कन्या जनेगी या पुत्र। ऋषियों से मजाक करने पर उन्हें क्रोध आ गया और वे बोले, 'श्रीकृष्ण का पुत्र साम्ब वृष्णि और अर्धकवंशी पुरुषों का नाश करने के लिए लोहे का एक विशाल मूसल उत्पन्न करेगा। केवल बलराम और श्रीकृष्ण पर उसका वश नहीं चलेगा। बलरामजी स्वयं ही अपने शरीर का परित्याग करके समुद्र में प्रवेश कर जाएंगे और श्रीकृष्ण जब भूमि पर शयन कर रहे होंगे, उस समय जरा नामक व्याध उन्हें अपने बाणों से बींध देगा।' मुनियों की यह बात सुनकर वे सभी किशोर बहुत डर गए। उन्होंने तुरंत साम्ब का पेट (जो गर्भवती दिखने के लिए बनाया गया था) खोलकर देखा तो उसमें एक मूसल मिला। वे सब बहुत घबरा गए और मूसल लेकर अपने आवास पर चले गए। उन्होंने भरी सभा में वह मूसल ले जाकर रख दिया। उन्होंने राजा उग्रसेन सहित सभी को यह घटना बता दी। उन्होंने उस मूसल का चूरा-चूरा कर डाला तथा उस चूरे व लोहे के छोटे टुकड़े को समुद्र में फिंकवा दिया जिससे कि ऋषियों की भविष्यवाणी सही न हो। लेकिन उस टुकड़े को एक मछली निगल गई और चूरा लहरों के साथ समुद्र के किनारे आ गया और कुछ दिन बाद एरक (एक प्रकार की घास) के रूप में उग आया। मछुआरों ने उस मछली को पकड़ लिया। उसके पेट में जो लोहे का टुकडा था उसे जरा नामक ब्याध ने अपने बाण की नोंक पर लगा लिया। मुनियों के शाप की बात श्रीकृष्ण को भी बताई गई थी। उन्होंने कहा- ऋषियों की यह बात अवश्य सच होगी। एकाएक उन्हें गांधारी के शाप की बात याद आ गई। वृष्णिवंशियों को दो शाप- एक गांधारी का और दूसरा ऋषियों का। श्रीकृष्ण सब कुछ जानते थे लेकिन शाप पलटने में उनकी रुचि नहीं थी।

36वां वर्ष चल रहा था। उन्होंने यदुंवशियों को तीर्थयात्रा पर चलने की आज्ञा दी। वे सभी प्रभास में उत्सव के लिए इकट्ठे हुए और किसी बात पर आपस में झगड़ने लगे। झगड़ा इतना बढ़ा कि वे वहां उग आई घास को उखाड़कर उसी से एक-दूसरे को मारने लगे। उसी 'एरका' घास से यदुवंशियों का नाश हो गया। हाथ में आते ही वह घास एक विशाल मूसल का रूप धारण कर लेती। श्रीकृष्ण के देखते-देखते साम्ब, चारुदेष्ण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध की मृत्यु हो गई।



## मौसुल युद्ध

इस आपसी झगड़े को मौसुल युद्ध कहा जाता है। इस युद्ध के कई रहस्य हैं। झगड़े की शुरुआत कृतवर्मा के अपमान से हुई। सात्यकि ने मदिरा के आवेश में उनका उपहास उड़ाते हुए कहा कि अपने को क्षत्रिय मानने वाला ऐसा कौन वीर होगा, जो रात में मुर्दे की तरह सोए मनुष्यों की हत्या करेगा। तूने जो अपराध किया है, यदुवंशी उसे कभी माफ नहीं कर सकते। उसके ऐसा कहने पर प्रद्युम्न ने भी कृतवर्मा का अपमान करते हुएउनकी बात का समर्थन किया। कृतवर्मा ने महाभारत का युद्ध लड़ा था और वे युद्ध में जीवित बचे 18 योद्धाओं में से एक थे। कृतवर्मा यदुवंश के अंतर्गत भोजराज हृदिक का पुत्र और वृष्णि वंश के 7 सेनानायकों में से एक था। महाभारत युद्ध में इसने एक अक्षौहिणी सेना के साथ दुर्योधन की सहायता की थी। कृतवर्मा कौरव पक्ष का अतिरथी योद्धा था। कृतवर्मा को बड़ा क्रोध आया और उन्होंने एक हाथ उठाकर सात्यकि का तिरस्कार करते हुए कहा, 'भूरिश्रवा की बांह कट गई थी और वे मरणांत उपवास का निर्णय कर युद्ध भूमि में बैठ गए थे, उस अवस्था में भी तुमने वीर कहलाकर भी उनकी नृशंसतापूर्वक हत्या क्यों कर दी थी। यह तो नपुंसकों जैसा कृत्य था। इस बात पर सात्यकि को क्रोध आ गया। उन्होंने तलवार से कृतवर्मा का सिर धड़ से अलग कर दिया। बात बढ़ती चली गई और सब काल-कवलित हो गए। मूसल के प्रहार से उन सबने एक-दूसरे की जान ले ली।



# ऐसे सपने बताते हैं घर में आने वाली हैं खुशियां

सपने सभी को दिखाई देते हैं। उनमें से कुछ सपने अच्छे भविष्य की ओर संकेत करते हैं, जबकि कुछ भविष्य में आने वाली परेशानियों से आगाह करते हैं। स्वप्न ज्योतिष के अनुसार, सपनों का संबंध कहीं न कहीं आपके मन और आपकी चाहतों से होता है। प्राचीन काल से चली आ रही मान्ताओं के अनुसार सपने आने वाले शुभ और अशुभ फलों के बारे में बताते हैं। कुछ सपने ऐसे हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि इनके दिखने का मतलब है घर में आने वाली है बड़ी खुशी। आइए जानते है कुछ ऐसे ही सपनों के बारे में जो ये संकेत देते हैं।

### अनार का फल देखना

अनार का फल देखने का मतलब है धन लाभ भी और संतान प्राप्ति का संकेत देता हैं।

### आम का पेड़ देखना

अगर सपने में आप आम से लदे हुए पेड़ को देखते हैं तो यह संकेत है कि आपके घर में खुश खबरी आने वाली है।

### सपने में सांप को देखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आपको सपने में सांप दिखने लगे तो इसका मतलब है कि आपके घर में नए मेहमान का आगमन हो सकता है यानी आपके घर में संतान का जन्म हो सकता है। यह सपना धन लाभ का भी सचक माना जाता है।

### छोटे बच्चो को खेलते हुए देखना

छोटे बच्चे को खेलते हुए देखने का मतलब है आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी और संतान प्राप्ति का योग बनेगा।

### सेब खाते हुए देखना

महिलाओं का सेब खाते हुए देखने का मतलब है कि खुशखबरी आने वाली है। वह मां बन सकती हैं। गोद में और फलों की टोकरी देखने का मतलब भी संतान प्राप्ति माना गया है।

### इमली खाते हुए देखना

सपने में ईमली खाते हुए देखने का मतलब है आपके घर में बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है।

### दर्पण देखना

सपने में दर्पण देखने का मतलब है कि आपको जल्दी ही संतान सुख मिलेगा।

### हरा-भरा खेत देखना

सपने में हरा भरा खेत दिखना मतलब जीवन में हरयिाली यानी धन और सुख का समय आने वाला है। यह सपना संतान प्राप्ति का भी सूचक माना जाता है।

### लाल फूल का दिखना

सपने में लाल फूल का दखिना अच्छा शगुन माना जाता है। इसका मतलब है कि आपको संतान सुख मिलेगा।

### नाखून का बढ़ा हुआ देखना

अपने नाखून का बढ़ा हुआ देखना अच्छा शगुन माना जाता है। यह स्वप्न बताता है कि आपको कहीं से धन लाभ मिलेगा। यह स्वप्न नि:संतान दंपत्ति को संतान सुख का संकेत देता है।



# इस श्राप के कारण शिवजी ने काटा था गणेशजी का सिर


**पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि एक बार शिवजी ने अपने पुत्र गणेश का सिर त्रिशूल से काट दिया था। मगर, क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने की स्थिति क्यों बनी थी। वह क्या श्राप था, जिसकी वजह से भोलेनाथ को भी पीड़ा उठानी पड़ी।**

## गणेशजी के जन्म की कहानी

एक बार शिवजी के गण नंदी ने देवी पार्वती की आज्ञा पालन में त्रुटि कर दी थी। इससे नाराज देवी ने अपने शरीर के उबटन से एक बालक का निर्माण कर उसमें प्राण डाल दिए और कहा कि तुम मेरे पुत्र हो। तुम मेरी ही आज्ञा का पालन करना किसी और की नहीं। देवी पार्वती ने यह भी कहा कि मैं स्नान के लिए जा रही हूं। ध्यान रखना कोई भी अंदर न आने पाए। थोड़ी देर बाद वहां भगवान शंकर आए और देवी पार्वती के भवन में जाने लगे। यह देखकर उस बालक ने विनयपूर्वक उन्हें रोकने का प्रयास किया। बालक का हठ देखकर भगवान शंकर क्रोधित हो गए और उन्होंने अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। देवी पार्वती ने जब यह देखा तो वे बहुत क्रोधित हो गई। उनकी क्रोध की अग्नि से सृष्टि में हाहाकार मच गया। तब सभी देवताओं ने मिलकर उनकी स्तुति की और बालक को पुनर्जीवित करने के लिए कहा। तब भगवान शंकर के कहने पर विष्णुजी एक हाथी का सिर काटकर लाए और वह सिर उन्होंने उस बालक के धड़ पर रखकर उसे जीवित कर दिया। तब भगवान शंकर व अन्य देवताओं ने उस गजमुख बालक को अनेक आशीर्वाद दिए। देवताओं ने गणेश, गणपति, विनायक, विघ्नहरता, प्रथम पूज्य आदि कई नामों से उस बालक की स्तुति की।

## यह था शिवजी को श्राप

एक समय में माली और सुमाली दो राक्षस थे जो शिव को समर्पित थे। सूर्य देव उन राक्षसों को उनके पापों के लिए मारने वाले थे। राक्षसों ने शिव से प्रार्थना की और शिव ने उनकी रक्षा के लिए हस्तक्षेप किया। उन्होंने सूर्य को अपने त्रिशूल से मार दिया और इससे सारी दुनिया अंधेरे में डूब गयी। त्रिशूल की चोट से सूर्य की चेतना नष्ट हो गई और वह तुरंत रथ से नीचे गिर पड़े। जब कश्यपजी ने देखा कि उनका पुत्र मरणासन्न अवस्था में हैं, तो वे उसे छाती से लगाकर फूट-फूटकर विलाप करने लगे। सारे देवताओं में हाहाकार मच गया। सभी भयभीत होकर रोने लगे। तब ब्रह्मा के पौत्र तपस्वी कश्यप जी ने शिवजी को शाप दिया, वे बोले जैसा आज तुम्हारे प्रहार के कारण मेरे पुत्र का हाल हो रहा है। ठीक वैसे ही तुम्हारे पुत्र पर भी होगा। तुम स्वयं अपने ही पुत्र का मस्तक काट दोगे। इसी श्राप के कारण ऐसे संयोग बने कि महादेव को गणेश जी का सर काटना पड़ा।



# विदेशों में भी मानते हैं मोर पंखों को शुभ

मोर, मयूर, पिकॉक कितने खूबसूरत नाम है इस सुंदर से पक्षी के। जितना खूबसूरत यह दिखता है उतने ही खूबसूरत फायदे इसके पंखों के भी हैं। हमारे देवी-दवताओं को भी यह अत्यंत प्रिय हैं। मां सरस्वती, श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी, इन्द्र देव, कार्तिकेय, श्री गणेश सभी को मोर पंख किसी न किसी रूप में प्रिय हैं। पौराणिक काल में महर्षियों द्वारा इसी मोरपंख की कलम बनाकर बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गए हैं। मोर के विषय में माना जाता है कि यह पक्षी किसी भी स्थान को बुरी शक्तियों और प्रतिकूल चीजों के प्रभाव से बचाकर रखता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपने घरों में मोर के खूबसूरत पंखों को लगाते हैं।

- मोर पंख की जितनी महत्ता भारत के लोगों के लिए है शायद ही किसी अन्य देश के लोगों के लिए हो। हमारे यहां माना जाता है कि मोर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सबसे प्रभावशाली है।
- हालांकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पश्चिमी देशों के लोग मोरपंख को दुर्भाग्य का सूचक मानते थे। लेकिन मोर पंख की शुभता का अनुभव होने के बाद उसे शुभ चिन्ह के रूप में स्वीकार कर लिया गया।
- ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार मोर को 'हेरा' के साथ संबंधित किया जाता है। मान्यता के अनुसार आर्गस, जिसकी सौ आंखें थीं, उसके द्वारा हेरा ने मोर की रचना की।
- यही वजह है कि ग्रीक लोग मोर के पंखों को स्वर्ग और सितारों की निगाहों के साथ जोड़ते हैं।
- हिंदू धर्म में मोर को धन की देवी लक्ष्मी और विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़कर देखा जाता है।
- लक्ष्मी सौभाग्य, खुशहाली और धन धान्य व संपन्नता के लिए पूजी जाती हैं। मोर के पंखों का प्रयोग लक्ष्मी की इन्हीं विशेषताओं को हासिल करने के लिए किया जाता है। मोर पंख को बांसुरी के साथ घर में रखने से रिश्तों में प्रेम रस घुल जाता है।
- एशिया के बहुत से देशों में मोर के पंखों को अध्यात्म के साथ संबंधित किया जाता है। क्वान-यिन जो कि अध्यात्म का प्रतीक है का मोर से खास रिश्ता माना गया है। क्वान यिन : क्वान-यिन प्रेम, प्रतिष्ठा, धीरज और स्नेह का सूचक है। इसलिए संबंधित देशों के लोगों के अनुसार मोर पंख से नजदीकी अर्थात क्वान-यिन से समीपता मानी गई है।
- बौद्ध धर्म के अनुसार मोर अपनी अपने सारे पंखों को खोल देता है, इसलिए उसके पंख विचारों और मान्यताओं में खुलेपन का ही प्रतीक माने जाते हैं।
- ईसाई धर्म में मोर के पंख, अमरता, पुनर्जीवन और अध्यात्मिक शिक्षा से संबंध रखते हैं।
- इस्लाम धर्म में मोर के खूबसूरत पंख जन्नत के दरवाजे के बाहर अद्भुत शाही बगीचे का प्रतीक माने जाते हैं।

यह भी विशेष गौर करने लायक तथ्य है कि घरों में मोरपंख रखने से कीड़े-मकोड़े घर में दाखिल नहीं होते।

# भारतीय टीम ने किया कमाल, दो दशकों बाद अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यांगून (म्यांमार) -यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में ग्रुप डी के अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान म्यांमार को 1-0 से हराकर भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ऐसा 20 वर्षों में पहली बार हुआ है। विंगर पूजा के 27वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत यंग टाइग्रेसेस ने थुवुन्ना स्टेडियम में मेजबान टीम के सामने जीत हासिल की और सात अंकों के साथ अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

यह दो हाफ का खेल था, पहले हाफ में भारत का दबदबा रहा, जबकि दूसरे हाफ में म्यांमार ने दबदबा बनाए रखा। नेहा और सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने तीसरे मिनट में ही मिलकर गोल कर दिया, जब सिबानी ने सिबानी देवी को एक क्रॉस दिया, जो गोल करने से बस कुछ ही इंच दूर थी। मेजबान टीम ने सारा दबाव झेलते हुए कुछ जवाबी हमले भी किए और नौवें मिनट में थिन लून इआन के सीने से टकराने के बाद, फॉरवर्ड सु सु खिन करीब पहुंच गईं। जैसे-जैसे मिनट बीतते गए मेजबान टीम ने खेल में अपनी पकड़ मज़बूत करनी शुरू कर दी, लेकिन भारत ने 30 मिनट से कुछ मिनट पहले पूजा के गोल की बदौलत बढ़त बना ली।

दाईं ओर से क्रॉस करने से पहले पूजा ने ही काउंटर पर हमला शुरू किया था। उनकी गेंद सभी से बच गई, लेकिन नेहा, जो दूसरी तरफ से थी, गेंद के सिरे तक पहुंचने में कामयाब रही और उसे वापस गोल में पहुंचा दिया। पूजा, जो तब तक गोलमुख तक पहुंच चुकी थीं, के पास प्रतिक्रिया करने का समय नहीं था और उन्होंने अपने धड़ से गेंद को गोल लाइन के पार पहुंचा दिया। इससे भारतीय खेमे में, कम से कम पहले हाफ के अंत तक घबराहट कम हो गई। यंग टाइग्रेसेस ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और ब्रेक तक अपनी मामूली बढ़त बनाए रखी।

दूसरे हाफ में स्थिति बिल्कुल अलग थी। घरेलू समर्थन से उत्साहित म्यांमार ने पूरी ताकत झोंक दी और भारतीय गोलकीपर मोनालिशा देवी को 48वें मिनट में सु सु खिन को रोकने के लिए एक बेहतरीन बचाव करना पड़ा। भारत ने म्यांमार के लगातार हमलों का सामना किया। मोनालिशा, जिन्होंने पिछले दो मैचों में एक भी गोल नहीं खाया था, को खेल के 10 मिनट बचे थे जब म्यांमार के सब्सटीट्यूट मो प्विंट फ्यू ने एई थेट फ्यू के क्रॉस को हेडर से गोलपोस्ट में मारा। गेंद लाइन पर तेजी से लुढ़कती रही, लेकिन भारतीय गोलकीपर ने छलांग लगाकर उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।




फ्यू ने एक बार फिर इस बार 90वें मिनट में, शुभांगी से टकराकर गोलपोस्ट से खेल से बाहर हो गई। कुछ ही सेकंड बाद भारत ने जवाबी हमला किया जब सिबानी ने सुलंजना राउल को एक क्रॉस भेजा, जो भी गोलपोस्ट से टकराया और उनका हेडर क्रॉस-बार से टकरा गया। मेजबान टीम के तमाम दबाव के बावजूद भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और दो दशकों में पहली बार क्वालीफिकेशन हासिल किया।

# सैमसन ने टी20 में अपनी सफलता का श्रेय गंभीर को दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कारण ही वह टी20 क्रिकेट में सफल हो पाये हैं। सैमसन ने कहा कि गंभीर खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हैं। सैमसन के अनुसार जब वह टीम में आये थे तब गंभीर ने उनसे कहा था कि उन्हें निडर होगर खेलना चाहिये क्योंकि टीम से बाहर होने से पहले 20 अवसर तो मिलेंगे ही। साथ ही कहा था कि जब वह 21 बार शून्य पर आउट होंगे तभी बाहर किया जाएगा। गंभीर के कोच बनने के बाद सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में तैयार टीम में सैमसन को सलामी बल्लेबाज की जिम्मेदारी मिली थी। सैमसन ने बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाकर अपने चयन को सही साबित किया।.

सैमसन ने कहा, 'यह बदलाव अचानक ही टी20 विश्व कप के बाद हुआ। गंभीर आये और सूर्यकुमार कप्तान बने। वहीं मुझे पारी की शुरुआत का अवर मिला। तभी सूर्यकुमार ने कहा कि आपके लिए एक अच्छा अवसर है। हमारे पास सात मैच हैं. मैं आपको सभी सात मैच सलामी बल्लेबाज के तौर पर खिलाऊंगा।' सैमसन ने कहा, 'मैंने इससे पहले श्रीलंका में दो मैच खेले थे पर रन नहीं बना पाया। ड्रेसिंग रूम में थोड़ा निराश था। तब गंभीर मेरे पास आए और पूछा कि क्या हुआ है? मैंने कहा, 'काफी समय बाद मुझे अवसर मिला पर मैं इसका लाभ नहीं उठा पाया।' उन्होंने कहा, कि निराश होने की जरुरत नहीं है। अगर आप 21 बार जीरो पर आउट हो गए, तभी मैं आपको टीम से बाहर करूंगा।' कप्तान और कोच की इन बातों ने निश्चित रूप से मेरा मनोबल बढ़ा और इससे मुझे मैदान पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन करने में सहायता मिली.'

सैमसन अब अगले माह होने वाले एशिया कप के लिए टीम में जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सैमसन ने भारतीय टीम की ओर से 42 टी20 मैचों में 25.32 की औसत के साथ 861 रन बनाये हैं। उन्होंने इस प्रारुप में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं।

# डेविड वार्नर ने लंदन स्पिरिट को दिलाई पहली जीत, खेली 70 रनों पर नाबाद पारी

**लंदन (एजेंसी)।** लंदन स्पिरिट ने शनिवार (9 अगस्त) को वेल्श फायर पर 8 रनों की कड़ी जीत के साथ मेन्स हंड्रेड में अपना खाता खोलने में कामयाबी हासिल की। टूर्नामेंट के पहले मैच में अपने खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद, लंदन स्पिरिट ने अनुभवी डेविड वार्नर की अगुवाई में शानदार वापसी की, जिन्होंने 70 रनों पर नाबाद रहते हुए बल्लेबाजी की। वेल्श फायर के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भी रन चेज में नाबाद रहे और अपनी टीम द्वारा बनाए गए आधे से ज्यादा रन बनाए, लेकिन फिर भी वे लड़खड़ा गए।



वार्नर पारी की शुरुआत में ही अच्छी फॉर्म में आ गए थे, लेकिन दूसरे छोर पर केन विलियमसन लड़खड़ा गए। आखिरकार उन्होंने मैदान पर छक्का जड़कर अपनी लय तोड़ी, लेकिन जोश हल के आउट होने के कारण ज़्यादा देर तक टिक नहीं पाए। पारी को आधे समय में एक बड़ा झटका तब लगा जब वार्नर और जेमी स्मिथ ने मिलकर क्रिस ग्रीन को तीन छक्के जड़कर आउट कर दिया। यह सिलसिला जारी रहा और स्मिथ ने हल की गेंद पर एक और बड़ा छक्का जड़ा, उसके बाद एक चौका जड़ा, और फिर गेंदबाज ने इस पारी का अंत कर दिया।

इसके बाद एश्टन टर्नर की बारी आई और उन्होंने भी एक उपयोगी छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर वार्नर ने रन बनाना जारी रखा और स्कोर को 160 के पार पहुंचाया, जिसका मतलब था कि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के लिए एक ठोस शुरुआत जरूरी थी। हालांकि स्टीव स्मिथ और बेयरस्टो ने अपने पहले मैच में पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शुरुआत में ही स्कूप करने की कोशिश में थर्ड मैन पर आउट हो गए। दुर्भाग्य से वेल्श फायर के लिए, विकेटों के गिरने के साथ ही रन गति की शुरुआत हो गई।

# धोनी से आगे निकल जाएंगे पंत, गिलक्रिस्ट भी पीछे छूट सकते हैं : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि अगर ऋषभ पंत भारत के लिए ज्यादा मैच खेलते हैं तो वह टेस्ट मैचों में महेंद्र सिंह धोनी के रनों की संख्या को पीछे छोड़ देंगे। टेस्ट मैचों में भारत के उप-कप्तान पंत फिलहाल मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच में बल्लेबाजी करते हुए दाहिने पैर में लगी चोट से उबर रहे हैं।



पंत ने अब तक 47 टेस्ट मैचों में 44.50 की औसत से 3427 रन बनाए हैं। उनके शतकों की संख्या में आठ शतक शामिल हैं, जो धोनी के छह शतकों से दो ज़्यादा हैं, हालांकि धोनी ने 90 टेस्ट मैच खेले हैं। चोपड़ा ने सवाल उठाया है कि क्या यह कहना सही होगा कि पंत भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले सबसे महान विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं।

उन्होंने कहा, 'खेलों और रनों की संख्या के मामले में एमएस धोनी शीर्ष पर हैं। उन्होंने 90 मैच, 144 पारियां खेली हैं जिनमें 38.09 की औसत से 4876 रन बनाए हैं और उनके नाम छह शतक हैं। ऋषभ पंत ने पिछले पांच सालों में छह शतक लगाए हैं।' चोपड़ा ने कहा, 'अगर हम कुल मिलाकर देखें, तो ऋषभ पंत आठ शतक लगा चुके हैं और एमएस धोनी छह शतक लगा चुके हैं। ऋषभ पंत पहले ही (रनों की संख्या के मामले में) दूसरे स्थान पर हैं। वह एमएस धोनी से 1400 रन पीछे हैं और लगभग आधे मैच खेल चुके हैं। अगर वह और खेलेंगे, तो जाहिर है कि वह एमएस धोनी से आगे निकल जाएंगे।'

इंग्लैंड के हालिया टेस्ट दौरे की 7 पारियों में पंत ने 68.42 की शानदार औसत से 479 रन बनाए जिसमें लीड्स के हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच में लगाए गए दो शतक भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अगर हम इंग्लैंड में किसी विकेटकीपर द्वारा बनाए गए सबसे ज़्यादा रनों पर नजर डालें, तो वह इंग्लैंड में 1000 रन बनाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। उन्होंने चार शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 13 मैचों और 24 पारियों में 1000 से ज़्यादा रन बनाए हैं। इंग्लैंड में उनकी मूर्तियां बननी शुरू हो सकती हैं।'


चोपड़ा ने आगे कहा, 'अगर हम दुनिया के अब तक के सभी टेस्ट विकेटकीपरों की सूची देखें, तो एडम गिलक्रिस्ट ने 96 मैचों में 47.60 की औसत से 5570 रन बनाए हैं। वह उनसे काफी आगे हैं। हालांकि गिलक्रिस्ट भी पीछे छूट सकते हैं क्योंकि पंत उनसे लगभग 2250 रन पीछे हैं। बिना किसी संदेह के भारत के अब तक के नंबर 1 विकेटकीपर-बल्लेबाज और विश्व क्रिकेट में, वह सबसे बेहतरीन और शायद सर्वश्रेष्ठ में से एक बनकर उभरेंगे।'

# बेंगलुरु में 80 हजार दर्शकों की क्षमता वाला नया स्टेडियम बनेगा : सिद्धारमैया

बेंगलुरु । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि बेंगलुरु में नया क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। इस स्टेडियम की क्षमता 80 हजार दर्शकों होगी और ये अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। हाल में चिन्नास्वामी स्टेडिमय में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के बाद हुए समारोह में जगह कम होने के बाद हुए हादसे के बाद नये स्टेडियम को बनाने की मांग उठी थी। जिससे सबक लेते हुए सिद्धारमैया ने नया स्टेडयम बनाने की घोषण कर दी। इस स्टेडियम को बनाने के लिए कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड की सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है। इसमें 1650 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। ये स्टेडियम 100 एकड़ में बनाया जाएगा और इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें केवल क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा।

# वॉन बोले अभी सचिन से बेहतर नहीं हुए हैं रुट

लंदन । इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट ने हाल ही भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज में शानदार बल्लेबाजी करते हुए कई अहम रिकार्ड अपने नाम किये हैं। जिसके बाद से ही दावा किया जा रहा है कि वह भारतीय टीम के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी अच्छे हैं और सबसे अधिक रनों का तेंदुलकर का रिकार्ड भी वह तोड़ सकते हैं। अभी वह सबसे अधिक रनों के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। इसी को लेकर जब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन से पूछा गया कि क्या रुट सचिन से बेहतर हैं तो वॉन ने कहा कि अभी नहीं। उन्होंने कहा कि रूट ने अभी तक 158 टेस्ट मैच खेले हैं। अगर बात सचिन के 200 में से पहले 158 टेस्ट मैचों की करें तो, रूट कई मामलों में अभी भी भारतीय बल्लेबाज से पीछे हैं। उदाहरण के के लिए 158 टेस्ट के बाद सचिन का औसत 54.75 का था, जबकि रूट का औसल 51.29 का है। तेंदुलकर के नाम जहां 158 टेस्ट मैचों में 42 शतक थे, वहीं रूट ने अभी तक इतने ही मैचों में 39 शतक लगाये हैं। हाल ही में संपन्न हुई 5 मैच की टेस्ट सीरीज में रूट ने 537 रन बनाये और वह सीरीज में शुभमन गिल के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे। इससे वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की दौड़ में लंबी छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट ने इस दौरान राहुल द्रविड़, जैक कैलिस और रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा अब उनके आगे केवल तेंदुलकर ही हैं। तेंदुलकर ने अपने टेस्ट करियर में कुल 15921 रन बनाए हैं, वहीं जो रूट 13543 रनों के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। दोनों के बीच अब सिर्फ 2378 रनों का अंतर रह गया है।



# जिंजर के चार विकेट, ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को हराकर टी20 सीरीज 3-0 से जीती

**मैके (एजेंसी)।** सियाना जिंजर के 16 रन देकर 4 विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में भारत ए को चार रन से हराकर टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ए को दूसरे टी20 में 114 रनों से मिली करारी हार के ठीक एक दिन बाद मेहमान टीम ने गेंदबाजी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए को 144/8 पर रोक दिया जिसमें प्रेमा रावत और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रनों की तेज पारी खेलकर टीम की जीत की नींव रखी। लेकिन क्वींसलैंड जिंजर की 20 वर्षीय ऑलराउंडर सियाना ने आठवें ओवर में शेफाली को आउट करके और 15वें ओवर में राघवी बिष्ट को स्टंप आउट करके मैच का रुख ऑस्ट्रेलिया ए के पक्ष में कर दिया।



इसके बाद सियाना ने 19वें ओवर में राधा और सजाना सजीवन को आउट किया, जिन्होंने सिर्फ तीन रन दिए और मेहमान टीम को जीत से 15 रन दूर छोड़ दिया। पुछल्ले बल्लेबाज क्रीज पर थे, जिसका टेस फ्लिंटॉफ ने आखिरी ओवर में बखूबी बचाव किया और ऑस्ट्रेलिया ए को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दिलाई। भारत ए ने 140/8 का स्कोर बनाया।

इससे पहले एलिसा हीली ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने एक दिन पहले ही 70 रनों की तूफानी पारी खेली थी। ताहलिया विल्सन (14) और अनिका लियरॉयड (22) ने अच्छी शुरुआत की, जबकि मैडलिन पेना ने 32 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली। इसके बाद सियाना ने 7 गेंदों पर नाबाद 17 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया ए को 144/8 के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने अंत में गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया और मेजबान टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। दोनों टीमें अब बुधवार को होने वाले पहले वनडे के लिए ब्रिस्बेन जाएंगी।

# नीरज और अरशद के बीच सिलेसिया डायमंड लीग में नहीं होगा मुकाबला

## दोनो के नाम प्रवेश सूची में नहीं

मुम्बई । इस माह 16 अगस्त को पोलैंड में होने वाली सिलेसिया डायमंड लीग एथलेटिक्स स्पर्धा में भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के अरशद नदीम के बीच अब मुकाबला देखने को नहीं मिलेगा। इसका कारण है कि इस प्रतियोगित की प्रवेश सूची में इनके नाम नहीं हैं। वहीं इससे पहुले जुलाई में विश्व एथलेटिक्स ने जुलाई में कहा था कि दोनों प्रतिद्वंद्वी अगस्त 2024 में पेरिस ओलंपिक फाइनल के बाद सिलेसिया में पहले बार आमने-सामने आने वाले थे। अब संभावना है कि नीरज चोपड़ा और अरशद नदीम की अगली भिड़ंत सितंबर में टोक्यो में आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में होगी।




अरशद ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जबकि नीरज ने रजत पदक जीता। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में भाग लिया था पर वहां अरशद नहीं आये थे। वहीं इससे पहले 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक में इन दोनो का मुकाबला होना था पर भारत-पाक के बीच तनाव के कारण अरशद को उससे बाहर कर दिया गया था। पिछले महीने लंदन में अरशद नदीम की काफ सर्जरी हुई थी। इस कारण भी व कई टूर्नामेंटों से बाहर थे। अरशद नदीम के कोच सलमान बट ने बताया नदीम अब सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। नीरज इस साल अच्छे फॉर्म में रहे है। उन्होंने मई 2025 में दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90.23 मीटर का थ्रो किया था।

# रोहित-कोहली को कब तक वनडे प्रारूप में खेलना चाहिए, सौरव गांगुली ने दिया जवाब

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के एकदिवसीय रिकॉर्ड को 'असाधारण' करार देते हुए कहा कि इन दोनों दिग्गजों को 50 ओवर के प्रारूप में तब तक खेलते रहना चाहिए जब तक कि उनका प्रदर्शन अच्छा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाया गया है कि ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी वनडे दौरा हो सकता है। गांगुली ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें ऐसे किसी बात की जनकारी नहीं है। गांगुली ने कहा, 'मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता हूं।' गांगुली ने हालांकि इस बात पर जोर दिया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में प्रदर्शन सबसे महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए। उन्होंने एक कार्यक्रम के इतर कहा, 'यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वही खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकॉर्ड असाधारण है, रोहित शर्मा के साथ भी ऐसा ही है। वे दोनों सफेद गेंद की क्रिकेट (सीमित ओवरों के मैच) में असाधारण हैं।' टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूण से संन्यास ले चुके इन दोनों खिलाड़ियों ने 2027 के विश्व कप के बारे में अपनी योजनाओं को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है। भारत का एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसके मैच पर्थ, एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद दिसंबर में भारत घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा।



# एशिया कप में पाकिस्तान-भारत के बीच मुकाबले पर... औपचारिक गारंटी नहीं दे सकता

## एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर का बयान

नई दिल्ली । भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम में अप्रैल में हुए आतंकी हमले के बाद से तनाव बढ़ा हुआ है। भारत ने निर्दोष लोगों की जान का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर कर पाकिस्तान को सबक सिखाया है। दोनों के बीच छिड़े युद्ध पर भले ही विराम लग गया हो लेकिन रिश्ते अभी भी गर्त पर है। हाल में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के लीग और फिर सेमी मुकाबले से भारतीय टीम ने पाकिस्तान के साथ खेलने से मना किया। अब एशिया कप में दोनों टीमों के बीच होने वाले मुकाबले पर सवाल उठ रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दो मैच रद्द कर दिए गए क्योंकि भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना किया। इसी तरह, आगामी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच का भविष्य भी अनिश्चित है। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होना है। संभावना है कि दोनों टीमें सुपर 4 और फाइनल में भी आमने-सामने हो सकती हैं। टूर्नामेंट शुरू होने में एक माह से भी कम समय बचा है और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुब्हान अहमद ने सुझाव दिया है कि एशिया कप में दोनों टीमों का एक-दूसरे से न खेलना लगभग असंभव है। सुब्हान अहमद ने कहा, फ़हालांकि मैं औपचारिक गारंटी नहीं दे सकता लेकिन पाकिस्तान और भारत ना खेलें ऐसा कोई जोखिम नहीं दिख रहा। एशिया कप की तुलना निजी टूर्नामेंट जैसे वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स से नहीं की जा सकती, जहां भारत ने लीग स्टेज और सेमी-फाइनल दोनों में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से मना कर दिया था। दुबई और अबू धाबी को 2025 पुरुषों के टी20 एशिया कप के आधिकारिक मेजबान शहरों के रूप में पुष्टि की गईहै। टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर तक के बीच होना है। दुबई 11 मैचों की मेजबानी करेगा जिसमें फाइनल भी शामिल है।

# मैं उस मौके का फायदा उठाना चाहता था, द ओवल में अपनी 66 रनों की पारी पर बोले आकाश दीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** द ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में आकाश दीप के बल्ले ने कमाल कर दिया। चौथे नंबर पर नाइटवॉचमैन के रूप में एक मुश्किल स्थिति में उतरते हुए इस तेज गेंदबाज ने अद्भुत धैर्य और संयम का परिचय देते हुए 94 गेंदों में 12 चौकों की मदद से अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 66 रनों की पारी खेली। यशस्वी जायसवाल के साथ उनकी 107 रनों की साझेदारी निर्णायक मोड़ साबित हुई, जिससे भारत ने 5 मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली।

आकाश ने पारी के बारे में बात करते हुए एक स्पोर्ट्स चैनल पर कहा, 'अगर हम अपने खेले गए मैचों पर नजर डालें, तो एक-दो मैचों को छोड़कर, निचला क्रम ज्यादा रन नहीं बना रहा था। यह बहुत जरूरी है कि निचला क्रम नंबर 9, 10 और 11 टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए कम से कम 25-30 रन जोड़े। जब मुझे नाइटवॉचमैन के तौर पर भेजा गया, तो मैं उस मौके का फायदा उठाना चाहता था और ज्यादा से ज्यादा समय तक वहां रहना चाहता था। मेरी टीम के भले के लिए यही एकमात्र योजना थी। सुबह जब मैंने उन्हें निराश देखा, तो मुझे एहसास हुआ कि मैं यहां भी कुछ रन बना सकता हूं।' उनकी पारी का एक खास आकर्षण वह स्टाइलिश चौका था जिससे उन्होंने अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया।

यह पूछे जाने पर कि क्या यह योजनाबद्ध था या सिर्फ सहज ज्ञान, आकाश ने खुलासा किया, 'मुझे लगा कि अगर गेंद लेगसाइड पर है और हवा में ऊपर जाती है, कोई फील्डर नहीं है, तो हम वहां बाउंड्री लगा सकते हैं। योजना यह थी कि अगर गेंद लेग-स्टंप क्षेत्र में है, तो मैं उसे हवा में मारूंगा। शॉट थोड़ा गलत टाइमिंग से लगा।' अपने पहले टेस्ट अर्धशतक के साथ आकाश दीप ह्यूग ट्रम्बल, शेन वार्न, इमरान खान, कीथ मिलर और रिचर्ड हैडली के साथ एक मैच में 10 विकेट और इंग्लैंड दौरे पर अर्धशतक लगाने वाले 12वें खिलाड़ी बन गए हैं।

ओवल टेस्ट से पहले 11.48 के प्रथम श्रेणी औसत के साथ आकाश दीप इस सदी में इंग्लैंड में चौथे नंबर पर पुरुष टेस्ट अर्धशतक बनाने वाले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और शुभमन गिल के साथ चौथे भारतीय हैं। आकाश दीप ने आलोचकों को चुप करा देने वाली, युग-परिभाषित जीत में 10 विकेट लेकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। एजबेस्टन में इंग्लैंड पर 336 रनों से जीत पिछले महीने इस स्थल पर उनकी पहली टेस्ट जीत। टेस्ट मैच के दौरान आकाश ने इंग्लैंड में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्पेल डालकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया।

तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड में भारत के लिए एक मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े दर्ज करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया और चेतन शर्मा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। आकाश दीप के 10/187 के मैच के आंकड़े शर्मा के 10/188 के आंकड़े से आगे निकल गए। आकाश दीप 2011 में इसी स्थान पर इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अमित मिश्रा (84 रन) के बाद 50 से अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय नाइटवॉचमैन भी हैं। यह साझेदारी इस मौजूदा इंग्लैंड दौरे में 18वीं 100 रन की साझेदारी थी, जो इस सदी में (2000 के बाद से) किसी टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक है, इससे पहले 2003-04 में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 17 बार साझेदारी हुई थी।



## बिजनौर में दर्दनाक हादसा : पंप ठीक करने कुएं में उतरे तीन भाइयों की दम घुटने से मौत

बिजनौर (एजेंसी)। यूपी के बिजनौर जिले के सरकथल गांव में रविवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। दरअसल 20 फीट गहरे कुएं में पंप बेल्ट लगाने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आए तीन भाइयों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 25 वर्षीय छत्रपाल, 22 वर्षीय हिमांशु (चचेरा भाई) और 20 वर्षीय कशिश के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब सबसे पहले छत्रपाल कुएं में उतरा और जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए हिमांशु और कशिश भी एक-एक कर कुएं में उतरे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। गांव के एक व्यक्ति ने शोर सुनकर मदद के लिए दौड़ लगाई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में से एक ने गीला कपड़ा बांधकर रस्सी की मदद से कुएं में उतरकर तीनों को ऊपर खींचा। उन्हें तुरंत नूरपुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, परिवार ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंप खराब होना गांव में आम समस्या होती है और लोग अक्सर खुद ही मरम्मत के लिए कुएं में उतर जाते हैं, लेकिन इस हादसे ने साफ कर दिया कि बिना उचित सावधानी यह कदम जानलेवा साबित हो सकता है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**-दो कंपनियों से 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप**

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। ईडी का आरोप है कि वाड्रा ने दो कंपनियों के जरिए 58 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की, जिसका इस्तेमाल उन्होंने अचल संपत्तियां खरीदने, निवेश करने, कारोबारी कर्ज चुकाने और विभिन्न ग्रुप कंपनियों को फंड देने में किया। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, वाड्रा को कथित आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी यह रकम दो रास्तों से मिली। इसमें 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिए और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए ट्रांसफर हुए। ईडी के अनुसार जांच में सामने आया कि इन दोनों कंपनियों से प्राप्त रकम को वाड्रा ने न केवल अचल संपत्ति खरीदने और निवेश में लगाया, बल्कि अपने व्यवसायिक नेटवर्क की देनदारियां चुकाने में भी इस्तेमाल किया। ईडी का कहना है कि पूरी प्रक्रिया में मनी लॉन्ड्रिंग रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को छिपाने और वैध दिखाने की कोशिश की गई। ईडी ने कहा है, कि चार्जशीट में जुटाए गए दस्तावेजी सबूत और बैंक ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड इस कथित अवैध कमाई के स्रोत और इस्तेमाल की पुष्टि करते हैं। मामले की सुनवाई जल्द ही विशेष अदालत में शुरू होगी।

## आत्मविश्वेश्वर मंदिर में लगी आग, पुजारी समेत सात लोग झुलसे

वाराणसी (एजेंसी)। यूपी के वाराणसी में आत्मविश्वेश्वर मंदिर में आग लग गई जिसकी चपेट में आने से मंदिर के पुजारी समेत सात लोग झुलस गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब मंदिर को एक प्राचीन धर्मस्थल की तर्ज पर सजाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई जिसने देखते ही देखते पूरे मंदिर को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। आग की खबर सुनते ही लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस ने आग से झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि वाराणसी में श्री आत्मा विश्वेश्वर महादेव मंदिर में आग लगने और कई श्रद्धालुओं के झुलसने का समाचार दुखद है। बाबा काशी विश्वनाथ से हादसे में घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।

## सीएम सरमा बोले- तोज सभी घुसपैठियों को राहुल गांधी के घर भेज दो

गुवाहाटी (एजेंसी)। घुसपैठियों को लेकर कांग्रेस नरम और भाजपा हमेशा ही सख्त रही है। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद गौरव गोगोई ने हाल ही में घुसपैठियों को ना असमिया (नया असमिया) कहा था। इस पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी पर घुसपैठियों को नई पहचान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर बाहर से आए घुसपैठियों से इतना ज्यादा ही लगाव है तो उन्हें अपने घर में जगह दें या



फिर राहुल गांधी के घर पर भेज दें। इतना ही नहीं हिमंत ने अतिक्रमण के खिलाफ चल रही राज्य सरकार की जंग की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के लिए चलाया जा रहा बेदखली अभियान ऐसे ही जारी रहेगा। मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य के संसाधनों को लेकर भी अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि असम में मूल असमियों के लिए ही पर्याप्त संसाधन या जगह नहीं है, तो ऐसे में हम तथाकथित नए असमियों को कैसे जगह दे सकते हैं। उन्होंने कहा, न तो जमीन है, न जगह, न घर। हम असमियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे सकते। ऐसे में हम इन तथाकथित नए असमियों को ये सुविधाएं कैसे दे सकते हैं? गोगोई को अगर इनकी इतनी ही चिंता है, तो इन लोगों को राहुल गांधी के घर भेज देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने राज्य में घुसपैठियों को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे अतिक्रमण बेदखली अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, बेदखली अभियान जारी रहेगा। अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा सत्ता में वापस आएगी और तब भी बेदखली जारी रहेगी।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महिलाओं ने गाया बधाई गीत, योगी सरकार के ट्रस्ट पर रोक

### वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का मामला

**मथुरा, (एजेंसी)।** क्या आप सोच सकते हैं कि किसी मामले में सुप्रीम कोर्ट फैसला दे और उसके सम्मान में मंदिर में महिलाएं बधाई गीत गाएं। जी हॉं वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर मामले में ऐसा ही कुछ हुआ है। दरअसल कॉरिडोर प्रोजेक्ट और यूपी की योगी सरकार के मंदिर प्रबंधन के लिए बनाए गए ट्रस्ट का विरोध गोस्वामी परिवार और उनकी महिलाएं पिछले ढाई माह से लगातार कर रहीं थीं और अब कोर्ट ने इस पर रोक लगाकर एक तरह से उन्हें राहत प्रदान कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले तक जो महिलाएं विरोध स्वरुप प्रदर्शन कर रहीं थीं वही अब बधाई गीत गाती नजर आई हैं। मानों बांके बिहारी मंदिर का माहौल ही अचानक बदल गया है। कोर्ट का फैसला जान गोस्वामी परिवार और उनकी महिलाएं खुश हो गईं और ठाकुरजी को निहारते हुए बधाई गीत गाने लगीं, इससे



मंदिर प्रांगण का भक्तिमय माहौल भावुक पलों में तब्दील हो गया। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और भक्तों में इसकी वजह जानने की कोशिश की। इस पर वहां मौजूद महिलाएं भावुक हो कहती दिखीं, जिन्होंने हमारे ठाकुरजी को परेशान करने की कोशिश की थी, उनकी हार हुई। ठाकुरजी ने तो हमें अपने पास ही रखा...। वे सभी जयकारा लगाते हुए बोलीं...जय हो बिहारीजी की। इसी के साथ भावना से ओत-प्रात महिलाएं गाती हैं, मेरे ठाकुर जी की फूल गई फुलवाड़ीज। जिसमें अन्य भक्तजन भी शामिल होते चले जाते हैं।

यहां बताते चलें कि कॉरिडोर प्रोजेक्ट और यूपी सरकार के मंदिर प्रबंधन के लिए बनाए जाने वाले ट्रस्ट का विरोध काफी लंबे समय से किया जा रहा था। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं थीं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 8 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को रद्द किया जा रहा है। कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक लगाते हुए अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया। इसे बांके बिहारी मंदिर से जुड़े हुए लोग और भक्त बड़ी जीत बता रहे हैं और बधाई गीत गा रहे हैं।

## वकील अपनी पहचान न्याय के सूत्रधार के रूप में स्थापित करें : पूर्व सीजेआई



**छत्रपति संभाजीनगर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने वकालत कर रहे छात्रों और वकीलों को नैतिकता पर खरे उतरने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी वकीलों को अपनी पहचान न्याय के सूत्रधार के रूप में स्थापित करनी चाहिए। पूर्व सीजेआई के मुताबिक सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। खासकर कानून की पढ़ाई करने वाले अभ्यार्थी जिंदगी भर कुछ न कुछ नया सीखते हैं। वो एक स्वतंत्र विचारक होते हैं। लॉ कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकीलों के लिए न्याय सबसे पहले होना चाहिए। अगर चाहिए तो दूसरों का मार्गदर्शन जरूर लो, आपकी सोच स्वतंत्र होनी चाहिए। उनहोंने कहा कि अगर नई पीढ़ी कुछ नया सीखती है और अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहती है, तो इस क्षेत्र में आपके सामने ढेरों मौके खुले हैं। आज महिलाएं भी सुपरस्पेशलिटी और तकनीकी शाखाओं में शामिल हो रही हैं। यह बदलाव कानून के क्षेत्र में भी आना चाहिए। कानून में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। चंद्रचूड़ ने कहा कि कई छात्र छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों से आते हैं। वह न सिर्फ लॉ कॉलेज में अहम योगदान देते हैं बल्कि सफलता की नई कहानी भी बुनते हैं। बेहतर प्रैक्टिस के लिए कानून की पढ़ाई करने वाले बच्चों को लाइब्रेरी डेटाबेस मुहैया करवाना चाहिए। सीनियर्स को चाहिए कि नए वकीलों को उनके शुरुआती दिनों में सपोर्ट करें और आर्थिक रूप से उनकी मदद करें।

## तेजस्वी के आरोप हुए सच साबित: डिप्टी सीएम खुद बोले- हॉं हैं दो जगह नाम, पर हटाने का आवेदन दे चुका

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में मतदाता सूची में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का नाम दो जगह दर्ज होने को लेकर रविवार को सियासत गरमा गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि सिन्हा के पास दो ईपिक नंबर हैं और उनका नाम पटना के बांकीपुर व लखीसराय, दोनों विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में मौजूद है, साथ ही उम्र में भी अंतर है। इसे स्वीकार करते हुए डिप्टी सीएम बोले, हॉं मेरे दो जगह से नाम हैं और एक जगह से हटाने का आवेदन भी दे चुका हूं।

दरअसल इन आरोपों के चलते बिहार से लेकर दिल्ली तक की राजनीति गरमा गई है। ऐसे में आरोप लगने के कुछ ही देर बाद डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपनी सफाई भी पेश कर दी। मीडिया के समक्ष उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा, कि मेरा नाम दो जगह दर्ज है, लेकिन पटना से नाम हटाने का आवेदन पहले ही दे चुका हूं। अभी अंतिम मतदाता सूची जारी नहीं हुई है, प्रक्रिया जारी है। डिप्टी सीएम सिन्हा का कहना है, कि उन्होंने 30 अप्रैल 2024 को लखीसराय में नाम जोड़ने और



पटना से हटाने का फॉर्म भरा था, लेकिन तकनीकी कारण से नाम नहीं हट पाया। प्रारूप प्रकाशन के बाद जब परिवार ने दोबारा नाम दर्ज होने की जानकारी दी, तो उन्होंने 5 अगस्त को बीएलओ को फॉर्म-7 भरकर दिया और उसकी रिसीविंग भी ली। डिप्टी सीएम ने कहा, कि बीजेपी लोकतंत्र की प्रहरी है, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान नहीं करती। दो जगह से वोट देने की परंपरा हमारी नहीं, बल्कि इनकी है। उन्होंने तेजस्वी यादव को जंगलराज के युवराज कहते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष जनता में भ्रम फैला रहा है। डिप्टी सीएम सिन्हा के साथ मौजूद एक वकील ने स्थिति को संभालते हुए स्पष्ट किया कि नाम दो जगह आने का कारण बीएलओ प्रक्रिया की तकनीकी खामी है और अब सुधार के लिए चुनाव आयोग द्वारा एक महीने का समय दिया गया है।

## पैसा कमाने परदेस गया था बेटा बॉक्स में लौटा, बूढ़ी मां के रुक नहीं रहे आंसू

### नाइजर में 4 महीने में 8 भारतीय मजदूरों पर हुए हमले, 6 अगवा, दो की हत्या

**गोरखपुर (एजेंसी)।** बेटे परदेस गया था पैसा कमाने, लेकिन बॉक्स में लौटा। मौत के 12 दिन बाद उसकी लाश देखी। उसके सीने पर गोली मारी। दो गोली कमर पर और एक सिर में लगी थी। बोलकर गया था कि दीवाली से पहले लौट आऊंगा, लेकिन वह हमें छोड़कर चला गया। यह कहना है 63 साल की ज्ञानती देवी का। वह बेटे कृष्ण की फोटो देखकर भावुक हो जाती हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृष्ण कुमार गुप्ता पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर में काम करने गया था। 15 जुलाई को उसकी साइट पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। कृष्ण को गोली मार दी। वे यूपी के कुशीनगर का रहने वाला था। आतंकियों ने कृष्ण के साथ काम करने वाले झारखंड के गणेश करमाली को भी गोली मार दी। जम्मू-कश्मीर के रंजीत को अगवा करके ले गए। उसका अभी तक पता नहीं चला है।

बता दें नाइजर में बीते चार महीने में आठ भारतीय मजदूरों पर जानलेवा हमले हुए। इनमें छह को अगवा कर लिया गया, जबकि दो की हत्या कर दी गई। जो मजदूर बच गए, उन्हें सेना के शिविर में निगरानी में रखा गया है। ये लोग अब भारत लौटना चाहते हैं। इन हमलों के पीछे आतंकी संगठन बोको हराम का हाथ बताया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 15 जुलाई को डोसो में ट्रांसमिशन लाइन पर बिजली के खंभे लगाने का काम चल रहा था। इनमें जेसीबी ऑपरेटर कृष्ण गुप्ता, चीफ सेफ्टी अफसर रंजीत सिंह थे। रोज की तरह काम शुरू हुआ, लेकिन सुबह करीब 11 बजे बाइक से कुछ लोग आए। वह हथियारों से लैस थे। आते ही उन्होंने सिक्योरिटी में तैनात सेना के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हमले के बारे में कृष्ण गुप्ता के परिवार को सबसे पहले दिनेश कुमार ने बताया था। दिनेश बिहार के गोपालगंज के रहने वाला है। घटना वाले दिन वे भी ट्रांसमिशन लाइन पर काम कर रहा था। वे दूसरी कंस्ट्रक्शन साइट पर था, इसलिए बच गया। दिनेश इस वक्त सेना के शिविर में हैं।

बता दें नाइजर में भारतीय मजूदरों पर हुआ ये पहला हमला नहीं था। इससे पहले भी 25 अप्रैल, 2025 को तिलाबेरी इलाके में बिजली का टावर लगाते समय हथियारबंद बाइक सवारों ने कल्पतरु कंपनी के मजदूरों पर हमला किया था। तब मजदूर लंच करके साइट पर लौट रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में सेना के छह जवान घायल हुए थे। पांच भारतीय मजदूरों को हमलावर अपने साथ ले गए थे। पांचों मजदूर झारखंड के गिरिडीह जिले के दोंदलो गांव के रहने वाले हैं। नाइजर सरकार इनकी खोजबीन के लिए तिलाबेरी से लेकर डोसो तक सर्च ऑपरेशन चला रही है। ये सभी जनवरी 2025 को नाइजर गए थे। वे इस साल जुलाई में घर लौटने वाले थे। 25 अप्रैल की इस घटना के बाद 15 जुलाई को डोसो में काम कर रहे मजदूरों की हत्या कर दी गई। एक को अगवा कर लिया गया। इन घटनाओं के बाद अब चार महीने में नाइजर में आठ भारतीय मजदूरों पर हुए जानलेवा हमलों में छह किडनैपिंग और दो की हत्या के मामले सामने आए हैं।

## धराली रेस्क्यू ऑपरेशन में 1000 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया : सीएम पुष्कर धामी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि खराब मौसम के बावजूद अब तक 1000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इनमें स्थानीय नागरिकों के साथ देशभर से आए तीर्थयात्री भी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल और एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर्षिल और धराली क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री जैसे दवाएं, राशन, दूध और कपड़े पर्याप्त मात्रा में पहुंचाए गए हैं। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए उरेडा का पावर हाउस शुरू किया गया है और यूपीसीएल द्वारा तारों की मरम्मत की जा रही है। मोबाइल नेटवर्क की बहाली और दो 125 केवी जनरेटर की व्यवस्था भी की गई है। सड़क मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य तेज़ी से जारी है। गंगनानी में बेली ब्रिज का निर्माण हो रहा है और मंगलवार तक हर्षिल तक सड़क मार्ग पूरी तरह खोलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 5 लाख की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी और अगले छह महीने का राशन भी उपलब्ध कराया जाएगा। राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है जो पुनर्वास और क्षति का आकलन करेगी। सेब के बगीचों को हुए नुकसान की भी समीक्षा होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पौड़ी के अन्य प्रभावित गांवों में भी सहायता दी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर संभव सहयोग दे रही है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 जुलाई से लापता, उन्हें ढूंढने के लिए याचिका दायर करेंगे: संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 जुलाई से लापता हैं। स्वस्थ होने के बावजूद, यह बेहद चौंकाने वाला था कि उन्हें बताया गया कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन, इस्तीफे के बाद से वह कहाँ हैं, उनकी स्वास्थ्य स्थिति क्या है, क्या वह सचमुच मौजूद हैं? क्या उन्हें कहीं गायब कर दिया गया है? ये संदेह हमारे मन में आ रहे हैं। रूस और चीन में जिन नेताओं को हम नहीं चाहते, उन्हें गायब करने का यही तरीका है। क्या इन लोगों ने ऐसी परंपरा शुरू की है? यह कहना है शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत का। संजय राउत ने रविवार को मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे जब दिल्ली गए थे, तब कपिल सिब्बल और मैंने धनखड़ के बारे में चर्चा की थी। इस संबंध में, हमने निर्णय लिया है कि सर्वोच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जाए। जब कोई व्यक्ति नहीं मिल पाता है, तो ऐसी याचिका दायर की जा सकती है और न्यायालय के आदेश से संबंधित व्यक्ति का पता लगाया जा सकता है। संजय राउत ने आगे कहा, चुनाव से पहले कुछ लोगों



ने शरद पवार से मुलाकात की थी और एक निश्चित राशि देकर 160 सीटें जीतने का दावा किया था। मैं आपको यह भी बता दूँ कि ऐसे कुछ लोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान उद्धव ठाकरे से भी मिले थे। तब उद्धव ठाकरे ने उनसे साफ़ कहा था कि हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। लोकसभा में महाराष्ट्र में हमें सफलता मिली थी। बाद में, विधानसभा चुनावों के दौरान, ये लोग फिर मिले और कहा, जो 60-65 सीटें आपको मुश्किल लग रही हैं, बताइए, हम उन्हें ईवीएम से जीतेंगे। हमने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि हमें ऐसे तरीके की ज़रूरत नहीं थी। हालाँकि, उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने ईवीएम और मतदाता सूची के ज़रिए तैयारी की है, इसलिए आपकी विफलता दिखाई दे रही है। हम आपको जिता सकते हैं, ऐसा उन्होंने यह भी कहा। हमें चुनाव आयोग और लोकतंत्र पर विश्वास था। लेकिन अब मुझे लगता है कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मिलने वाले लोगों के दावों में सच्चाई होनी चाहिए।

## राहुल गांधी की वोट बचाओ अधिकार यात्रा कांग्रेस की समाप्ति की यात्रा है

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- वे चाहते हैं हम घुसपैठियों को वोट देने का अधिकार दें

**बेगूसराय (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव वोट बचाओ अधिकार यात्रा निकालने वाले हैं। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को इस यात्रा को कांग्रेस की समाप्ति की यात्रा बताया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई पर सवाल उठाने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी सेना नहीं, बल्कि पाकिस्तान पर ज्यादा भरोसा है।

सदन में पीएम मोदी के जवाब नहीं देने पर कांग्रेस द्वारा कायर बताए जाने को लेकर गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को देश की सेना पर भरोसा नहीं है। सेना के जनरल और सभी बड़े लोग बता चुके हैं, लेकिन उन्हें सेना और पीएम पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस को डूबकर मर जाना चाहिए। अगर उनकी यही आदत रही तो वे देश के अंदर ही देशविरोधी कहलाएंगे।



राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर सवाल उठाने पर गिरीराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को संविधान का ज्ञान नहीं है। वे पागल की तरह बात करते हैं। वे क्या कहना चाहते हैं कि हमें बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट का अधिकार देना चाहिए, जो अवैध हैं, उन्हें वोट का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उनमें ताकत है तो चुनाव आयोग को वह सूची क्यों नहीं दे रहे, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि जो जिंदा थे, उन्हें मृत दिखाया गया और जो सही वोटर्स थे, उन्हें सूची से निकाल दिया गया? वे सोचते हैं कि झूठ बोलते रहेंगे, तो वह सच हो जाएगा?, लेकिन झूठ हमेशा झूठ ही रहेगा। मतदाता सूची से सही लोगों को नहीं, बल्कि जिनका दो बार नाम था, सिर्फ उन्हीं का नाम हटाया गया है। मेरा नाम दो जगह था और एक जगह काटा गया? है।

## अमेरिका में नई वीजा पॉलिसी और टैरिफ नियम छात्रों के लिए बन रहे चुनौती

**-ट्रंप करते रहे मनमानी तो एशिया उच्च शिक्षा का नया वैश्विक केंद्र बन जाएगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई वीजा पॉलिसी और टैरिफ नियमों ने भारतीय छात्रों के लिए चुनौती बन गए हैं। पहले अमेरिका उच्च शिक्षा का केंद्र माना जाता था, अब वहां पढ़ाई महंगी, जटिल और जोखिम भरी हो गई है। 4 जुलाई 2025 को ट्रंप ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल के तहत अमेरिका में छात्र वीजा के लिए एफ, एम और जे श्रेणी के आवेदकों को 250 डॉलर यानी करीब 21,463 रुपए की वीजा इंटीग्रिटी फीस और 24 डॉलर यानी करीब 2,060 रुपए की आई-94 फॉर्म फीस देने का आदेश दिया है। इसके अलावा छात्रों से उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स की सार्वजनिक जानकारी मांगी जा रही है और उनकी गहन जांच की जा रही है। किसी भी प्रदर्शन या नियम उल्लंघन की स्थिति में वीजा रद्द होने का खतरा है।

नई पॉलिसी के मुताबिक छात्र वीजा की वैधता अब केवल 2 से 4 सालों तक सीमित की गई है। पहले छात्र अपनी पढ़ाई पूरी होने तक रुक सकते थे, लेकिन अब समयसीमा खत्म होने पर उन्हें एक्सटेंशन के लिए दोबारा प्रक्रिया से गुजरना होगा। वीजा इंटरव्यू की प्रतीक्षा भी अब लंबी हो गई है। चीन से आई रिपोर्ट्स बताती है कि वीजा इंटरव्यू की देरी से कई छात्र हतोत्साहित हैं और हांगकांग की यूनिवर्सिटीज में अमेरिकी ट्रांसफर रिक्वेस्ट की भरमार है।

ट्रंप प्रशासन का मकसद विदेशी छात्रों की संख्या कम करना है। कुछ छात्रों को राजनीतिक गतिविधियों के आरोप में वीजा रद्द कर देश छोड़ने को मजबूर किया गया है। कई मामलों में वीजा अपॉइंटमेंट्स अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह सख्ती अमेरिका के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। नेशनल एसोसिएशन फॉर फॉरेन स्टूडेंट्स अफेयर्स (एनएएफएसए) के मुताबिक इस फॉल सेमेस्टर में अमेरिका में विदेशी छात्रों की संख्या 30-40 फीसदी तक गिर सकती है, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अनुमानित 7 बिलियन डॉलर यानी करीब 61,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। विदेशी छात्रों पर निर्भर कॉलेज संकट में हैं।

इस बदलाव का फायदा ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया, यूएई और कजाकिस्तान जैसे देशों को मिल रहा है। ब्रिटेन अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका के बाद दूसरा पसंदीदा देश बन रहा है। यहां चीनी और अमेरिकी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। खासकर बिजनेस और मैनेजमेंट कोर्सेज की मांग बढ़ी है। एशिया के देशों में वेस्टर्न यूनिवर्सिटीज के सैटेलाइट कैंपस स्थापित हैं, जहां फीस अपेक्षाकृत कम है। हांगकांग में विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं कि यदि अमेरिका में वीजा नहीं मिलता, तो छात्र वहीं शिफ्ट हो सकते हैं।

दुबई में पिछले साल विदेशी छात्रों की संख्या 33फीसदी बढ़ी है। वहीं



कजाकिस्तान में भी अमेरिकी यूनिवर्सिटीज के कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जो खासकर चीनी और रूसी छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं। अगर ट्रंप की नीतियां जारी रहीं, तो आने वाले सालों में एशिया उच्च शिक्षा का नया वैश्विक केंद्र बन जाएगा। भारतीय छात्रों के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण समय जरूर है, लेकिन साथ ही नए अवसरों के द्वार भी खोल रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**